■ औरंगाबाद एवं बोकारो से प्रकाशित
www.navbihartime.com
■ बिहार-झारखंड का अपना अखबार

# नवबिहार टाइम्स

अपना प्रदेश, अपनी बात

वर्ष : 35, अंक : 319
पृष्ठ : 12
औरंगाबाद, बुधवार
23 अप्रैल 2025
मूल्य : 3.00 रुपये
रजि. नंबर : 52290/90

**देश और दुनिया के इतिहास में आज की प्रमुख घटनाएं**

**1981:** सोवियत संघ ने भूमिगत परमाणु परीक्षण किया।
**1984:** वैज्ञानिकों ने एड्स के वायरस के बारे में पता लगाया।
**1987:** उच्चतम न्यायालय ने विधवाओं को संपत्ति में हिस्से का निर्णय दिया।
**1992:** सत्यजित राय का निधन।
**1995:** विश्व पुस्तक दिवस मनाने की शुरुआत हुई।

**हम सबके पास गुण नहीं है लेकिन हमारे पास अवसर जरुर है उन गुणों को निखारने का।**

### मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने की 'आपका शहर आपकी बात'-बिहार में शहरीकरण के बढ़ते कदम कार्यक्रम की समीक्षा

# संवाद कार्यक्रम से शासन में और सुदृढ़ होगा नागरिकों का विश्वास

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आज 1, अण्णे मार्ग स्थित 'संकल्प' में नगर विकास एवं आवास विभाग के अन्तर्गत 'आपका शहर आपकी बात' बिहार में शहरीकरण के बढ़ते कदम कार्यक्रम की समीक्षा की। समीक्षा के दौरान नगर विकास एवं आवास विभाग के सचिव अभय कुमार सिंह ने बताया कि ईसाई धर्मगुरू पोप फ्रांसिस के निधन के कारण देश में राष्ट्रीय शोक घोषित है इसके चलते 'आपका शहर आपकी बात' कार्यक्रम अभियान का शुभारंभ 25 अप्रैल को किया जायेगा। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम की सबसे महत्वपूर्ण विशेषता यह है कि इसमें नागरिकों की सक्रिय भागीदारी को प्रोत्साहित किया जा रहा है। जिला प्रशासन एवं निकायों के अधिकारी आम जन से संवाद स्थापित कर उनकी प्राथमिकताओं एवं आवश्यकताओं को जानेंगे और विकास योजनाओं को उनके अनुसार प्राथमिकता देंगे। इस पहल से न केवल नगरों की भौतिक स्थिति में सुधार होगा, बल्कि नागरिकों का शासन में विश्वास और सुदृढ़ होगा। मुख्यमंत्री के इस दूरदर्शी विचार के अनुरूप यह अभियान शहरी जीवन की गुणवत्ता को बेहतर बनाने तथा सशक्त और समावेशी शहरी बिहार के निर्माण की दिशा में एक प्रभावी प्रयास है। ज्ञातव्य है कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के कुशल नेतृत्व में राज्य सरकार, शहरी विकास को एक समावेशी जनोन्मुखी एवं भागीदारी आधारित प्रक्रिया मानते हुए निरंतर कार्य कर रही है। इस दिशा में 'आपका शहर आपकी बात' बिहार में शहरीकरण के बढ़ते कदम कार्यक्रम का शुभारंभ



एक महत्वपूर्ण कदम होगा जिसका उद्देश्य शहरी क्षेत्री में नागरिकों को बुनियादी सुविधाएं सुलभ कराना एवं विकास कार्यों को जन सहभागिता से गति देना है। राज्य में 2006 में 123 नगर निकाय थे जो वर्ष 2025 में बढ़कर 261 हो गये हैं और बेहतर ढंग से फंक्शनल है। वर्ष 2011 की जनगणना के अनुसार राज्य की शहरी जनसंख्या 1.57 करोड़ है जो कि राज्य की कुल जनसख्या का 15.23 प्रतिशत है। इन आंकड़ों से यह स्पष्ट है कि शहरीकरण तेजी से बढ़ रहा है और इसके साथ ही नागरिक सुविधाओं की मांग भी बढ़ी है। शहरीकरण के तेजी से बढ़ते क्रम में कई ऐसे क्षेत्र चिन्हित किए गए हैं जहां नागरिकों को आवश्यक सुविधाओं जैसे आवास, सड़क, नाला, पार्क, स्ट्रीट लाइट, बहुउद्देशीय सम्राट अशोक भवन घाट, मोक्षधाम, स्टॉर्म वाटर ड्रेनेज, जलापूर्ति, शौचालय एवं सिवरेज आदि की उपलब्धता एवं उन्नयन अत्यंत आवश्यक है ताकि शहरी जीवन को सुगम और व्यवस्थित बनाया जा सके। कार्यक्रम के दौरान 'आपका शहर आपकी बात' कार्यक्रम पर आधारित एक लघु फिल्म प्रस्तुत की गई। मुख्यमंत्री ने 'आपका शहर आपकी बात' विवरणिका का अवलोकन किया और मोबाइल ऐप से सूचना संग्रहण की जानकारी ली। समीक्षा के पश्चात मुख्यमंत्री ने 1, अण्णे मार्ग में 'आपका शहर आपकी बात' जागरूकता रथ का निरीक्षण किया। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, जल संसाधन सह संसदीय कार्य मंत्री विजय कुमार चौधरी, नगर विकास एवं आवास मंत्री जिवेश कुमार, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव दीपक कुमार, विकास आयुक्त प्रत्यय अमृत, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव डॉ. एस. सिद्धार्थ, नगर विकास एवं आवास विभाग के सचिव अभय कुमार सिंह, मुख्यमंत्री के सचिव कुमार रवि, मुख्यमंत्री के विशेष कार्य पदाधिकारी गोपाल सिंह, नगर विकास एवं आवास विभाग के विशेष सचिव अनिमेश कुमार पराशर, नगर विकास एवं आवास विभाग की अपर सचिव वर्षा सिंह, नगर विकास एवं आवास विभाग के अपर सचिव विजय प्रकाश मीणा, राजीव कुमार श्रीवास्तव सहित अन्य वरीय अधिकारी उपस्थित थे।

### जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में पर्यटकों पर सबसे बड़ा आतंकी हमला

# 26 की मौत, कई घायल

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**श्रीनगर।** दक्षिण कश्मीर के प्रमुख पर्यटक स्थल पहलगाम में मंगलवार को आतंकवादियों ने कायराना हरकत की है। आतंकियों ने अंधाधुंध गोलीबारी की और 26 लोगों की जान ले ली। इस आतंकी हमले में कई लोग घायल भी बताए जा रहे हैं। हमले के तुरंत बाद सुरक्षाबलों ने इलाके की घेराबंदी कर घायलों को नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया। सेना, जम्मू-कश्मीर पुलिस और सीआरपीएफ ने आतंकियों की तलाश में सर्च ऑपरेशन शुरू कर दिया है। पहलगाम में आतंकी हमले से माहौल तनावपूर्ण हो गया है। सुरक्षाबलों की अतिरिक्त टुकड़ियां घटनास्थल पर पहुंच गई हैं। ऊंचाई वाला इलाका होने के कारण घायलों को घोड़े वालों की मदद से सड़क तक लाया गया, जहां से उन्हें




नौ एंबुलेंस से अस्पताल पहुंचाया गया है। बता दें कि हमला मंगलवार को अपराह्न करीब तीन बजे हुआ, जब आतंकवादी बैसरन घाटी में पहाड़ से नीचे उतरे और वहां पर्यटकों पर गोलीबारी शुरू कर दी। इस स्थान को लंबे हरे-भरे घास के मैदानों के कारण 'मिनी स्विट्जरलैंड' कहा जाता है। केंद्र सरकार ने इस हमले की गंभीरता को देखते हुए एनआईए को जांच की जिम्मेदारी दी है ताकि हमले की साजिश, आतंकियों के नेटवर्क और उनके विदेशी कनेक्शन की गहराई से जांच की जा सके। जम्मू-कश्मीर के अनंतनाग जिले के पहलगाम में मंगलवार को हुए आतंकी हमले में एक बेहद ही दिल दहला देना वाला वीडियो सामने आया है। वीडियो इतना भयावह है कि हम आपको दिखा नहीं सकते लेकिन जो बात वीडियो में कही गई है वो बता रहे हैं। एक महिला रोती हुई मदद मांग रही है वह वहां मौजूद किसी स्थानीय व्यक्ति से कह रही है कि आतंकी धर्म पूछ-पूछकर लोगों को गोली मार रहे थे। अनंतनाग पुलिस ने स्थिति की गंभीरता से देखते हुए कि पर्यटकों की मदद के लिए 24/7 आपातकालीन सहायता डेस्क बनाई है। पर्यटक और उनके परिजन किसी भी जानकारी के लिए 9596777669, 01932225870 और व्हाट्सएप 9419051940 पर संपर्क कर सकते हैं। इस हमले के बाद प्रधानमंत्री मोदी ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से फोन पर बातचीत की और उनसे सभी उचित कदम उठाने को कहा है। इसके साथ प्रधानमंत्री ने गृह मंत्री से घटनास्थल का दौरा करने को भी कहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ट्वीट करते हुए लिखा, 'मैं जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले की कड़ी निंदा करता हूं। जिन लोगों ने अपने प्रियजनों को खो दिया है, उनके प्रति मेरी संवेदना है। मैं प्रार्थना करता हूं कि घायल लोग जल्द से जल्द ठीक हो जाएं। प्रभावित लोगों को हर संभव सहायता प्रदान की जा रही है। इस जघन्य कृत्य के पीछे जो लोग हैं, उन्हें न्याय के कटघरे में लाया जाएगा। उन्हें बख्शा नहीं जाएगा। उनका नापाक एजेंडा कभी सफल नहीं होगा। वहीं बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुई आतंकी घटना की निंदा करते हुए कहा कि आतंक के खिलाफ पूरा देश एकजुट है। उन्होंने आतंकी हमले में पर्यटकों की मौत पर दुख जताते हुए शोक-संतप्त परिवारों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की है। मुख्यमंत्री ने घायलों के जल्द स्वस्थ होने की कामना की है।

## बीइओ की गाड़ी ने तीन युवकों को रौंदा, मौत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**सासाराम।** रोहतास जिले के नोखा थाना क्षेत्र के आरा-सासाराम स्टेट हाईवे पर सोमवार रात प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी (बीइओ) की स्कॉर्पियों से टक्कर के बाद बाइक सवार तीन युवकों की मौत हो गई। बताया जा रहा है कि तीनों दोस्त रामनगर गांव में एक शादी समारोह में शामिल होने जा रहे थे। इसी दौरान सामने से आ रही स्कॉर्पियों ने बाइक में टक्कर मार दी। हादसे के बाद बाइक के कुछ पार्ट्स बिखर गए और उसमें आग लग गई। बीइओ आनंद प्रसाद की गाड़ी को भी नुकसान पहुंचा है। फिलहाल हादसे के बाद से फरार हैं। वहीं, उनके ड्राइवर को गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस ने स्कॉर्पियो को भी जब्त कर लिया गया है। स्कॉर्पियो पर 'बीइओ दावथ' का स्टीकर लगा है। मृतकों की पहचान मुजनू गांव निवासी मंतोष कुमार (20), भुअर कुमार (18) और सजन कुमार (22) के रूप में हुई है। तीनों एक ही गांव के रहने वाले हैं। पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। स्थानीय लोगों ने बताया कि स्कॉर्पियो पर 'बीइओ दावथ' का बोर्ड लगा था। गुस्साए लोगों ने उनकी गाड़ी रोकी तो बीइओ फरार हो गए। ग्रामीणों ने सरकारी वाहन होने के कारण स्कॉर्पियो को नुकसान नहीं पहुंचाया। ग्रामीणों का आरोप है कि विभागीय वाहन अक्सर नियमों की अनदेखी करते हुए तेज गति से गाड़ी चलाते हैं। पीड़ित परिवारों और ग्रामीणों ने प्रशासन से तत्काल मुआवजे की मांग की है। घटना के बाद पूरे गांव में शोक की लहर है। नोखा थाना प्रभारी दिनेश मलाकार ने बताया कि स्कॉर्पियो को जब्त कर लिया गया है। पुलिस स्कॉर्पियो पर लगे सरकारी बोर्ड की सत्यता की जांच कर रही है। साथ ही यह भी पता लगाया जा रहा है कि वाहन में कौन-कौन सवार थे और गाड़ी किस उद्देश्य से चलाई जा रही थी।

### संक्षिप्त समाचार

#### युवक की हत्या

**भभुआ(नबिटा ब्यूरो)।** कैमूर जिले के कुदरा रेलवे स्टेशन के पास अज्ञात बदमाशों ने शौच के लिए जा रहे एक युवक को बेरहमी से पीटकर घायल कर दिया। घायल युवक की इलाज के दौरान मौत हो गई। घटना के बाद इलाके में सनसनी फैल गई है। मृतक की पहचान चेनारी थाना क्षेत्र के रेडिया गांव निवासी सरोज पासवान के 18 वर्षीय पुत्र रजनीश कुमार के रूप में हुई है। बताया जाता है कि रजनीश कुदरा थाना क्षेत्र के भैंसौड़ा गांव में रहकर राइस मिल में मजदूरी करता था।

#### युवती को चलती ट्रेन से फेंका, मौत

**भागलपुर(नबिटा ब्यूरो)।** मालदा डिवीजन के साहेबगंज-भागलपुर रेलखंड पर मंगलवार सुबह इंसानियत को झकझोर देने वाली घटना सामने आई। सबौर स्टेशन के पास अप कामाख्या एक्सप्रेस में बदमाशों ने लूटपाट के दौरान विरोध कर रही एक युवती को चलती ट्रेन से बाहर फेंक दिया। गंभीर रूप से घायल युवती को मायागंज अस्पताल लाया गया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। मृतका की पहचान खगड़िया निवासी काजल कुमारी के रूप में हुई है। वह अपने परिवार के साथ एक शादी समारोह में शामिल होने जा रही थी।

#### कांग्रेस के चार नेताओं का निलंबन वापस

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** बिहार प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश राम ने मंगलवार को पार्टी से छह वर्षों के लिए निलंबित चार नेताओं का निलंबन आदेश वापस लेते हुए उन्हें निलंबन मुक्त कर दिया। राजेश राम ने इस आशय का पत्र जारी करते हुए आशा व्यक्त की है कि निलंबन वापसी के बाद ये सभी नेता पार्टी और राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे एवं विपक्ष के नेता राहुल गांधी के न्याय के पथ पर चलेंगे। निलंबन मुक्त होने वाले नेताओं में शकीलुर रहमान, कमलदेव नारायण शुक्ल, अरुण पाठक और डॉ गौतम कुमार

## सरकारी जमीन के सत्यापन में देरी पर सीओ पर होगी कार्रवाई

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** सरकारी जमीनों के सत्यापन में देरी होने पर इसके लिए दोषी संबंधित अंचलाधिकारी (सीओ) पर कार्रवाई होगी। इस संबंध में राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग के सचिव ने स्पष्ट दिशा निर्देश जारी किया है। विभाग ने संबंधित जिलों के डीएम को इसकी लगातार मॉनीटरिंग का भी निर्देश दिया है। साथ ही सभी सीओ को निर्देश दिया गया है कि जिला मुख्यालय से भेजे गए पत्रों को पंजी में अलग से इंट्री कर उसका अवलोकन राजस्व कर्मचारी से कराते हुए उनसे हस्ताक्षर भी करा लें। इसका मकसद विकास संबंधी परियोजनाओं के लिए सरकारी जमीन उपलब्ध कराना है। जानकारी के अनुसार पिछले दिनों राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग की समीक्षा में पाया गया कि सरकारी जमीनों के करीब 26 लाख खेसरा की प्रविष्टि हुई है।

# यूपीएससी में बिहार का जलवा कायम

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** यूनियन पब्लिक सर्विस कमीशन (यूपीएससी) की तरफ से सिविल सर्विस का रिजल्ट जारी हो गया है। इस साल कुल 1090 कैंडिडेट्स को सफलता हासिल हुई है। रिजल्ट के साथ-साथ टॉपर्स लिस्ट भी जारी हुई है। यूपीएससी टॉपर लिस्ट के अनुसार एक बार फिर बिहार के छात्रों ने कमाल किया है। यूपीएससी टॉपर्स लिस्ट में टॉप 20 में तीन छात्र बिहार के ही है। यूपीएससी सिविल सर्विस में इस साल शक्ति दुबे को रैंक 1 प्राप्त हुआ है। शक्ति दुबे मूल रूप से उत्तर प्रदेश के प्रयागराज की रहने वाली हैं। इस साल बिहार के कई छात्रों को टॉपर्स लिस्ट में जगह मिली है। बिहार के रहने वाले तीन छात्र रैंक 20 में शामिल हैं। यूपीएससी सिविल सर्विस का रिजल्ट आया तो एक नाम सबसे ज्यादा मशहूर होने लगा। यह नाम है बिहार के सीतामढ़ी के रहने वाले




राज कृष्ण झा का। राज कृष्ण को यूपीएससी सिविल सर्विस में रैंक 8 प्राप्त हुआ है। वहीं बिहार के बक्सर जिले के रहने वाले हेमंत मिश्रा ने यूपीएससी परीक्षा रैंक 13 के साथ क्रैक की है। हेमंत ने पहले बीपीएससी और फिर यूपीपीसीएस जैसी बड़ी परीक्षाएं पास की है। उनका सपना यूपीएससी था और अब उन्होंने उसे भी पूरा कर लिया है। हेमंत की इस सफलता में उनके परिवार का काफी सपोर्ट रहा। इसी प्रकार बिहार के जमुई की रहने वाली संस्कृति त्रिवेदी ने यूपीएससी 2024 में शानदार सफलता हासिल की है। इससे पहले 2022 में उन्होंने यूपीएससी परीक्षा में ऑल इंडिया रैंक 352वां प्राप्त कर अपने जिले का नाम रोशन किया है। उनके पिता आनंद प्रकाश त्रिवेदी और मां सुनीता त्रिवेदी ने हर समय उनका हौसला बढ़ाया।

## दो बाइकों के बीच टक्कर में तीन युवकों की मौत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**समस्तीपुर।** अंगार घाट थाना क्षेत्र के समस्तीपुर-रोसड़ा मुख्य पथ पर राजेश्वर चौक के पास मंगलवार को दो बाइकों के बीच हुई टक्कर में तीन युवकों की मौत हो गई। मृतकों की पहचान अंगार घाट थाना क्षेत्र के डढ़िया असाधार राजेश्वर चौक निवासी दिनेश पासवान के पुत्र श्रवण पासवान, बेगूसराय के खोदावंदपुर थाना अंतर्गत मालपुर गांव निवासी उमेश पासवान के पुत्र नीरज कुमार और विभूतिपुर थाना के सुरौली शाहपुर गांव निवासी नीतीश कुमार (16) के रूप में की गई है। स्थानीय राजेश्वर चौक निवासी सोनू कुमार ने कहा कि गांव का श्रवण कुमार पल्सर से अंगार घाट की ओर जा रहा था। दूसरी तरफ से अंगार घाट की ओर से आ रही स्पलेंडर पर नीरज कुमार और नीतीश कुमार सवार थे। दोनों बाइक की रफ्तार काफी तेज थी। अंदाजा लगाया जा रहा कि 80 की स्पीड होगी। इसी बीच दोनों बाइक आपस में टकरा गई। तीनों ने हेलमेट नहीं पहनी थी। तीनों गंभीर रूप से घायल हो गए। लोगों ने डायल -112 की पुलिस की मदद से समस्तीपुर अस्पताल पहुंचाया। जहां डॉक्टर ने तीनों को मृत घोषित कर दिया। हादसे में तीनों युवकों के सिर पर गंभीर चोट लगी है। एक की दाहिने जांघ की हड्डी टूट कर बाहर निकल गई। हादसे में दोनों बाइक की परखच्चे उड़ गए। घटना की सूचना पर पहुंची अंगार घाट थाने की डायल-112 नंबर की टीम ने तीनों युवक को उठाकर पुलिस वाहन से ही सदर अस्पताल पहुंचाया। पुलिस ने परविार वालों को घटना की जानकारी दे दी है।

## एनडीए में हो रही अध्यक्ष की नियुक्ति की तैयारी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार विधानसभा चुनाव को लेकर सूबे में जारी सियासी हलचल के बीच एनडीए में पहली बार बड़ा बदलाव होने जा रहा है। भाजपा के नेतृत्व वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) में पहली बार अध्यक्ष का पद सृजित किए जाने की तैयारी हो रही है। इस पद की जिम्मेदारी भाजपा के एक वरिष्ठ नेता को सौंपी जाएगी। भाजपा सूत्रों के अनुसार पहले पार्टी का राष्ट्रीय अध्यक्ष चुना जाएगा और उसके बाद एनडीए अध्यक्ष की नियुक्ति की जाएगी। सूत्रों के अनुसार, यह अहम जिम्मा केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह या रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह जैसे कद्दावर नेताओं को दिया जा सकता है। एनडीए के एक घटक दल के नेता ने बताया कि गठबंधन को लंबे समय से एक ऐसे नेतृत्व की आवश्यकता महसूस हो रही थी, जो सभी दलों के बीच समन्वय स्थापित कर सके। एक अन्य सहयोगी दल के वरिष्ठ नेता ने बताया कि एनडीए में शामिल 41 दल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में बेहतर कार्य कर रहे हैं, लेकिन यह महसूस किया गया है कि एक वरिष्ठ नेता की आवश्यकता है। जिसके सामने सभी घटक दल अपने मुद्दे रख सकें, जिससे संवाद और तालमेल बेहतर हो सके। उल्लेखनीय है कि पहले यह भूमिका एनडीए संयोजक निभाया करते थे जो सरकार और सहयोगी दलों के बीच पुल का कार्य करते थे लेकिन पिछले 11 वर्षों से एनडीए में कोई संयोजक नहीं है। विपक्ष में रहने के दौरान यह जिम्मेदारी आखिरी बार शरद यादव के पास थी। सूत्रों के मुताबिक सहयोगी दलों ने हाल ही में भाजपा के समक्ष एक बार फिर से ऐसी व्यवस्था बहाल करने का सुझाव रखा है, जिसे भाजपा ने सकारात्मक रूप से लिया है।

## टेलर की चपेट में आने से बाइक सवार दो युवकों की मौत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बारून(औरंगाबाद)।** बारून थाना क्षेत्र के टेंगरा नहर पुल के समीप नेशनल हाईवे पर मंगलवार को चदरा लोड टेलर की चपेट में आने से बाईक सवार दो युवकों की मौत घटनास्थल पर ही हो गई। थानाध्यक्ष राम इकबाल यादव ने बताया कि मृतक की पहचान कुटुम्बा थाना क्षेत्र के मीरपुर निवासी 22 वर्षीय रौनीत कुमार और बारून थाना क्षेत्र के बहुरिया बिगहा निवरसी 22 वर्षीय बाबी देवल के रुप में हुई है। दोनों युवको की मौत टेलर की चपेट में आने से हो गई। बताया जाता है कि दोनों आपस में फूफ़ेरा-ममेरा भाई थे। प्रत्यक्षदर्शियो के अनुसार बाईक सवार दोनों युवक उर्दाना गांव की ओर से आने के बाद औरंगाबाद जाने के लिए टेंगरा सड़क को पार कर रहे थे, इसी दौरान औरंगाबाद की ओर से बारून की ओर जाने वाली तेज रफ्तार से चदरा लोड टेलर की चपेट में आ गए। इससे बाईक



चालक सड़क पर गिर कर घायल हो गया। उसे अस्पताल ले जाने के लिए जैसे ही एम्बुलेंस पर बैठाया गया वैसी ही उसकी मौत हो गई। वहीं बाईक पर बैठा बाबी टेलर के चक्के में फंस गया। टेलर काफी दूर तक बाईक और युवक को घसीटता रहा जिससे बाबी की भी मौत हो गई। देखते ही देखते स्थानीय ग्रामीणों ने सड़क को जाम कर दिया। लोगा चर्चा कर रहे थे कि नेशनल हाईवे द्वारा ओवरब्रिज बनाया जाता हो शायद यह दुर्घटना नहीं होती। पुलिस ने टेलर (नम्बर एनएल 01 ए 9719) और बाईक (बीआर 26 जेड 8473) को जब्त कर लिया है। घटना के बाद टेलर चालक फरार हो गया। पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए दोनों शवों को औरंगाबाद भेज दिया है। मौके पर एनएचआई टीम व पुलिस बलों ने किरान से टेलर को हटा जाम को समाप्त कराया।

## सड़क हादसे में छह लोगों की मौत

**सुपौल(नबिटा ब्यूरो)।** बिहार के सुपौल से दुल्हन लेकर इंदौर लौट रहे परिवार के 6 लोगों की सड़क हादसे में मौत हो गई। मध्य प्रदेश के रायसेन में भोपाल-जबलपुर रोड पर बम्होरी ढाबे के पास बंदर वाली पुलिया के पास यह हादसा हुआ। टेम्पो ट्रैक्स (तूफान गाड़ी) पहले पुलिया से टकराई, इसके बाद 10 फीट गहरी खाई में गिर गई। हादसे में दूल्हा-दुल्हन समेत 3 लोग गंभीर रूप से घायल हैं। गाड़ी में कुल 9 लोग सवार थे। एसपी पंकज कुमार पांडेय के मुताबिक, हादसे में दो महिलाओं, एक बच्ची और तीन पुरुषों की मौके पर ही मौत हो गई। शुरुआती जांच में सामने आया है कि ड्राइवर को नींद आने के कारण यह हादसा हुआ। बाड़ी एसडीपीओ अदिति सक्सेना ने बताया कि गाड़ी जबलपुर से इंदौर की ओर जा रही थी। परिवार शादी करवा कर बिहार के सुपौल जिले से लौट रहा था।

# विजयोत्सव पर वायुसेना के रिहर्सल से गूंज उठा पटना का आसमान

## जेपी गंगा पथ पर 1500 फीट की ऊंचाई पर वायुसेना के लड़ाकू विमानों और पैराग्लाइडर्स ने दिखाये हैरतअंगेज करतब

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** वीर बाबू कुंवर सिंह के विजयोत्सव पर मंगलवार को बिहार की राजधानी पटना का आसमान वायुसेना के विमानों की गर्जना और गौरव से गूंज उठा। वायुसेना के जांबाजों ने वीर कुंवर सिंह की स्मृति में भव्य एयर शो की रिहर्सल की। 23 अप्रैल को आयोजित होने वाले विजयोत्सव की तैयारी के तहत जेपी गंगा पथ पर वायुसेना के लड़ाकू विमानों और पैराग्लाइडर्स ने हैरतअंगेज करतब दिखाए। शौर्य दिवस पर बुधवार को एयर शो होगा। जेपी गंगा पथ पर 1500 फीट की ऊंचाई पर 9 लड़ाकू विमानों ने आज करतब दिखाए। सूर्य किरण एरोबेटिक टीम ने भी आसमान में अपना दमखम दिखाया। इससे पहले वायुसेना के पैराग्लाइडिंग टीम ने आसमान में बाबू वीर कुंवर सिंह की तस्वीर को लहराते हुए करतब दिखाए। बता दें कि शौर्य दिवस के दिन भारतीय वायुसेना की सूर्य किरण एरोबेटिक टीम 5 तरीके से उड़ान भरेगी और आकाश में करतब दिखाएगी। जेपी गंगा पथ (मरीन ड्राइव) पर होने वाला एयर शो करीब एक घंटे का होगा जिसमें वायुसेना के 9 लड़ाकू विमान करतब दिखाएंगे। आज के रिहर्सल का वीडियो बेहद रोमांचकारी था और बड़ी संख्या में पटनावासी जमा हुए। करीब 1500 फीट की ऊंचाई पर वायुसेना की सूर्य किरण एरोबेटिक टीम के 9 हॉक विमानों ने समन्वय, अनुशासन और शक्ति का अद्भुत प्रदर्शन किया। इससे पहले आकाशगंगा टीम के पैरा-जंपर्स ने बाबू वीर कुंवर सिंह की तस्वीर के साथ पैराशूट से उतरते हुए देशभक्ति का अलौकिक दृश्य प्रस्तुत किया। 23 अप्रैल को शौर्य दिवस के मौके पर यह ऐतिहासिक शो दो भागों में होगा। पहले 15 मिनट में पैराशूट जंपर्स आसमान में तिरंगे की आकृति बनाएंगे। इसके बाद सूर्य किरण टीम 45 मिनट तक अपनी रोमांचक फ्लाइंग स्किल्स से आकाश को रंग देगी। शो में विमानों की सटीक उड़ानें, उल्टी दिशा में करतब और अलग-अलग फॉर्मेशन दर्शकों को रोमांचित कर देंगी। इस कार्यक्रम का आयोजन भाजपा सांसद राजीव प्रताप रूडी की पहल पर किया गया है। उन्होंने कहा कि यह बिहार के लिए गर्व का क्षण है। पहली बार आजादी के बाद बिहार को सैन्य सम्मान कार्यक्रम की मंजूरी मिली है। बुधवार को कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्यमंत्री नीतीश कुमार करेंगे।

# पृथ्वी कराह रही है, हमें इसे बचाना होगा : डॉ. प्रेम कुमार

## विश्व पृथ्वी दिवस पर मंत्री ने दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश




**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** विश्व पृथ्वी दिवस के अवसर पर बिहार सरकार के वरीय मंत्री और भाजपा के वरिष्ठ नेता डॉ. प्रेम कुमार ने पर्यावरण संरक्षण को लेकर गहरी चिंता जताई है। उन्होंने कहा कि पृथ्वी का तेजी से हो रहा दोहन हमारे भविष्य के लिए गंभीर खतरा बनता जा रहा है। डॉ. प्रेम कुमार ने कहा, पृथ्वी को हरा-भरा हम सब मिलकर बनाएं, खतरे में है जिंदगी, आओ जल्द बचाएं। उन्होंने कहा कि धरती को बचाने के लिए व्यक्तिगत और सामूहिक दोनों स्तरों पर प्रयास जरूरी हैं। मंत्री ने कहा कि एक समय था जब पृथ्वी पर जल, जीवन, हरियाली, वन्य प्राणी, पहाड़, नदियां, समुद्र, खनिज और तेल संपदा प्रचुर मात्रा में थे, लेकिन भौतिक सुखों की अंधी दौड़ में हमने इन संसाधनों का अत्यधिक दोहन कर दिया है। डॉ. कुमार ने चिंता जताते हुए कहा कि आज हम पृथ्वी द्वारा एक वर्ष में उत्पन्न की जाने वाली प्राकृतिक संपदा को मात्र आठ महीने में ही खत्म कर रहे हैं। इससे स्पष्ट है कि हम अपने आने वाले पीढ़ियों के भविष्य को खतरे में डाल रहे हैं। उन्होंने कहा कि ब्रह्मांड में पृथ्वी ही एकमात्र ऐसा ग्रह है जहां जीवन संभव है। वैज्ञानिक प्रयासों के बावजूद अभी तक किसी अन्य ग्रह पर जीवन संभव नहीं हो पाया है। ऐसे में यह हमारी सामूहिक जिम्मेदारी बनती है कि हम पृथ्वी के संसाधनों का संरक्षण करें। डॉ. प्रेम कुमार ने लोगों से अपील की कि वे प्रकृति से तालमेल बैठाकर जीवनशैली अपनाएं। उन्होंने कहा केवल सरकारी योजनाओं से नहीं, आम लोगों की भागीदारी से ही धरती को बचाया जा सकता है। पेड़ लगाएं, जल बचाएं और जीवन को संतुलित बनाएं। मंत्री ने विश्व पृथ्वी दिवस के मौके पर सभी से संकल्प लेने की अपील की कि वे पर्यावरण संरक्षण को जीवन का हिस्सा बनाएं और आने वाली पीढ़ियों के लिए एक सुरक्षित और समृद्ध पृथ्वी छोड़ें।

# बिहार में नीतीश के बिना भाजपा की कोई हैसियत नहीं : पप्पू यादव

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** पूर्णिया के सांसद पप्पू यादव ने मंगलवार को कहा कि बिहार में नीतीश कुमार के बिना भाजपा की कोई हैसियत नहीं है। दिल्ली से पटना पहुंचने के बाद संवाददाताओं से बातचीत में उन्होंने भाजपा और उसके गठबंधन के सहयोगियों पर जमकर निशाना साधा। पप्पू यादव ने कहा कि महागठबंधन में नेता कौन होगा, यह अंदरूनी मसला है और इसका फैसला वरिष्ठ नेता बैठ कर करेंगे। उन्होंने भाजपा से पूछा है कि उनका मुख्यमंत्री कौन है? उन्होंने कहा कि भाजपा अपने ही घटक दलों को परेशान कर रही है। पप्पू यादव ने तंज कसते हुए कहा कि हमारे यहां(महागठबंधन) कोई मारपीट नहीं है, लेकिन भाजपा में अपने सहयोगियों को ही परेशान किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि मांझी जी और चिराग पासवान को परेशान किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि भाजपा के नेता एक ओर कांग्रेस को 'औकात' बताते हैं और दूसरी ओर सुबह-शाम राहुल गांधी का नाम जपते रहते हैं। राहुल गांधी के बगैर भाजपा का कोई अस्तित्व नहीं है। पप्पू यादव ने कहा कि नीतीश कुमार के बिना भाजपा की बिहार में कोई हैसियत नहीं है। आज तक भाजपा अकेले कितनी सीटें लाई है? क्या बिना सहयोगियों के भाजपा जिंदा रही है? बालासाहेब ठाकरे नहीं होते, तो भाजपा का कोई अस्तित्व ही नहीं होता। पप्पू यादव ने चिराग पासवान को लेकर भी टिप्पणी करते हुए कहा कि हम पहले से कहते आए हैं कि एससी/एसटी या ओबीसी में से कोई मुख्यमंत्री बने, इसमें क्या दिक्कत है? लेकिन भाजपा इन वर्गों को केवल इस्तेमाल करती है, उन्हें सशक्त नहीं बनाना चाहती। पप्पू यादव ने कहा कि भाजपा में चिराग पासवान का इस्तेमाल किया जा रहा है। चिराग पासवान को हनुमान हनुमान बोल बोलकर उनका इस्तेमाल किया गया है। उनके परिवार को भाजपा ने तोड़ दिया। उन्होंने कहा कि भाजपा का एजेंडा एससी एसटी ईडब्लूसी को आगे बढ़ाना नहीं है, उन्हें गुलाम बनाकर रखा है। उन्होंने भाजपा के नेताओं पर जातीय सम्मेलन आयोजित कर राजनीतिक रोटियां सेंकने का आरोप लगाते हुए कहा कि ये लोग समाज को बांटने का काम कर रहे हैं, सिर्फ अपने फायदे के लिए। ये लोग यूज एंड थ्रो करते हैं। पप्पू यादव ने आरोप लगाया कि भाजपा वालों को सुप्रीम कोर्ट पर भी भरोसा नहीं है। ये लोग कोर्ट पर भी सवाल उठाते हैं और मुख्य न्यायाधीश तक को निशाने पर ले लेते हैं। उन्होंने निशिकांत दुबे पर हमला बोलते हुए कहा कि निशिकांत दुबे लोकसभा के बाहर और भीतर दलाली करते हैं, उनकी संपत्ति की जांच होनी चाहिए। इन नेताओं की संपत्ति की जांच कर उसे जब्त करनी चाहिए।

# अब उपमहापौर को भी मिलेंगी महापौर जैसी सुविधाएं, मिलेंगे वाहन से लेकर स्टाफ तक

## नगर विकास एवं आवास विभाग मंत्री जिवेश कुमार ने जारी किया आदेश

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** नगर निगमों और नगर परिषदों में उपमहापौरों को अब महापौर की तरह सभी जरूरी सुविधाएं मिलेंगी। नगर विकास एवं आवास विभाग ने इस संबंध में आदेश जारी कर दिया है। इसके तहत उपमहापौरों और उप मुख्य पार्षदों को अब वाहन, कार्यालय कक्ष, जरूरी उपकरण और कार्यालय सहायक (परिचारी) उपलब्ध कराए जाएंगे। नगर विकास एवं आवास मंत्री जिवेश कुमार ने कहा है कि उपमहापौरों की यह लंबे समय से मांग रही है कि उन्हें भी वाहन की सुविधा दी जाए ताकि योजनाओं की निगरानी और क्रियान्वयन में वे ज्यादा प्रभावी भूमिका निभा सकें। अब सरकार ने उनकी यह मांग मान ली है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार शहरी क्षेत्रों में लोगों को बेहतर और आधुनिक सुविधाएं देने के लिए लगातार काम कर रही है। ऐसे में चुने गए जनप्रतिनिधियों को आवश्यक संसाधनों से लैस करना जरूरी हो गया था। मंत्री ने यह भी कहा कि उपमहापौरों को वाहन की सुविधा मिलने से वे योजनाओं की जांच और निगरानी में सक्रिय भूमिका निभा सकेंगे। इससे योजनाओं को समय पर और बेहतर ढंग से पूरा करने में मदद मिलेगी। आदेश में यह स्पष्ट किया गया है कि जिन नगर निकायों में अब तक उपमहापौरों को कार्यालय, उपकरण और स्टाफ की सुविधा नहीं मिली थी, उन्हें अब यह सब मुहैया कराया जाएगा। मंत्री के अनुसार चूंकि राज्य के नगर निगमों और परिषदों का क्षेत्रफल काफी बड़ा है, ऐसे में उपमहापौरों को आवाजाही के लिए वाहन की सुविधा देना बेहद जरूरी था। बिहार नगरपालिका अधिनियम के अनुसार महापौर या मुख्य पार्षद की अनुपस्थिति में उपमहापौर/उप मुख्य पार्षद ही उनके कर्तव्यों और शक्तियों का निर्वहन करते हैं। साथ ही वे सशक्त स्थायी समिति के पदेन सदस्य भी होते हैं। ऐसे में उन्हें प्रशासनिक कार्यों के संचालन के लिए सभी आवश्यक संसाधन देना सरकार की जिम्मेदारी बनती है। विभाग ने निर्देश दिया है कि उपमहापौरों को वाहन की सुविधा संबंधित जिला पदाधिकारी द्वारा निर्धारित दर पर उपलब्ध कराई जाए। इससे न केवल उनकी कार्यक्षमता बढ़ेगी, बल्कि शहरी प्रशासन की गति भी तेज होगी।

# बाबू वीर कुंवर सिंह की जयंती को सरकार शौर्य दिवस के रूप में मनायेगी : सम्राट चौधरी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा कि 1857 के महान स्वाधीनता सेनानी वीर कुंवर सिंह की जयंती को सरकार शौर्य दिवस के रूप में मनायेगी। इस अवसर पर पटना में दो दिन के एयर शो का शुभारम्भ मंगलवार को वायुसेना के विमानों ने किया। बुधवार यानी 23 अप्रैल का मुख्य कार्यक्रम ऐतिहासिक होगा। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार और रक्षा मंत्रालय के सहयोग से पटना में लडाकू विमानों का रंगारंग एयर शो पहली बार हो रहा है और इसके साथ ही पहली बार कुंवर सिंह जयंती समारोह की भव्यता को आसमान पर पहुंचाया जा रहा है। सम्राट चौधरी ने कहा कि एयर शो के पहले दिन मंगलवार को वायुसेना के बिहटा एयर बेस से उड़ान भरने वाले नौ सूर्य किरण विमानों का हैरतअंगेज करतब 40 से अधिक स्कूलों के सैकड़ों बच्चों ने देखा जिससे उनमें देशभक्ति और वीरता की भावना का संचार हुआ। उन्होंने कहा कि एयर शो के 23 अप्रैल के मुख्य समारोह में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार शामिल होंगे। उपमुख्यमंत्री चौधरी ने बताया कि बुधवार के एयर शो में आकाशगंगा की टीम तिरंगे के साथ कुंवर सिंह की तस्वीर लेकर आकाश में सलामी देगी। यह पहला मौका है जब बिहार की धरती पर वायुसेना के माध्यम से वीर कुंवर सिंह को हवाई सलामी दी जाएगी। ईसाई धर्म गुरु पोप के निधन पर राष्ट्रीय शोक होने के कारण किसी तरह का उद्घाटन कार्यक्रम नहीं होगा, लेकिन भारतीय वायुसेवा की सूर्य किरण एरोबेटिक टीम द्वारा 9 हॉक 132 जेट विमानों के साथ भव्य प्रदर्शन करेंगे।

# संविधान बचाओ अभियान को लेकर राजेश राम ने की वरिष्ठ नेताओं के साथ बैठक




**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

पटना। बिहार कांग्रेस के मुख्यालय सदाकत आश्रम में प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं के साथ प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश राम ने महत्वपूर्ण बैठक की जिसमें पार्टी की 25 अप्रैल से लेकर 30 मई तक संचालित होने वाली संविधान बचाओ अभियान के तहत राज्य, जिला, प्रखंड और विधानसभा स्तर पर कार्यक्रम एवं घर घर संपर्क अभियान संचालित करने को लेकर अहम चर्चा हुई। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश राम ने संविधान बचाओ अभियान राष्ट्रीय अभियान कैलेंडर और क्रियान्वयन को लेकर महत्वपूर्ण बैठक में कई विषयों और कार्यक्रम को लेकर विस्तृत चर्चा की। प्रदेश अध्यक्ष राजेश राम ने कहा कि देश के संविधान, लोकतांत्रिक संस्थाओं और सामाजिक आर्थिक न्याय के आदर्शों पर मोदी सरकार द्वारा सीधे और सुनियोजित तरीके से हमले किए जा रहे हैं। इसको लेकर कांग्रेस पार्टी ने अहमदाबाद में आयोजित राष्ट्रीय अधिवेशन में 40 दिवसीय राष्ट्रीय आंदोलन में संविधान बचाओ अभियान को गति देने के लिए विभिन्न कार्यक्रम के क्रियान्वयन करेगी। पहले चरण में सभी वरिष्ठ नेताओं, मंच और मोर्चा के नेताओं और पदाधिकारियों के साथ प्रदेश कांग्रेस में मुख्यालय में बैठक संपन्न हुई। इसके उपरांत राज्य स्तरीय संविधान बचाओ रैली, दूसरे चरण में जिला स्तरीय संविधान बचाओ रैली, विधानसभा स्तरीय संविधान बचाओ रैली और घर-घर संपर्क अभियान कार्यक्रम का क्रियान्वयन को लेकर बातचीत हुई और रूपरेखा तैयार किया गया। 25 अप्रैल से 30 मई तक यह कार्यक्रम संचालित होगा। प्रदेश कांग्रेस को संविधान बचाओ की एक वर्षीय पदयात्रा कार्यक्रम को लेकर रूपरेखा की तैयारी की भी बात कही गई। बैठक में विधान परिषद में कांग्रेस दल के नेता डा. मदन मोहन झा, ए.आई.सी.सी. के सचिव, तौकीर आलम, अफाक आलम, मोती लाल शर्मा, कृपानाथ पाठक, प्रेमचन्द्र मिश्रा, विधान पार्षद डा. समीर कुमार सिंह, नरेन्द्र कुमार, संजीव प्रसाद टोनी, वीणा शाही, विधायक इजहारूल हुसैन, मुन्ना तिवारी, आनन्द शंकर सिंह, संतोष कुमार मिश्र, अजय कुमार सिंह, कपिलदेव प्रसाद यादव, राजीव कुमार, राजेश राठौड़, ब्रजेश प्रसाद मुनन, अजय चौधरी, जमाल अहमद भल्लू, बंटी चौधरी, नागेन्द्र कुमार विकल, राज कुमार राजन, प्रभात कुमार सिंह, डा. अजय कुमार सिंह, सुनीता देवी, गजानन्द शाही, राजेश कुमार सिंन्हा, सौरभ सिन्हा, मो. खान अली, शरवत जहां फातमा, गुंजन पटेल, अरविन्द लाल रजक, शिशिर कौंडिल्य, निधि पांडेय, कमलदेव नारायण शुक्ला, हसीब अनवर, उमेश कुमार राम, मनोज शर्मा, राशीद फाकरी, मृगेन्द्र कुमार सिंह, दुर्गा गुप्ता, वसी अख्तर, संतोष श्रीवास्तव, परवेज अहमद, पंकज यादव, रंजीत यादव, अरविन्द चौधरी, कुंदन गुप्ता, सिद्धार्थ क्षत्रिय, प्रदुम्न कुमार यादव, वैद्यनाथ शर्मा, साधना देवी रजक सहित अन्य नेता मौजूद थे।

# सुषमा सिंह को मिला संस्कृत में स्वर्ण पदक



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** नालंदा खुला विश्वविद्यालय की संस्कृत छात्रा, उच्चतर माध्यमिक विद्यालय विशुनपुर, मड़वन, मुजफ्फरपुर की संस्कृत शिक्षिका एवं आधुनिको भव संस्कृतं वद अभियान की ओर से संचालित संस्कृत सम्भाषण शिविर में महत्वपूर्ण योगदान देनेवाली सुषमा सिंह को बिहार के राज्यपाल मो आरिफ खान के करकमलों द्वारा आयोजित नालंदा खुला विश्वविद्यालय दीक्षांत समारोह में संस्कृत विषय में स्वर्ण पदक मिला। सुषमा सिंह ने इस उपलब्धि का श्रेय अपने गुरु डॉ मुकेश कुमार ओझा दिया। डा मुकेश कुमार ओझा ने भी अपनी शिष्या को इस उपलब्धि के लिए स्मृति चिन्ह से सम्मानित किया एवं भविष्य में सफल होने की कामना की। पिता सोहन प्रसाद सिंह, पति अजय सिंह, रजनीश रंजन, विद्यालय के प्राचार्य रजनीश कुमार, यशवंत कुमार, राम नरेश सिंह, किरण ओझा, उग्र नारायण झा आदि अनेक लोगों ने हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं व्यक्त किए। विहार संस्कृत संजीवन समाज एवं आधुनिको भव संस्कृतं वद अभियान में खुशी की लहर है।

# सातवें पोषण पखवाड़े का समापन

## पूर्णिया जिला रहा अव्वल, नालंदा दूसरे स्थान पर

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार में 8 अप्रैल से शुरू हुए सातवें पोषण पखवाड़ा का मंगलवार को समापन हुआ। इस दो सप्ताह की अवधि में राज्यभर में पोषण, स्वास्थ्य और स्वच्छता को लेकर एक व्यापक जन-जागरूकता अभियान चलाया गया। इस पहल का उद्देश्य खासतौर पर बच्चों, किशोरियों और गर्भवती महिलाओं को कुपोषण से बचाने और संतुलित आहार के प्रति जागरूक करना रहा।

**पोषण पखवाड़ा के दौरान पूर्णिया रहा अव्वल**

अब तक जारी आंकड़ों के मुताबिक पोषण पखवाड़ा के दौरान पूर्णिया अव्वल रहा जहां जिले में सर्वाधिक गतिविधि दर्ज की गई। पूर्णिया में पोषण पखवाड़ा के दौरान सबसे अधिक 106% एक्टिविटी दर्ज की गई। वहीं दूसरे स्थान पर नालंदा रहा जहां कुल 3414 आंगनबाड़ी केन्द्रों में 89% गतिविधि देखने को मिली। वहीं तीसरे स्थान पर मधेपुरा रहा जहां कुल गतिविधि 88% रही। चौथे स्थान पर बिहार का कैमूर जिला रहा जहां 1769 आंगनबाड़ी केन्द्रों में 78% एक्टिविटी देखने को मिली। पांचवें स्थान की बात करें तो सहरसा के 2090 आंगनबाड़ी केन्द्रों पर 78 प्रतिशत गतिविधि दर्ज की गई। राज्य के कुल 1,15,013 आंगनबाड़ी केन्द्रों में औसतन 65% गतिविधियां दर्ज हुईं जो इस अभियान की व्यापकता को दर्शाता है।

**चलाया गया जागरूकता कार्यक्रम**

इस अवधि में गांवों, आंगनबाड़ी केंद्रों और स्कूलों में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। जीवन के पहले 1000 दिनों में पोषण के महत्व, एनीमिया की रोकथाम, हाथ धोने की सही विधि और पौष्टिक आहार की जानकारी दी गई। बच्चों ने पोषण रैलियां निकाली। पोस्टर और ड्राइंग प्रतियोगिताओं में भाग लिया और स्कूल परिसरों में पोषण वाटिकाएं तैयार की।

**गर्भवती महिलाओं को दी गई 'पोषण की पोटली'**

गर्भवती महिलाओं को 'पोषण की पोटली' देकर गोद भराई की रस्म निभाई गई। उन्हें घरेलू पौष्टिक रेसिपी, किचन गार्डन और प्रसवपूर्व पोषण के बारे में जानकारी दी गई। साथ ही प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना और मुख्यमंत्री कन्या उत्थान योजना से संबंधित लाभों से भी अवगत कराया गया। इस दौरान ग्रामीणों ने स्वस्थ जीवनशैली और संतुलित आहार अपनाने की शपथ ली। पोषण पखवाड़ा की गतिविधियों की ऑनलाइन मॉनिटरिंग की गई और पोषण डैशबोर्ड के माध्यम से हर स्तर पर निगरानी रखी गई।

# जैन धर्मावलंबियों ने मुनि सुब्रतनाथ का ज्ञान कल्याणक भक्ति एवं श्रद्धा से मनाया



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** जैन समाज द्वारा श्रीपार्श्वनाथ दिगम्बर जैन मंदिर, कदमकुआं सहित मीठापुर, मुरादपुर, कमलदह एवं अन्य जैन मंदिरों में जैन धर्म के बीसवें तीर्थंकर मुनि सुब्रतनाथ का ज्ञान कल्याणक भक्ति एवं श्रद्धा से मनाया। जैन समाज के एम पी जैन ने बताया कि इस अवसर पर जैन समाज के लोगों ने मुनि सुब्रतनाथ की पूजा-अर्चना की और उनके जीवन एवं उपदेशों को याद किया। मुनि सुब्रतनाथ के ज्ञान कल्याणक के अवसर पर अभिषेक, शांतिधारा एवं पूजा के बाद उनके जीवन एवं उपदेशों को याद करने और उनके संदेशों को अपने जीवन में लागू करने के बारे में बताया गया। इस अवसर पर कदमकुआं, मीठापुर, मुरादपुर, कमलदह आदि दिगंबर जैन मंदिरों में अभिषेक, शांतिधारा एवं मंगल आरती किया गया। श्री पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन मंदिर में अभिषेक, पूजा जिनेश जैन एवं अन्य द्वारा तथा मुरादपुर जैन चैत्यालय में अभिषेक शांतिधारा सुबोध फंटी ने किया। मौके पर बिहार राज्य दिगम्बर जैन तीर्थ क्षेत्र कमिटी के सचिव पराग जैन ने बताया कि मुनि सुब्रतनाथ का जन्म राजगीर में हुआ था।

# विश्व पृथ्वी दिवस पर पटना विश्वविद्यालय परिसर में पक्षियों के लिए 100 सकोरा लगाने की मुहिम शुरू



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** विश्व पृथ्वी दिवस के अवसर पर एनवायरनमेंट वारियर्स तथा हमारी गौरैया के संयुक्त तत्वावधान में मंगलवार को पटना विश्वविद्यालय के एनआईटी कैम्पस, दरभंगा हाउस, पटना कॉलेज, भूगोल विभाग, जंतु विज्ञान विभाग, वनस्पति विज्ञान विभाग, गणित विभाग, रसायनशास्त्र विज्ञान विभाग आदि स्थानों पर पक्षियों तथा जानवरों के पानी तथा दाना की व्यवस्था की गई। इसके लिए विश्वविद्यालय तथा महाविद्यालयों के परिसर में दानाघर तथा पानी के लिए सकोरा लगाया गया। मौके पर छात्रों ने पर्यावरण को बचाने का संकल्प भी लिया। एनवायरनमेंट वारियर्स के निदेशक निशांत रंजन ने कहा कि वैसे तो सालों भर पशु-पक्षियों को जल की आवश्यकता होती है, लेकिन गर्मियों में पशु-पक्षियों के समक्ष पानी की बड़ी समस्या उत्पन्न हो जाती है। पिछले वर्ष बढ़ते तापमान के कारण कई जगहों पर पक्षियों के डिहाइड्रेशन होने के कारण गिरने की घटना सामने आई थी, इसके वजह से कई पक्षियों ने अपनी जान गंवाई थी। इसी समस्या के समाधान के लिए हमारी टीम ने पटना विश्वविद्यालय परिसर तथा राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान, पटना में 100 तथा अन्य क्षेत्र में 100 पानी के सकोरे एवं दाना घर लगाने का कार्य कर रही है। इसका शुभारंभ विश्व पृथ्वी दिवस के अवसर पर पटना विश्विद्यालय कैम्प्स से किया गया। इस कार्य का नेतृत्व ऋषि कांत आर्य, निश्चल कुमार, प्रियांशु रंजन, प्रिया सिंह के साथ मिल कर रहे हैं। मौके पर टीम की अध्यक्ष अदिति रॉय, दिग्विजय कुमार आदि उपस्थित थे। वहीं हमारी गौरैया के संयोजक संजय कुमार ने कंकड़बाग में बच्चों से पानी का सकोरा पक्षियों के लिए रखवाया और रोज पानी रखने का वायदा करवाया।

# बिहटा में भव्य दिव्य मंगल कलश यात्रा निकाली गई

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बाबा बीटेश्वर नाथ मंदिर से पश्चिम बिहटा उच्च विद्यालय के सामने लई रोड बिहटा, पटना में श्री शिव महापुराण कथा ज्ञान यज्ञ को लेकर लई रोड, बिहटा मंगलवार को भव्य मंगल कलश यात्रा निकाला गया। यह यात्रा शांति, सद्भाव और आध्यात्मिकता के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से की गई। इस मंगल कलश यात्रा में 1101 महिलाएं एवं कुमारी कन्याएं व चार रथ, गाजे बाजे के साथ काफी संख्या में श्रद्धालुओं ने पूरे उत्साह के साथ भाग लिया। कलश यात्रा का प्रारंभ सर्व श्री आशुतोष महाराज जी के शिष्य स्वामी यादवेंद्रानंद, स्वामी सुकमार्नंद, संजय सिंह, वीरेंद्रानन्द, अरुण कुमार, महेश, मुख्य यजमान श्री नीरज कुमार, श्री मंटू कुमार, छोटन सिंह, नीरज जी , त्रिलोकी सिंह ने झंडा दिखा कर किया। कलश यात्रा कथा स्थल से राघोपुर, बाजार समिति, बिजली ऑफिस मोड़ जिनपुरा रोड, चीनी मिल, बिहटा स्टेशन रोड होते हुए पुनः कथा स्थल पहुंची।

# रक्षा पेंशनरों की पेंशन संबंधी समस्याओं के समाधान के लिए समाहरणालय बक्सर में स्पर्श




**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** रक्षा लेखा नियंत्रक हिमांशु शंकर, भा.र.ले. से के निर्देशानुसार रक्षा पेंशनरों यथा भूतपूर्व सैनिक, वीर नारी एवं विरांगनाओं के पेंशन विसंगतियों के समाधान हेतु स्पर्श जागरूकता कार्यक्रम का सफल आयोजन, समाहरणालय बक्सर के सभागार में किया गया जिसमें विभाग के रक्षा लेखा उप नियंत्रक विजय कुमार, भा.र.ले. से, के नेतृत्व में रक्षा लेखा नियंत्रक पटना तथा रक्षा लेखा प्रधान नियंत्रक (पेंशन) प्रयागराज से आए हुए अधिकारियों/कर्मचारियों ने पेंशनरों एवं उनके आश्रितों के पेंशन संबंधी विसंगतियों का सफलतापूर्वक निपटारा किया। कार्यक्रम की शुरूआत जिलाधिकारी अंशुल अग्रवाल, भा.प्र.से. एवं विजय कुमार, उप-नियंत्रक के उद्बोधन से हुई। कार्यक्रम को सफल बनाने में जिला सैनिक कल्याण बोर्ड के अधिकारी एवं कर्मचारियों, बिहार राज्य पूर्व सैनिक संघ बक्सर एवं आइ.इ. एस. एम बक्सर का सहयोग सराहनीय रहा। जिला प्रशासन के तरफ से उपस्थित बरिष्ठ उप-समाहर्ता अजय कुमार, बि. प्र. से को आभार व्यक्त करते हुए कार्यक्रम का समापन किया गया। कार्यक्रम में बक्सर जिले से काफी संख्या में रक्षा पेंशनरों ने भाग लिया एवं इसका लाभ उठाया तथा रक्षा लेखा नियंत्रक पटना द्वारा इस कार्यक्रम का आयोजित करने के लिए आभार व्यक्त किया एवं आग्रह किया की इस तरह के कार्यक्रम का आयोजन भविष्य में भी समय-समय पर किया जाए।

# आज होगा श्री कमलदह जी दिगम्बर जैन सिद्ध क्षेत्र में मानस्तम्भ वेदी शुद्धि एवं प्रतिमा विराजमान

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** आज होगा श्री कमलदह जी दिगम्बर जैन सिद्ध क्षेत्र में पटना का पहला भव्य मानस्तम्भ वेदी शुद्धि एवं प्रतिमा विराजमान कार्यक्रम। यह जानकारी बिहार स्टेट दिगम्बर जैन तीर्थ क्षेत्र कमिटी के मानद मंत्री पराग जैन ने देते हुए बताया कि यह कार्यक्रम प्रातः 06:30 बजे से कमलदह मंदिर में प्रारंभ होगा। पराग जैन ने कहा कि यह आयोजन परम पूज्य आचार्य श्री 108 विशुद्धसागर जी महाराज के मंगल आशीर्वाद तथा परम पूज्य मुनि श्री सुप्रभसागर जी महाराज (ससंघ) की दिव्य प्रेरणा से संपन्न होगा। यह पूरा आयोजन बाल ब्रह्मचारी साकेत भैया जी सोलापुर, महाराष्ट्र के निर्देशन में किया जाएगा। इस शुभ अवसर पर दक्षिण भारतीय शैली में नवनिर्मित 21 फुट ऊंचे विशाल मानस्तम्भ की वेदी शुद्धि एवं प्रतिमा स्थापना विधिपूर्वक की जाएगी। सेठ सुदर्शन स्वामी की मोक्ष कल्याणक भूमि पर यह आयोजन अत्यंत श्रद्धा, भक्ति एवं आध्यात्मिक ऊर्जा से परिपूर्ण होगा। इस संबंध में एम पी जैन ने बताया कि इस पुण्य अवसर पर सैकड़ों की संख्या में जैन श्रद्धालुगण उपस्थित होकर धर्मलाभ करेंगे। कार्यक्रम का आयोजन बिहार स्टेट दिगम्बर जैन तीर्थ क्षेत्र कमिटी के अंतर्गत श्री कमलदह जी दिगम्बर जैन सिद्ध क्षेत्र पटना द्वारा किया जाएगा।

# हाइवे से कनेक्ट होगा दुर्गावती जलाशय, डीएम ने लिया जायजा



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**भभुआ।** कैमूर जिले के अंतर्गत भारतमाला परियोजना वाराणसी रांची कोलकाता एक्सप्रेसवे पर इको टूरिज्म की दृष्टिकोण से मौजे रामपुर में अतिरिक्त संपर्क पथ के संभावनाओं के मद्देनजर जिला पदाधिकारी द्वारा आज स्थलीय निरीक्षण किया गया। विदित हो कि इस संबंध में स्थानीय ग्रामवासियों द्वारा कैमूर जिले के रामपुर मौजा अंतर्गत 72वें किलोमीटर पर अतिरिक्त संरेख देने का मांग किया जा रहा है। वर्तमान में भारतमाला परियोजना के तहत जनपद कैमूर में 26वें किलोमीटर पर मौजा सिहोरिया तथा 53वें किलोमीटर पर मौजा शिवो में सम्पर्क पथ प्रस्तावित है। ग्रामीणों की मांग है कि कैमूर जिला अंतर्गत दुर्गावती जलाशय पर्यटन की दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण स्थल है। इस क्षेत्र में पर्यटन की असीम संभावनाओं के मद्देनजर बिहार सरकार द्वारा दुर्गावती जलाशय को एक टूरिज्म हॉटस्पॉट के रूप में विकसित करने हेतु बजट का उपबंध भी किया गया है। ग्रामीणों का कहना है कि यह आवश्यक है कि दुर्गावती जलाशय तक सुविधाजनक पहुंच बनाने की समुचित व्यवस्था हो। भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के वर्तमान प्रस्तावित डिजाइन से दुर्गावती जलाशय तक पहुंचने में कठिनाई एवं अधिक दूरी हो रहा है। यदि भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के द्वारा कैमूर जिला अंतर्गत 72वें किलोमीटर पर मौजा रामपुर के पास जो कुदरा चेनारी पद पर स्थित है, एक अतिरिक्त संपर्क पथ का निर्माण कर दिया जाता है तो इससे पर्यटकों की सीधी पहुंच दुर्गावती जलाशय तक हो जाएगा और उन्हें अनावश्यक कठिनाइयों का सामना भी नहीं करना पड़ेगा। इससे बिहार में एकमात्र इको टूरिज्म केंद्र का विकास करने तथा पर्यटकों को आकर्षित करने में आसानी होगी। ग्रामीणों की मांग के मद्देनजर जिलाधिकारी ने आज मौजा रामपुर के 72वें किलोमीटर के पास अतिरिक्त संपर्क पथ के निर्माण के संभावनाओं का स्थलीय निरीक्षण किया। मौके पर भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के प्रोजेक्ट डायरेक्टर द्वारा भारतमाला के डिजाइन और नक्शे से जिला अधिकारी को अवगत कराया गया। उन्होंने प्रोजेक्ट डायरेक्टर को निर्देश दिया कि पर्यटन के संभावनाओं को विकसित करने की दृष्टिकोण से अतिरिक्त एलाइनमेंट के संभावनाओं एवं तकनीकी पहलुओं पर विस्तृत विचार-विमर्श कर जल्द ही रिपोर्ट प्रतिवेदन जमा करें ताकि इस संबंध में उचित निर्णय लिया जा सके। मौके पर प्रोजेक्ट डायरेक्टर, जिला भू अर्जन पदाधिकारी, अपर भू अर्जन पदाधिकारी, अंचलाधिकारी सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद थे।

## डिहरी एसडीएम की पत्नी ने यूपीएससी में मारी बाजी, 76वीं रैंक हासिल



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**सासाराम।** संघ लोक सेवा आयोग की सिविल सेवा परीक्षा 2024 का फाइनल परिणाम गुरुवार को घोषित कर दिया गया। इस बार जिले के लिए गर्व की बात यह रही कि डिहरी के एसडीएम व आईएएस अधिकारी सूर्य प्रताप सिंह की पत्नी कल्पना रावत ने इस प्रतिष्ठित परीक्षा में 76वीं रैंक हासिल कर मिसाल कायम की है। मूल रूप से हरियाणा के सोनीपत की रहने वाली कल्पना रावत ने यह सफलता अपने तीसरे प्रयास में प्राप्त की है। उन्होंने बताया कि इस सफर में उनके पति सूर्य प्रताप सिंह का मार्गदर्शन सबसे बड़ा संबल रहा। उनके सहयोग और प्रेरणा से ही यह सपना पूरा हो पाया। कल्पना ने वर्ष 2024 में परीक्षा दी थी, जिसमें उनका इंटरव्यू मार्च 2025 में हुआ। परीक्षा परिणाम आने के बाद परिवार में खुशी का माहौल है। कल्पना ने बताया कि कठिन परिश्रम, धैर्य और सही दिशा में की गई मेहनत से ही यह मुकाम हासिल किया जा सकता है। उन्होंने युवाओं को संदेश देते हुए कहा कि सिविल सेवा की तैयारी में आत्मविश्वास और अनुशासन बेहद जरूरी हैं। असफलताओं से घबराने की बजाय उनसे सीख लेकर आगे बढ़ना चाहिए। जिले के प्रशासनिक हलकों में भी इस सफलता की चर्चा जोरों पर है।

# बिहार में नहीं चलेगी यूपी की राजनीति : संगीता कुमारी

### मोहनियां की विधायक ने राज्यसभा सांसद रामजी गौतम को घेरा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**मोहनियां (कैमूर)।** बहुजन समाज पार्टी (बसपा) के राष्ट्रीय कोऑर्डिनेटर और राज्यसभा सांसद रामजी गौतम के बिहार दौरे को लेकर मोहनियां की विधायक संगीता कुमारी ने कड़ा एतराज जताया है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश में जिनकी राजनीति खत्म हो चुकी है, वे अब बिहार में दलितों को बहकाने आए हैं, लेकिन यहां उनकी एक नहीं चलने वाली। विधायक ने कहा कि रामजी गौतम चुनावी मौसम में बिहार का दौरा कर दलितों को प्रलोभन देने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि चुनाव के बाद ये नेता पांच साल तक मुड़कर नहीं देखते। दलितों का नाम लेकर वोट लेते हैं, फिर वही समाज हाशिए पर छोड़ दिया जाता है। संगीता कुमारी ने अपने ऊपर की गई टिप्पणी को लेकर भी नाराजगी जताई। उन्होंने कहा कि मैं खुद दलित समाज की महिला हूं और मेरे खिलाफ जिस भाषा का इस्तेमाल किया गया, वह बेहद आपत्तिजनक है। यह साफ करता है कि उनका मकसद दलित उत्थान नहीं, केवल राजनीति चमकाना है। विधायक ने कहा कि अब कैमूर के दलित समाज को कोई गुमराह नहीं कर सकता। उन्होंने कहा कि रामजी गौतम को यह याद रखना चाहिए कि बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर को भारत रत्न किसने दिलवाया। संसद में उनकी मूर्ति किसने लगवाई। बहन मायावती को मुख्यमंत्री बनाने में किसका योगदान था। संगीता कुमारी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बाबा साहब को पंचतीर्थ के जरिए जो सम्मान दिया है, वह ऐतिहासिक है। वहीं, पहले की सरकारों पर निशाना साधते हुए कहा कि बाबा साहब को उस दौर में दो गज जमीन तक नहीं मिली थी जब उनकी अस्थियां पुणे विमान से ले जाई गईं तो उनकी पत्नी से यात्रा का खर्च मांगा गया था। विधायक ने स्पष्ट कहा कि बिहार की धरती पर उत्तर प्रदेश की राजनीति नहीं चलने वाली। उन्होंने रामजी गौतम को चेताते हुए कहा कि दलितों को गुमराह करने की मंशा छोड़ें, नहीं तो जनता जवाब देना जानती है।

## पूर्व विधायक के पिता की दूसरी पुण्यतिथि पर दी गयी श्रद्धांजलि




**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** स्थानीय जे.आर.एस. इंटरनेशनल विद्यालय के संस्थापक पूर्व विधायक सत्यनारायण सिंह के पिता स्व. जगदीश सिंह की दूसरी पुण्यतिथि के अवसर पर श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया जिसमें मुख्य रूप से विद्यालय के चेयरमैन इं. सत्यनारायण सिंह, सचिव डॉ० रवि प्रकाश, मीना सिंह, सोनाली प्रकाश ने उनके तैलचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धा सुमन अर्पित किए। इनलोगों के अलावा विद्यालय के प्राचार्या सुलगना मजूमदार, उपप्राचार्य अमृतेश चतुर्वेदी, अरविंद मिश्रा, जूली श्रीवास्तव, कामना सिन्हा, श्वेता सिंह, दीपक सिन्हा, दिलनवाज खान, सुनीता सिन्हा, प्रतिमा सिन्हा, रवि चौरसिया इत्यादि शिक्षकगण उपस्थित रहे। इस अवसर पर कक्षा पी.जी. से लेकर दशम वर्ग तक के छात्र-छात्राओं ने पुष्पांजलि अर्पित की। विद्यालय के सचिव डॉ. रवि प्रकाश के द्वारा सभी छात्र-छात्राओं को मिष्ठान तथा टॉफी प्रदान किया गया।

## डीडीयू मंडल के स्टेशनों पर स्वच्छता अभियान जारी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** पूरे डीडीयू मंडल में विशेष स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है । 22 अप्रैल 2025 को पंडित दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन, गया, अनुग्रह नारायण रोड, डिहरी ऑन-सोन जंक्शन सहित मंडल के विभिन्न स्टेशनों पर स्वच्छता अभियान संचालित किया गया। इस अभियान के तहत प्लेटफार्म, नालियां, रेल पटरियां, यात्री प्रतीक्षालय, वाटर बूथ, शौचालय आदि क्षेत्रों की गहन सफाई की गई। सभी संबंधित स्टेशन कर्मी नियमित निगरानी कर स्टेशन परिसर स्वच्छ और यात्री अनुकूल बनाए रखने में कार्यरत हैं। यह अभियान यात्रियों को बेहतर सुविधाएं प्रदान करने और रेलवे की स्वच्छता प्रतिबद्धता को दर्शाता है। रेल प्रशासन सभी यात्रियों एवं रेलवे कर्मचारियों से अपील करता है कि वे स्वच्छता को अपनी नैतिक जिम्मेदारी समझें।

# सोशल मीडिया प्रथाओं और जिम्मेदारियों पर केंद्रित विषय पर कार्यशाला का आयोजन



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**सासाराम।** रोहतास जिले के जमुहार स्थित गोपाल नारायण सिंह विश्वविद्यालय के पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग द्वारा मीडिया कानून एवं नैतिकता : सोशल मीडिया प्रथाओं और जिम्मेदारियों पर केंद्रित विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का सफल आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में कुल 105 प्रतिभागियों ने पंजीकरण कराया जिनमें अधिकांश सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर और पत्रकार शामिल थे। कार्यशाला का उद्घाटन मुख्य अतिथि भारतीय सूचना सेवा के अवकाश प्राप्त अधिकारी राघवेश पाण्डेय, विश्वविद्यालय के कुलाधिपति एवं पूर्व राज्यसभा सांसद गोपाल नारायण सिंह, कुलपति डॉ महेंद्र कुमार सिंह, वरिष्ठ पत्रकार मनोज कुमार द्वारा दीप प्रज्वलित कर हुआ। इस अवसर पर कुलाधिपति ने कहा कि पत्रकारिता एक जिम्मेदारी है, केवल नौकरी नहीं, यह देश और समाज के प्रति समर्पण और जुनून है। उन्होंने पत्रकारों से सामाजिक उत्तरदायित्व निभाने की अपील की। इस अवसर पर कुलपति प्रो. एम.के. सिंह ने अपने वक्तव्य में बताया कि ऐसे कार्यशाला पत्रकारों के बीच होना बहुत जरूरी हैं, प्रो-वाइस चांसलर प्रो. जगदीश सिंह एवं देव मंगल मेमोरियल ट्रस्ट के सचिव ने भी अपनी शुभकामनाएं दीं और कहा कि आज की युवा पीढ़ी पत्रकारिता के माध्यम से निर्बल और वंचित वर्ग की आवाज बन रही है। वहीं विश्विद्यालय के जनसंपर्क अधिकारी भूपेंद्र सिंह ने पत्रकारिता की चुनौतियों पर प्रकाश डाला। कार्यशाला के समन्वयक डॉ. अमित कुमार सिंह, विभागाध्यक्ष, जनसंचार विभाग, जीएनएसयू ने बताया कि बहुत जरूरी है ये जानना कि पत्रकारिता क्यों और कैसे किया जाए। इसके नियम और कानून को जानना बहुत जरूरी हैं। कार्यशाला में तीन तकनीकी सत्र आयोजित किए गए जिसमें प्रथम सत्र का विषय 'निष्पक्ष इतिहास लेखन और पत्रकारिता' था जिसके वक्ता मिथिलेश कुमार सिंह, लेखक, स्तंभकार एवं सहायक कुलसचिव, जीएनएसयू के थे। इन्होंने बताया कि किस तरह से इतिहास को तोड़-मरोड़ कर लिखा गया जिसको हम आज भी वैसे ही अपना रहे हैं। पत्रकारिता के माध्यम से ही हम एक अच्छा इतिहास लिख सकते हैं। कार्यशाला के तृतीय सत्र का विषय 'मीडिया कानून और नैतिकता' पर था जिसके वक्ता राघवेश पांडे थे जो कि एक वरिष्ठ पत्रकार एवं पूर्व संयुक्त निदेशक, दूरदर्शन समाचार एवं आकाशवाणी, देहरादून में कार्यरत थे। इन्होंने अपने विषय पर बात करते हुए बताया कि बहुत जरूरी है नीति और कानून को जानना। इसलिए पत्रकारिता की पढ़ाई बहुत जरुरी है। आपको समाज और राष्ट्र को देखते हुए आगे बढ़ना है। कार्यक्रम के अंत में डॉ. स्मृति, सहायक प्राध्यापक, जनसंचार विभाग द्वारा धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया गया। कार्यशाला का संचालन खुशबू, बीएजेएमसी की छात्रा ने किया तथा छात्र समन्वयक की भूमिका हिमांशु, एमएजेएमसी के छात्र ने निभाई।

# मौत के कारणों का पता करने के लिए परिजनों का पुलिस कराएगी पोलीग्राफी टेस्ट



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** जिले के कच्छवां थाना क्षेत्र में एक माह पूर्व नाबालिग लड़की की मौत के कारणों का पता करने को ले परिजनों का पॉलीग्राफी टेस्ट कराया जाएगा। एसपी एसपी रोशन कुमार ने प्रेस कांफ्रेंस में बताया कि गत 13 मार्च को कच्छंवा थाना क्षेत्र के लेवा गांव में एक नाबालिक लड़की का शव मिला था। पुलिस व एसएफएल टीम ने घटनास्थल पर पहुंच कर शव का मेडिकल बोर्ड गठित कराकर पोस्टमार्टम कराया गया। इस संबंध में मृतका के भाई द्वारा अज्ञात व्यक्तियों के विरुद्ध अपहरण कर दुष्कर्म करते हुए हत्या कर देने का आरोप लगाया गया। उन्होंने बताया कि कांड की गंभीरता को देखते हुए इसमें शामिल अपराध कर्मियों की गिरफ्तारी के लिए एसडीपीओ बिक्रमगंज के नेतृत्व में एक पुलिस टीम का गठन किया गया जिसमें थानाध्यक्ष कच्छवां, नासरीगंज, भानस तथा तकनीकी सहायता के लिए जिला आसूचना इकाई की टीम को शामिल किया गया। उन्होंने बताया कि गठित टीम को अग्रेतर अनुसंधान में वादी द्वारा बताया गया कि गत 12 मार्च से अपने घर से गायब थी। इसकी जानकारी पुलिस को नहीं दी गई। गत 13 मार्च को शव को वास्तविक स्थान से हटाकर अपने घर के बगल में लाकर रखने के बाद घटना की सूचना पुलिस को दी गई। स्वजनों ने पुलिस के गठित टीम के समक्ष अज्ञात लोगों द्वारा मृतका का अपहरण कर दुष्कर्म करते हुए हत्या कर देने का आरोप लगाया जिसकी वीडियोग्राफी कराया। मृत्यु किसी के साथ प्रेम प्रसंग या निजी मोबाइल आदि के संबंध में पूछने पर स्वजनों को ऐसे किसी बात से स्पष्ट रूप से इनकार किया गया है। उन्होंने बताया कि मेडिकल बोर्ड की देखरेख में किए गए पोस्टमार्टम रिपोर्ट में उसके शरीर पर किसी प्रकार के जख्म का नहीं पाया गया और दुष्कर्म की पुष्टि नहीं हुई। उसके बेसरा को सुरक्षित कर एफएसएल जांच हेतु भेजा गया है। तकनीकी अनुसंधान में ज्ञात हुआ कि मृतका के पास एक मोबाइल था। उन्होंने बताया कि अनुसंधान के क्रम में यह भी पता चला कि वह चार वर्षों से अपने ही गांव के एक लड़के के संपर्क में थी। वह लड़का उसके भाई के लिए काम करता था जिस कारण उसके घर आना जाना था। इसी दौरान वह उसके संपर्क में आई थी। वह गुजरात में रहकर प्राइवेट काम कर रहा था।

## दस लाख की साइबर ठगी

**डिहरी ऑन-सोन (नबिटा ब्यूरो)।** साइबर थाना में बघेला थाना के भावपोखर गांव निवासी एहसान अंसारी से स्टॉक मार्केट में इन्वेस्टमेंट का झांसा देकर दस लाख रुपए की ठगी की प्राथमिकी किया है। पुलिस के अनुसार एहसान ने जमीन खरीदने के दस लाख की राशि बैंक से ऋण लिया था। अधिक धन की लालच में ऋण से मिले राशि को इसमें लगाया था। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## मां ने पुत्र व पुत्रवधू पर मारपीट की प्राथमिकी

**डिहरी ऑन-सोन (नबिटा ब्यूरो)।** थाना क्षेत्र के धनटोलिया निवासी बुजुर्ग लीला देवी ने अपने पुत्र व पुत्र वधू पर मारपीट कर प्रताड़ित करने की प्राथमिकी कराई है।

## विश्व पृथ्वी दिवस पर एक पेड़ लगाने के लिए किया प्रेरित

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** स्थानीय पीएम श्री मध्य विद्यालय शिवगंज डिहरी में प्रधानाध्यापक संजय कुमार के नेतृत्व में विश्व पृथ्वी दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्रधानाध्यापक के द्वारा विद्यालय में इको क्लब का गठन किया गया तथा इको क्लब के लिए चंचल द्विवेदी को प्रभारी शिक्षिका के रूप में नामित किया गया। साथ ही इको क्लब के सदस्यों के चयन करने का कार्य हुआ। विश्व पृथ्वी दिवस के अवसर पर कक्षा तीन से लेकर 8 तक के बच्चों के द्वारा पेंटिंग प्रतियोगिता, स्लोगन प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। छात्रों ने एक से बढ़कर एक पेंटिंग्स बनाई तथा स्लोगन को लिखा। सांस हो रही है कम, आओ वृक्ष लगाएं हम। प्रधानाध्यापक ने बताया कि इस वर्ष पृथ्वी दिवस का थीम आवर एनर्जी, आवर प्लेनेट के अनुरूप ही छात्रों ने पेंटिंग बनाई तथा कक्षा 8 की छात्राओं के द्वारा खूबसूरत वॉल पेंटिंग भी किया गया और उसमें दर्शाया गया कि अवर एनर्जी अवर प्लेनेट की रक्षा हमें कैसे करनी है। प्रभारी शिक्षिका के द्वारा छात्रों को यह बताया गया कि हमें हर हाल में पृथ्वी को बचाना है, पृथ्वी है तो हम हैं, इसके लिए हमें अपने जन्मदिन, मैरिज एनिवर्सरी तथा अपने बुजुर्गों की पुण्यतिथि को याद करते हुए एक पेड़ लगाने का प्रण अवश्य लेना होगा। इसके लिए उन्होंने इको क्लब के छात्रों को शपथ दिलाने और प्रेरित करने का भी कार्य किया। वही विद्यालय के शिक्षक तनवीर अख्तर ने छात्रों को बताया कि आज हमारी गलतियों के वजह से ही हम इतनी भीषण गर्मी का सामना कर रहे हैं क्योंकि हमने उन पेड़ों को भी काटा जो जीवित थे। हमें सूखे पेड़ों को काटकर अपनी आवश्यकताओं को पूरी करनी है।




## सोलर प्लेट लगाने के नाम पर धोखाधड़ी, प्राथमिकी दर्ज

**नासरीगंज (नबिटा सं.)।** थाना क्षेत्र के जिराखन बिगहा गांव में सोलर प्लेट लगाने के नाम पर पैसे लेकर धोखाधड़ी करने का मामला दर्ज कराया गया है। उक्त गांव निवासी राजेश कुमार हिमांशु ने काराकाट थाना क्षेत्र के कुल्हड़िया गांव निवासी विद्याभूषण उर्फ कुश सिंह पर सोलर प्लेट के नाम पर पैसे लेकर धोखाधड़ी करने का नामजद प्राथमिकी दर्ज कराया गया है। दर्ज प्राथमिकी में कहा है कि विद्याभूषण उर्फ कुश सिंह सोलर लाइट लगवाने का कार्य करते थे। वर्ष 2022 में गांव में सोलर लाइट लगवाने के लिए हमसे रुपया लिए। उन्होंने पहले मुझसे अभिषेक सुमन के मोबाइल पर एक लाख 48 हजार रुपया, नकद पांच लाख, अपने मोबाइल पर आठ लाख 48 हजार, विश्वकरण पांडेय के मोबाइल पर 16 लाख 23 हजार 950 रुपया व अजय कुमार सिंह के मोबाइल पर चार लाख रुपया मंगवाया जो कुल 35 लाख 19 हजार 950 रुपया सोलर लाइट के नाम पर बारी-बारी से लिया। सोलर लाइट का कार्य भी नहीं दिये तथा आज तक सामग्री भी नहीं भेजवाये जब समय बीतता गया तो मैंने उनसे अपना रुपया मांगा, लेकिन उन्होंने देने से मना कर दिया जिसके बाद पंचायती हुई तो उन्होंने मुझे दस-दस लाख का दो चेक दिया जो बाउंस कर गया। इसके बाद मैं उनके घर पैसा मांगने गया तो पैसा देने से साफ इंकार कर दिया। थानाध्यक्ष अमित कुमार ने बताया कि पैसे की धोखाधड़ी का मामला दर्ज कराया गया है। पुलिस मामले की छानबीन में जुटी हुई है।

# कुदरा में नहीं बना अंडरपास तो होगा आंदोलन

### डीएम के साथ हुई पीडी की बैठक में शहरवासियों को मिला आश्वासन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कुदरा।** शहर में दो अंडरपास बनाने को लेकर मंगलवार को सकरी में प्रोजेक्ट डायरेक्टर व शहरवासियों की बैठक हुई जिसमें अंडरपास नहीं बनाए जाने पर आंदोलन करने का फैसला लिया गया। बैठक के बाद मामले को लेकर डीएम सावन कुमार व प्रोजेक्ट मैनेजर आरके वर्मा व शहरवासियों की बातचीत हुई जिसमें शहरवासियों को अंडरपास के लिए आश्वासन मिला है। अंडरपास का विस्तार नहीं होने से शहर का व्यवसाय काफी प्रभावित होगा। स्थानीय लोगों का कहना है कि फोरलेन सड़क निर्माण कंपनी द्वारा सकरी गांव के पास स्थानीय लोगों व छोटी वाहनों के लिए पीयूपी का निर्माण किया जा रहा है, लेकिन पीयूपी से व्यवसायिक वाहन नहीं जा सकेंगे जिससे स्थानीय व्यवसायियों को काफी नुकसान उठाने के साथ उनका व्यवसाय भी ठप हो जाएगा। शहरवासियों का कहना है कि निर्माण कंपनी द्वारा सकरी गांव के पास पीयूपी के बदले वियूपि बनाया जाय जिससे कि व्यवसायिक वाहनों को आने-जाने में कोई परेशानी न हो जबकि पीयूपी को सरकारी अस्पताल के पास बनाया जाय, जिससे अस्पताल के अलावे अन्य प्रतिष्ठानों तक छोटी वाहनों व अन्य लोगों को आनेजाने में कोई परेशानी न हो। बैठक में जिला पार्षद प्रतिनिधि गजेंद्र गुप्ता, पैक्स अध्यक्ष रवि राय, अभय प्रताप सिंह, मनीष बाबा, पियन पासवान, नन्हे पासवान, मुखिया धनजीत चौधरी, गोरख सिंह, नीरज कुमार, साकेत रस्तोगी, भरत गुप्ता, जितेंद्र कुमार, पप्पू जायसवाल, अंकुर जायसवाल समेत दर्जनों लोग उपस्थित थे।



## महिला संवाद कार्यक्रम का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नासरीगंज।** प्रखण्ड क्षेत्र के पडूरी पंचायत के सामुदायिक भवन सबदला के समीप व धनाव पंचायत के पंचायत सरकार भवन में महिला संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में जीविका दीदी व स्थानीय पंचायत की महिलाओं ने उक्त कार्यक्रम में उपस्थित होकर सरकार द्वारा संचालित हो रहे विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के लाभ को ले अपनी बातें रखी। महिलाओं ने इंदिरा आवास, पेंशन, राशन, कन्या विवाह, नली-गली एवं आय जाति निवास प्रमाण पत्र निर्गत करने में आ रही कठिनाइयों से उपस्थित अधिकारियों को अवगत कराया। सभी ने मुख्यमंत्री के द्वारा सरकार के विभिन्न योजनाओं में महिलाओं को पचास प्रतिशत आरक्षण का निर्वाहन करने की बात कही। नोडल अधिकारी सह बीपीआरओ सुनील कुमार ने बताया कि महिला संवाद कार्यक्रम में महिलाओं की बातों को सुना गया और सभी को शत-प्रतिशत समाधान करने का आश्वासन दिया गया है। बीडीओ मो. नौशाद आलम सिद्दीकी ने बताया कि 18 अप्रैल से प्रखण्ड के सभी पंचायतों में विभिन्न चरणों में दो शिफ्टों में महिला संवाद कार्यक्रम का आयोजन शुरू है जो आगामी 25 मई तक सरकार के निर्देशानुसार जारी रहेगा। उक्त कार्यक्रम को ले सभी पंचायतों में नोडल अधिकारी व टीम लीडर तैनात किए गये हैं जो उक्त कार्यक्रम के सफल आयोजन में महत्वपूर्ण भूमिका निभायेंगे। 23 अप्रैल को पवनी व धनाव में संवाद आयोजित होगा।

## अग्निशामक वाहन की कमी से प्रखंड क्षेत्र के लोग परेशान



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रामपुर (कैमूर)।** प्रखंड क्षेत्र में दमकल वाहन के अभाव में आग की घटना से गांवों के लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। बेलाव पंचायत के करौंदा गांव के उत्तर सिवान में तेजी से आग लगी जो धीरे-धीरे करौंदा गांव के पास आ गई जहां ग्रामीणों द्वारा पेड़, पौधे की टहनियां एवं पानी डालकर आग पर काबू पाया गया। उसी दौरान अग्निशमन विभाग से संपर्क किया गया, परंतु संपर्क करने पर जवाब आया अभी गाड़ी बिगड़ी हुई है। आग लगने से पशुओं का चारा, पुआल, गोइठा जलकर खाक हो गया। आये दिन रोज गांवों में अगलगी की घटना प्रखण्ड क्षेत्र में देखने को मिल रही है। आसपास के क्षेत्र में आग की घटनाओं से खास कर किसान लोग परेशान नजर आ रहे हैं क्योंकि अभी फसल की कटाई बाद अपने पशुओं को चारा बनाने के लिए गेहूं की डाटी खेत में छोड़े हैं जब भी अगलगी की घटना होती है तो 112 पर कॉल करते हैं जहां दमकल के अभाव में लाखों रुपए का नुकसान होता है। मांग के बावजूद सरकार के दमकल उपलब्ध नहीं करवाने पर ग्रामीणों में रोष व्याप्त है। किसान बताते हैं कि क्षेत्र में कहीं भी आग लगने पर ग्रामीणों को स्वयं अपने स्तर पर आग पर काबू पाने के लिए इधर-उधर दौड़ लगानी पड़ती है। क्षेत्र में कहीं भी बड़ा अग्निकांड होने पर भभुआ से दमकल बुलानी पड़ती है। क्षेत्र में केवल करमचट थाना में छोटा सा दमकल मौजूद है।

## बेस्ट इंटरनेशनल सेक्रेटरी अवार्ड से अखिलेश हुए सम्मानित



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** स्थानीय बस्तीपुर स्थित आर एस के पब्लिक स्कूल के निदेशक आनंद सिंह ने बताया कि अपने लगन और परिश्रम की बदौलत आदमी चाहे तो दुनिया की सारी उपलब्धियां अपने नाम कर सकता है। द डिवाइन पब्लिक स्कूल के सचिव अखिलेश कुमार वैसे ही व्यक्तित्व के धनी हैं। बिक्रमगंज क्षेत्र में शिक्षा की अलख जगाने वाले अखिलेश के नाम एक सुखद उपलब्धि जुड़ गई है। साइंस ओलंपियाड फाउंडेशन की ओर से उन्हें बेस्ट इंटरनेशनल सेक्रेटरी अवार्ड के लिए नामित किया गया है। विदित हो कि द डिवाइन स्कूल प्रबंधन सत्र 2012 से ही अपने छात्रों द्वारा साइंस ओलंपियाड फाउंडेशन का परीक्षा फॉर्म भरवाता आया है। विगत एक दशकों में ओलंपियाड की परीक्षा में विद्यार्थियों ने एक से बढ़कर एक कीर्तिमान बनाये।

## डीडीयू मंडल में सघन टिकट चेकिंग अभियान में 1857 व्यक्ति धराए



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** डीडीयू मंडल द्वारा टिकट चेकिंग अभियान जारी है। पूर्व निर्धारित टिकट चेकिंग मेगा ड्राइव के आलोक में डीडीयू, गया, सासाराम, डिहरी ऑन सोन, अनुग्रह नारायण रोड, भभुआ एवं जपला आदि स्टेशन पर फोर्ट्रेस चेक प्रातः 06.00 से 22.00 बजे तक करने का निर्णय लिया गया था जिसमें मंडल के समस्त स्क्वाड - स्टैटिक एवं स्लीपर के टिकट जांच कर्मी, वाणिज्य निरीक्षक/पर्यवेक्षक सहित सभी वाणिज्य अधिकारी उपस्थित रहे। मुख्यतः बक्सर -डीडीयू खंड, वाराणसी- डीडीयू, सासाराम - डीडीयू, आरा- सासाराम खंड, गढ़वा रोड- डिहरी ऑन सोन, किउल-गया, गोमो - गया एवं पटना- गया खंड से आने एवं जानेवाली सभी ट्रेनों को लक्ष्य कर गहन जांच किया गया जिसमें प्रीमियम एवं मेल/एक्सप्रेस के साथ-साथ पेसेंजर ट्रेन को भी चेक किया गया तथा बिना टिकट/अनुचित टिकट पर यात्रा करते हुए पकड़े गये व्यक्तियों से नियमानुसार जुर्माने की राशि वसूल की गयी। सभी स्टेशनों पर किलाबंदी जांच कर बिना टिकट/अनियमित टिकट पर यात्रा करने वालों को नियमित टिकट लेकर चलने हेतु प्रेरित किया गया। शाम 6 बजे अंतिम सूचना तक डीडीयू मंडल द्वारा लगभग 1857 बिना टिकट व अनियमित यात्रियों को पकड़ा गया है जिनसे जुर्माने के रूप में लगभग 10 लाख 70 हजार रुपये की राशि वसूली गयी है। मेगा ड्राइव जारी है।

CMYK

# नीतीश कुमार द्वारा 'आपका शहर, आपकी बात' कार्यक्रम का भव्य शुभारंभ

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा।** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने राजधानी पटना में ह्लआपका शहर, आपकी बात कार्यक्रम का भव्य शुभारंभ किया। इस अभिनव पहल का उद्देश्य बिहार में शहरीकरण को नई दिशा देना तथा शहरी नागरिकों की सीधी भागीदारी सुनिश्चित करना है।

नवादा के जिलाधिकारी रवि प्रकाश ने वार्ड संख्या-01, केन्दुआ में ह्लआपका शहर, आपकी बात कार्यक्रम में भाग लिया। इस अवसर पर उन्होंने कहा, शहरी विकास केवल इमारतों का विस्तार नहीं, बल्कि नागरिकों की आवश्यकताओं और आकांक्षाओं की पूर्ति है। 'आपका शहर, आपकी बात' कार्यक्रम के माध्यम से हम हर नागरिक की आवाज को शहरी नियोजन में शामिल करेंगे।




इस कार्यक्रम के अंतर्गत नवादा जिले के सभी शहरी क्षेत्रों में संवाद सत्र, जन-सुझाव अभियान तथा स्थानीय समस्याओं के समाधान हेतु योजनाबद्ध पहल की जा रही है। यह पहल स्मार्ट सिटी मिशन, अमृत योजना तथा नगरीय निकायों की अन्य योजनाओं के साथ समन्वय स्थापित कर चलाई जाएगी।

जिलाधिकारी ने बताया कि इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य है–शहरी नागरिकों से सीधा संवाद स्थापित करना, शहरों की प्राथमिक आवश्यकताओं की पहचान करना, भविष्य की योजनाओं में नागरिक सहभागिता सुनिश्चित करना तथा पारदर्शी एवं जवाबदेह शहरी शासन को बढ़ावा देना। उन्होंने उपस्थित नागरिकों को जानकारी दी कि जिले में बनाए गए सभी नए वार्डों में आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। नली-गली, बिजली, आवास योजना (शहरी) आदि योजनाओं की मांगों के अनुसार क्रियान्वयन किया जाएगा। उन्होंने बुधौल एवं खुरी नदी के पास प्रस्तावित पार्क के विषय में भी विस्तृत जानकारी दी। साथ ही कहा कि यदि किसी वार्ड या मोहल्ले में कोई कमी है, तो नागरिक उसे संबंधित पदाधिकारी के समक्ष रखें, ताकि योजनाओं का क्रियान्वयन उसी अनुरूप किया जा सके।

आपका शहर, आपकी बात कार्यक्रम बिहार में शहरी विकास की दिशा में एक सशक्त कदम है, जो शासन को जनता के और करीब लाने में सहायक सिद्ध होगा।

इस अवसर पर नगर परिषद अध्यक्षा पिंकी कुमारी,नगर परिषद नवादा के कार्यपालक पदाधिकारी अजित कुमार शर्मा वार्ड संख्या-01 की वार्ड पार्षद अनिता देवी सहित बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक उपस्थित थे।

## महिला संवाद कार्यक्रम में शामिल हुए डीएम

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नवादा।** नारदीगंज प्रखंड के ओरो पंचायत अंतर्गत महादेव बिगहा ग्राम में आयोजित महिला संवाद कार्यक्रम में जिला पदाधिकारी, रवि प्रकाश ने महिलाओं से संवाद कर सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाएं जैसे - महिलाओं के लिए आरक्षण, मुख्यमंत्री मेधावृत्ति योजना, अक्षर आंचल योजना, मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना, आदर्श दंपति योजना, मुख्यमंत्री महिला उद्यमी योजना एवं अंतरजातीय विवाह प्रोत्साहन अनुदान योजना का उद्देश्य, पात्रता एवं योजना से जुड़ने की प्रक्रिया के बारे में जानकारी प्रदान करते हुए उनकी भागीदारी की सराहना की। उन्होंने कहा कि इस तरह के संवाद कार्यक्रमों से न केवल महिलाएं अपने अधिकारों



और सरकारी योजनाओं के बारे में जागरूक होती हैं, बल्कि वे अपनी समस्याओं और जरूरतों को भी सामने रख सकती हैं। यह संवाद महिलाओं को एकजुट करने, उनके आत्मविश्वास को बढ़ाने और उन्हें निर्णय लेने में सक्षम बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम साबित होगा। ग्रामीण महिलाओं द्वारा नली-गली निर्माण, अतिरिक्त स्ट्रीट लाइट, प्रधानमंत्री आवास योजना, शौचालय निर्माण एवं जीविका भवन की मांग रखी गई। इस पर जिला पदाधिकारी द्वारा संबंधित पदाधिकारियों को निर्देश दिया गया कि उक्त मांग को लेकर आवश्यक कदम उठाएं। महिला संवाद कार्यक्रम के अंतर्गत आज नवादा जिले के 13 प्रखंडों में कुल 26 ग्राम संगठनों में संवाद कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिसमें 4500 से अधिक महिलाओं ने भाग लिया।

## अनियंत्रित ट्रक की टक्कर से युवक की मौत, एक घायल

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ।** खुदागंज थाना क्षेत्र में सोमवार देर रात एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया, जिसमें एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई जबकि एक अन्य गंभीर रूप से घायल हो गया। यह हादसा खुदागंज-राजगीर मुख्य सड़क मार्ग पर पचरूखिया मोड़ के पास हुआ, जहां एक अनियंत्रित ट्रक ने बाइक सवार को जोरदार टक्कर मार दी। मृतक की पहचान कटवा रसलपुर गांव निवासी बुंदी यादव के पुत्र संतोष कुमार के रूप में की गई है। संतोष कुमार पेशे से डेकोरेशन का काम करते थे और हादसे के समय अपने स्टाफ के साथ अर्जुन सेरथुआ सराय गांव से डेकोरेशन का काम कर लौट रहे थे। टक्कर इतनी भीषण थी कि संतोष कुमार की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि बाइक पर सवार उनका स्टाफ गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को पास के एक निजी क्लिनिक में इलाज के लिए भर्ती कराया गया है। घटना की सूचना मिलते ही खुदागंज थाना अध्यक्ष जयप्रकाश नारायण मौके पर पहुंचे और मृतक का शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए बिहारशरीफ भेजा गया। उन्होंने बताया कि ट्रक चालक हादसे के बाद वाहन लेकर फरार हो गया है, जिसकी तलाश की जा रही है। इस दुखद घटना के बाद मृतक के परिजनों में कोहराम मच गया है।

## खलिहान में आग लगने से लाखों का नुकसान

**बिहारशरीफ।** मंगलवार को कटौना गांव के पश्चिम यादव टोली के निकट खलिहान में आग लगने से सैकड़ों बोझा गेहूं जलकर राख हो गया प्रप्त सामाचार के अनुसार खलिहान में गेहूं का मैंजनी थ्रेसर से हो रहा था। उसी दौरान मशीन से चिंगारी निकली तथा आग गेहूं के बोझा में पकड़ लिया जिससे कटौना गांव निवासी किसान नीतीश कुमार, संजय कुमार व नवलेश कुमार का खलिहान में रखें लगभग पांच एकड़ का गेहूं का फसल लगभग सात सो बोझा गेहूं देखते ही देखते जलकर राख हो गया। ग्रामीणों ने आग पर काबू पाने कि कोशिश किया लेकिन आग का लपेटे इतना भयावह था कि काबु नहीं हो पाया। सीओ मनोज कुमार राव को इस कि सुचना मिलते ही।



फायर ब्रिगेड को लेकर मौके पर पहुंचे तबतक देर हो चुकी थी सभी बोझा जलकर राख बन चुका था। सीओ ने बताया ग्रामिणों ने बचाने की खुब कोशिश की लेकिन असफल रहे अग्नि शमन दल को गिरियक से आते आते खलिहान में रखा लगभग पांच एकड़ भूमि के गेहूं का बोझा जलकर राख बन चुका था। आग लगने का कारण थ्रेसर से निकले चिंगार है। इसकी सुचना जिला को भेजा जा रहा है वहा से निर्देश के अनुसार आगे कार्रवाई किया जाएगा। पीड़ित किसानों सदमे में हैं। पुंजी तथा पारिश्रमिक सभी जलकर राख मे बदलने से किसान आहत हैं।

## दिवंगत चालक के स्वजनों को दी गई सहायता राशि

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कौआकोल।** प्रखण्ड के बिझो गांव निवासी दिवंगत ट्रक चालक शंकर यादव के निधन के बाद ड्राइवर संघ ने उनके पुत्री के विवाह को लेकर आपसी चंदा इकट्ठा कर 633648 रुपये की सहयोग राशि उपलब्ध कराई है। इसकी जानकारी देते हुए बिझो गांव निवासी मुंद्रिका मुसाफिर ने बताया कि बीते वर्ष 09 मार्च को मुजफ्फरपुर के साहेबगंज में बिझो गांव निवासी प्रभु यादव के पुत्र व ट्रक ड्राइवर शंकर यादव की बदमाशों ने पीट-पीटकर हत्या कर दी थी। वाहन चालकों से मिले इस अपार सहयोग के लिए मृतक शंकर यादव की पत्नी स्मिता देवी समेत उनके स्वजनों ने वाहन चालकों के प्रति आभार जताया है।

## थाना से 300 मीटर पर साढ़े 10 लाख की चोरी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ।** दीपनगर थाना क्षेत्र में बदमाशों ने एक बंद पड़े मकान को निशाना बनाकर करीब साढ़े 10 लाख रुपए नकद और जेवर पर हाथ साफ कर दिया। चोरी सिपाह मोहल्ले में हुई, जो थाना से मात्र 300 मीटर की दूरी पर स्थित है, जिससे क्षेत्र के लोगों में भारी आक्रोश व्याप्त है। पीड़ित परिवार के मुखिया संतोष प्रसाद जो पेशे से हार्वेस्टर चालक हैं, इस समय काम के सिलसिले में बाहर हैं। अंजू कुमारी ने बताया कि वह अपने पिता की पुण्यतिथि पर रविवार को अपने बच्चों के साथ मायके गई थीं और घर में ताला लगा दिया था। बताया कि मंगलवार को जब मैं वापस आई तो देखा कि मुख्य दरवाजे का ताला तो ठीक था, लेकिन अंदर के सभी कमरों के ताले टूटे हुए थे। स्टोरवेल में रखे 1,45,000 रुपए के नकद के साथ-साथ सोने-चांदी के जेवर जिनमें झुमका, चैन, टीका और लॉकेट शामिल थे, गायब पाए गए। इन जेवरों की कीमत लगभग 9 लाख 20 हजार रुपए आंकी गई है। पता चला है कि बदमाश पड़ोसी के बंद घर के छत पर चढकर घर में प्रवेश किया और फिर कमरों के ताले तोड़कर चोरी की वारदात को अंजाम दिया। दीपनगर थानाध्यक्ष जितेंद्र राम से संपर्क किया गया तो बताया कि हमें आवेदन प्राप्त हुआ है और प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। आसपास के सीसीटीवी फुटेज की जांच की जा रही है।

## कौआकोल में पुलिस गश्ती वाहन पर हमला, हवलदार घायल

**कौआकोल/नबिटा संवाददाता।** कौआकोल थाना क्षेत्र के टिकोडीह गांव में लड़की की विदाई को लेकर उत्पन्न विवाद को सुलझाने गई पुलिस टीम पर बदमाशों द्वारा मंगलवार की देर शाम अचानक बंधक बनाकर हमला कर दिए जाने की सूचना है। घटना में कौआकोल थाना में पदस्थापित हवलदार अरुण राऊत का पैर टूट गया है एवं वे बुरी तरह घायल हो गए हैं। थानाध्यक्ष दीपक कुमार ने भी घटना की पुष्टि की है। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार धनबाद से लड़का पक्ष के लोग टिकोडीह गांव में लड़की के विदाई को लेकर आएं थे लेकिन दोनों पक्षों में विवाद हो गया। जिसके बाद 112 पेट्रोलिंग वाहन एवं कौआकोल थाना का गश्ती वाहन घटनास्थल पर पहुंची। जहां ग्रामीणों द्वारा पुलिस को ही बंधक बनाकर पुलिस से उलझ गए और पुलिस पर ही हमला कर दिया। जिससे हवलदार अरुण रावत घायल हो गए।

## रिटायर्ड डीईओ के घर चोरी मामले में पुलिस कर रही तकनीकी अनुसंधान, जल्द होगी गिरफ्तारी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रजौली।** थाना क्षेत्र के गोपालनगर मोहल्ले में बीते रविवार की रात्रि रिटायर्ड डीईओ अवधेश प्रसाद यादव के घर 25 हजार रुपए नकदी एवं लगभग चार लाख रुपए मूल्य के जेवरा की चोरी पांच अज्ञात चोरों द्वारा कर ली गई थी, इसको लेकर पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर अनुसंधान शुरू कर दी है वहीं मोहल्लेवासी पहले के अपेक्षाकृत ज्यादा सतर्कता बरत रहे हैं वहीं आसपास के लोगों में एवं चौक-चौराहों पर चर्चा का विषय बना हुआ है कि पांचों चोर कितने शातिर थे कि एक कमरे में सोए रिटायर्ड दंपत्ति को कानों कान तक खबर नहीं हुई है और उनके कमरे को बाहर से



चोरों द्वारा बंद करने के बाद अलमारी तोड़कर उसमें रहे नगदी और सोने के जेवरातों को चुरा ले गए। आमलोग अपने घरों के निर्माण के दौरान बाहरी घुसपैठियों से बचने के लिए मजबूत खिड़की, दरवाजे, ग्रिल आदि लगाते हैं। उक्त घटना ने लोगों को अचंभित कर दिया है कि कैसे मकान मालिक के बिना खबर लगे, चोरों ने चोरी की घटना को अंजाम दिया।हालांकि इसके अलावे चोरों ने कुछ दूरी पर रह रहे रिटायर्ड डीईओ के भाई अरविंद कुमार के घर पर भी दस्तक दिया था,किंतु वे अंदर दाखिल नहीं हो पाए थे। थानाध्यक्ष सह इंस्पेक्टर राजेश कुमार ने बताया कि चोरों की पहचान को लेकर मोहल्ले के विभिन्न घरों में लगे सीसीटीवी फुटेज को खंगाला जा रहा है।वहीं आसपास के बाजार क्षेत्र के दुकानों व मकानों में लगे सीसीटीवी फुटेज की जांच की जा रही है। तकनीकी अनुसंधान के द्वारा जल्द ही चोरी की घटना का उद्भेदन पुलिस द्वारा की जाएगी एवं शामिल अपराधकर्मियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया जाएगा।

## छह साइबर अपराधियों को नवादा पुलिस ने किया गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा।** नवादा अब पुरी तरह साईबर अपराध का गढ़ बन गया है, पुलिस की लगातार कार्रवाई और गिरफ्तारी के बावजूद साइबर फ्रॉड लोगों से ठगी करने में लगे है। नवादा जिले के वारिसलीगंज थानाक्षेत्र के ग्रामीण इलाकों में पूरे देश के अलग -अलग राज्यों के पुलिस भी छापेमारी कर साइबर फ्रॉड को गिरफ्तार किया है। नवादा पुलिस भी लगातार साइबर अपराधी को गिरफ्तार कर जेल भेज रहे हैं। ताजा मामला पुनः नवादा जिले का वारिसलीगंज का हीं है जहां से पुलिस ने छह साइबर अपराधी को धर-दबोचा है। डीएसपी महेश चौधरी ने वारिसलीगंज थाना में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर जानकारी देते हुए बताया कि सोमवार को जिले के वारिसलीगंज थाना को सूचना मिली कि ग्राम टाटी मीर बिगहा में कुछ साइबर अपराधी द्वारा भोले भाले लोगों को ठगने का काम किया जा रहा है। उक्त सूचना को पुलिस अधीक्षक नवादा को अवगत करते हुए एवं विशेष छापेमारी दल का गठन कर नवादा पुलिस उक्त स्थान पर पहुंच कर देखा तो पाया कि ग्राम टाटी मीर बिगहा से पूरब पेड़ के



पास कुछ साइबर अपराधी अपराध कारित कर रहे हैं।

**घेराबंदी कर किया गिरफ्तार :** पुलिस टीम द्वारा घेराबंदी कर छापेमारी किया गया, तो सभी अपराधी पुलिस को देखकर भागने लगे, जिसमें से चार अपराधी को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त को थाना परिसर लाकर पूछताछ करने पर ज्ञात हुआ कि दो साइबर अपराधी ग्राम मालिचक से दक्षिण में छुपे हुए हैं। सूचना के सत्यापन एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु ग्राम मलीचक में घेराबंदी कर दो अभियुक्त गिरफ्तार कर लिया गया।

**साइबर अपराधी लोन दिलाने के नाम पर करते थे ठगी :** गिरफ्तार अभियुक्त के द्वारा अपने स्वीकारोक्ति बयान में बताया गया कि उनके द्वारा धनी फाइनेंस एंड सर्विस एवं अन्य कंपनियों के नाम से ऑनलाइन लोन दिलाने के नाम पर भोले भाले से ठगी की जाती थी। पूछताछ उपरांत उन्हें न्यायिक हिरासत भेजा जा रहा है। इस मामले में पुलिस ने रितेश कुमार पिता प्रमोद तांती ग्राम टाटीमीर बिगहा थाना वारिसलीगंज , विनय कुमार पिता सत्येंद्र कुमार ग्राम निरचक थाना वारिसलीगंज, जालेंधर कुमार पिता मंगरु तांती ग्राम टाटीमीर थाना वारिसलीगंज, रोहित कुमार पिता दिनेश तांती ग्राम टाटीमीर थाना वारिसलीगंज, त्रिवेणी कुमार पिता विनोद तांती ग्राम टाटी मीर थाना वारिसलीगंज एवं जयपाल कुमार पिता सुदामा तांती ग्राम टाटी मीर थाना वारिसलीगंज को गिरफ्तार कर लिया गया है। गिरफ्तार अपराधियों के पास से छह मोबाइल और 13 डेटा शीट बरामद किया गया है, डेटा शीट में ग्राहकों के नाम और मोबाइल नंबर समेत अन्य लेखा-जोखा लिखा है। पुलिस सभी गिरफ्तार लोगों को जेल भेज अग्रेतर कार्रवाई में जुट गयी है।

## नंदकिशोर चौरसिया बने भाजपा के जिला महामंत्री

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नवादा।** भारतीय जनता पार्टी में जिला कमिटी का गठन के बाद उत्पन्न अवरोध अब धीरे-धीरे शांत पड़ने लगा है। भाजपा के जिला अध्यक्ष अनिल मेहता द्वारा जारी सूची के बाद से नंदकिशोर चौरसिया, गौरव शांडिल गगन सहित चार लोगों ने कमिटी का विरोध करते हुए पद से इस्तीफा दे दिया था। पार्टी नेताओं का कहना था कि पुराने कार्यकर्ताओं को जिला अध्यक्ष द्वारा तरजीह नहीं दिया गया, पार्टी नेताओं द्वारा त्यागपत्र दिए जाने की बात प्रदेश अध्यक्ष दिलीप जायसवाल और भीखू भाई दलसानिया तक पहुंच गई। आगामी विधानसभा चुनाव पर इसका असर न पड़े इसको लेकर प्रदेश अध्यक्ष ने बीच बचाव का रास्ता अपनाया और नंदकिशोर चौरसिया के साथ ही गौरव शांडिल गगन को जिला महामंत्री बनाए जाने



की बात की। प्रदेश अध्यक्ष के निर्देशानुसार भाजपा के जिला अध्यक्ष अनिल मेहता ने इन दोनों के नाम महामंत्री बनाए जाने का एक पत्र जारी किया। पत्र जारी होने के बाद ही भाजपा के भीतर सुलग रही आग थोड़ी बहुत शांत होती दिख रही है लेकिन स्थानीय कुछ नेताओं का कहना है कि अभी भी कई पूर्व के जिला अध्यक्ष खास नाराज चल रहे हैं, जो जिला अध्यक्ष के कार्यक्रमों का बहिष्कार करने में लगे हैं।

## नगर परिषद कार्यालय स्थित आधार केंद्र से लैपटॉप चोरी, व्यवस्था पर उठे सवाल

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हिलसा (नालंदा)।** हिलसा शहर में लगातार बढ़ रही चोरी की घटनाओं ने आमजन की चिंता बढ़ा दी है। ताजा मामला नगर परिषद कार्यालय परिसर का है, जहां स्थित आधार नामांकन केंद्र से सोमवार की रात अज्ञात चोरों ने लैपटॉप चुरा लिया। जानकारी के अनुसार, चोरों ने खिड़की की ग्रिल तोड़कर केंद्र में प्रवेश किया और लैपटॉप लेकर फरार हो गए। मंगलवार की सुबह जब केंद्र संचालक सौरभ कुमार पहुंचे और ताला खोला, तो अंदर लैपटॉप गायब मिला और खिड़की टूटी हुई थी। इस घटना की लिखित शिकायत सौरभ कुमार ने नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी रविशंकर प्रसाद और हिलसा थाना में की है।

## तेज रफ्तार का कहर, कार चालक ने बाइक सवार को रौंदा

**आक्रोशित परिजनों ने वारिसलीगंज-अपसढ मुख्य पथ को जाम कर यातायात किया बाधित**

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**वारिसलीगंज (नवादा)।** वारिसलीगंज थाना क्षेत्र के झौर गांव के समीप सोमवार की अहले सुबह वारिसलीगंज-अपसढ मुख्य पथ पर बाइक व कार की आमने सामने टक्कर में बाइक सवार तीन लोग बुरी तरह से जख्मी हो गए। जख्मी में शामिल चकवाय ग्रामीण दवा दुकानदार 64 वर्षीय अशोक कुमार की इलाज के दौरान मौत हो गई जबकि झौर गांव के लकड़ी मिस्त्री 35 वर्षीय अशोक शर्मा तथा 29 वर्षीय आशीष कुमार गंभीर रूप से जख्मी हो गए, जिन्हें विम्स पावापुरी और पीएमसीएच रेफर किया गया है। बाद में आक्रोशित लोगों द्वारा दो घंटे से अधिक समय तक सड़क जाम कर विरोध प्रदर्शन किया। जाम स्थल पर उपस्थित परिजनों ने बताया कि मृतक अशोक घर में आंधी पानी के दौरान गिर चुके पेड़ को कटवा कर हटाने के लिए झौर गांव के दो लकड़ी मिस्त्री को बाइक पर बैठाकर साथ ले जा रहे थे। इसी बीच विपरीत दिशा से आ रही एक तेज रफ्तार कार ने जबरदस्त ठोकर मार दिया, जिससे बाइक के परखच्चे उड़ गए और उस पर सवार तीनों लोग बुरी तरह से लहूलुहान होकर सड़क पर लुढ़क गए। जबकि, घटना में शामिल तेज रफ्तार कार पास के गेहूं लगे खेत में पलटी मारने से क्षतिग्रस्त हो गई। इस क्रम में कार चालक भाग निकला। घटनास्थल पर उपस्थित लोगों की मदद से तीनों घायलो को स्थानीय पीएचसी लाया गया, जहां स्थिति की गंभीरता को देखते हुए प्राथमिक उपचार बाद तीनों को विम्स पावापुर रेफर कर दिया गया, जहां अशोक कुमार की इलाज के दौरान मौत हो गई जबकि, एक अन्य जख्मी को पीएमसीएच रेफर किया गया है। इलाज के दौरान मौत के बाद परिजनों द्वारा शव को घटनास्थल पर सर्वोदय राइस मिल के समीप रखकर सड़क जाम कर दिया। जाम की सूचना पर पहुंची पुलिस ने सड़क जाम कर रहे लोगों को समझाने बुझाने में घंटों मेहनत करती रही। इस बीच सामाजिक कार्यकर्ता द्वारा पीड़ित परिजनों को समझने व लगभग 2 घंटे बाद प्रखंड विकास पदाधिकारी के कर्मचारियों द्वारा पारिवारिक लाभ की राशि दिए जाने के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। घटना से आहत मृतक की पत्नी अंजू कुमारी का रो-रोकर बुरा हाल बना हुआ है जबकि, मृतक के पुत्र अभिषेक कुमार तथा आदित्या कुमार पिता की मौत से स्तब्ध है।

**पूर्व मध्य रेल**

**ई–निविदा सूचना**

**ई–निविदा सूचना सं० एस०जी०/डी०एस०ई०/टी०/ओ०टी०/01/25** वरीय मंडल संकेत एवं दूर संचार अभियन्ता, पूर्व मध्य रेल, राष्ट्रपति के तरफ से ई–निविदा, अनुभवी ठेकेदार से निर्मित फार्म में नीचे दिए गए कार्यों के लिए आमन्त्रित करती है। **1. कार्य का नाम एवं स्थान :** प्रोविजन ऑफ इलेक्ट्रॉनिक कोच इंडिकेशन बोर्ड्स (सी०आई०बी०) फार प्लेटफार्म नं०–7 एट डीडीयू, फेयर डिसप्ले बोर्ड फॉर यूटीएस/पीआरएस काउन्टर एण्ड अदर ऐमिनिटिज लाईक बीडियो वाल। **2. कार्य का अनुमानित मूल्य :** रू० 1,52,93,282.95/– (एक करोड़ बावन लाख तिरानबे हजार दो सौ बेयासी रूपये एवं पन्चानबे पैसे मात्र)। **3. धरोहर राशि :** रू० 2,26,500/– (दो लाख छबबीस हजार पाँच सौ रूपये मात्र)। **4. ई–निविदा बंद होने की तिथि एवं समय :** दिनांक 13.05.2025 को 12:30 तक। **5. वेबसाइट का पता जहाँ से ई–निविदा का पूर्ण विवरण देखा जा सकता है :** www.ireps.gov.in

**मं०सं० एवं दू०सं० अभि०**
**पूर्व मध्य रेल, डी.डी.यू.**
**पीआर/0130/डीडीयू/एस&टी/टी/25–26/28**

## पूर्व विधायक कौशल यादव ने कौआकोल के दरावां गांव से किया चुनावी शंखनाद

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कौआकोल।** गोविंदपुर एवं नवादा विधानसभा से पूर्व विधायक रहे कौशल यादव ने आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर तैयारियां शुरू कर दी है। मंगलवार को पूर्व विधायक कौशल यादव ने कौआकोल प्रखण्ड के दरावां पंचायत के दरावां गांव से विधानसभा का चुनावी शंखनाद किया। इस दरम्यान वे पंचायत के विभिन्न गांवों में लोगों से जनसम्पर्क कर एक बार फिर से पूर्व विधायक व अपनी धर्मपत्नी पूर्णिमा यादव के पक्ष में समर्थन देने की अपील किया। पूर्व विधायक ने बरौन, बाजितपुर, डोमनबाग, भुआलटांड़,महापुर आदि गांवों के लोगों से सपर्क स्थापित कर अपने एवं अपनी पत्नी पूर्व विधायक पूर्णिमा यादव के विधायक कार्यकाल की उपलब्धियों का जिक्र करते हुए कहा कि उनकी ओर से क्षेत्र के विकास के लिए किए गए काम आज जनता के सामने हैं। उन्होंने सदैव जाति एवं धर्म से ऊपर उठकर जमात को साथ लेकर चलने का काम किया है। जनसम्पर्क के दौरान जगह-जगह पर ग्रामीणों ने पूर्व विधायक कौशल यादव का भव्य स्वागत किया। मौके पर प्रमुख प्रतिनिधि सह पैक्स अध्यक्ष संजय यादव,पूर्व जिला पार्षद नारायण स्वामी मोहन, पैक्स अध्यक्ष रामाश्रय सिंह, शम्भू महतो, बिनोद सिंह, स्थानीय पैक्स अध्यक्ष रजनीश कुमार, उमेश सिंह आदि मौजूद थे।

## नगर परिषद कमेटी विस्तार को लेकर जदयू शिक्षा प्रकोष्ठ की बैठक आयोजित

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हिलसा (नालंदा)।** जदयू शिक्षा प्रकोष्ठ की एक अहम बैठक मंगलवार को हिलसा शहर के कौटिल्य नगर में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष प्रवीण कुमार विद्यार्थी ने की, जबकि मुख्य अतिथि के रूप में जिला अध्यक्ष डॉ. सुरेंद्र प्रसाद सिंह उपस्थित रहे। डॉ. सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के शासनकाल में राज्य के सभी वर्गों का समान रूप से विकास हुआ है। नालंदा जिले के राजगीर में स्टेडियम, चंडी में इंजीनियरिंग कॉलेज तथा हिलसा में आईटीआई कॉलेज की स्थापना इसके सशक्त उदाहरण हैं। हिलसा का पश्चिमी बाईपास चालू हो चुका है, जबकि पूर्वी बाईपास का निर्माण कार्य शीघ्र शुरू होगा। उन्होंने कहा कि अब शहर जैसी सुविधाएं ग्रामीण क्षेत्रों में भी उपलब्ध कराई जा रही हैं। शिक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के लिए सरकार बालवाड़ी, आंगनवाड़ी, प्राथमिक, माध्यमिक एवं उच्च माध्यमिक विद्यालयों के स्तर पर कई योजनाएं चला रही है। जदयू शिक्षा प्रकोष्ठ भी नालंदा जिले के सभी प्रखंडों में नई कमेटियों के गठन के बाद अब शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में कमेटी विस्तार की तैयारी में है। बैठक के दौरान हिलसा नगर परिषद क्षेत्र के सभी वार्डों में वार्ड अध्यक्ष मनोनीत करने की प्रक्रिया शुरू की गई। अब तक 12 वार्डों में वार्ड अध्यक्षों के नाम तय किए जा चुके हैं, जबकि शेष वार्डों के लिए चयन प्रक्रिया जारी है। बैठक में डॉ. परमानंद पंडित, डॉ. कृष्ण कुमार, अशोक कुमार, दिनेश प्रसाद, अरुण कुमार, सुनील चौधरी, आनंद राज, सत्येंद्र कुमार, संजय कुमार समेत दर्जनों लोग उपस्थित रहे।

## गैस के रिसाव से लगी आग,चार झुलसे

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रजौली।** मुख्यालय स्थित तरवना मोहल्ले में एक गुपचुप बेचने वाले दुकानदार के घर गैस के रिसाव से आग लग गई। इस दौरान गुपचुप दुकानदार समेत कुल चार लोग घायल हो गए। घायलों को अनुमंडलीय अग्निशमालय पदाधिकारी राम अवध सिंह एवं वार्ड संख्या 04 के पार्षद प्रतिनिधि बब्लू कुमार के सहयोग से सभी को इलाज हेतु भर्ती कराया गया है वहीं अस्पताल में ड्यूटी में रहे चिकित्सक डॉ. निवेदिता नंदिनी ने बताई कि आग से जलने वाले कुल चार मरीज अस्पताल पहुंचे हैं। मरीजों की पहचान तरवना मोहल्ला निवासी स्व. प्रसादी पंडित के पुत्र महावीर पंडित,महावीर पंडित की पत्नी कौशल्या देवी, महावीर पंडित के पुत्र नरेश पंडित एवं नरेश पंडित के पुत्र नीतीश कुमार के रूप में हुई है। सभी मरीजों का प्राथमिक इलाज कर अस्पताल में बने लू-वार्ड के एसी कमरे में सभी को शिफ्ट किया गया है, जहां चिकित्सकों की देखरेख में सभी का इलाज किया जा रहा है। अस्पताल परिसर में मौजूद परिजन कैलाश पंडित



ने बताया कि घर में गुपचुप बनाने के दौरान गैस लीकेज से आग लगने से यह हादसा हुआ है। फिलहाल सभी घायलों की स्थिति ठीक बताई जा रही है वहीं अनुमंडलीय अग्निशमालय पदाधिकारी राम अवध सिंह ने बताया कि वे सुबह टहलने के लिए निकले थे, इसी बीच वार्ड पार्षद प्रतिनिधि बब्लू कुमार द्वारा आगलगी की सूचना पर वे घटनास्थल पर पहुंचे एवं लगी आग को बुझाया साथ ही अस्पताल में इलाज हेतु भर्ती कराया।

**पूर्व मध्य रेल**

**विविध वैद्युतिक कार्य हेतु ई–निविदा सूचना**
**विद्युत (सामान्य) विभाग के लिये खुली निविदाएँ**

मंडल रेल प्रबंधक (विद्युत) पूर्व मध्य रेल, धनबाद द्वारा भारत के राष्ट्रपति की तरफ से निम्नलिखित कार्यों के निष्पादन के लिए ई–निविदा आमंत्रित की जाती है।

**ई–निविदा संख्या : ईएल/05/खुली/2025–26, क्रम सं० : 1. कार्य का नाम, स्थान एवं समापन अवधि :** (अ) ओबराः– ओबरा में 8 यूनिट टाइप–।।। क्वार्टरों के निर्माण (ब) शक्तिनगरः– शक्तिनगर में प्रतिस्थापन खाते पर 16 यूनिट टाइप–।। स्टाफ क्वार्टरों को 16 यूनिट टाइप–।।। स्टाफ क्वार्टरों द्वारा प्रतिस्थापन (स) एसएसई/वर्क्स/1/धनबाद के अनुभाग में अधिकारी कॉलोनी के अधिकारी बंगलों के सुधार से सम्बंधित विद्युत कार्य। (कार्य समापन अवधि : बारह माह), **2. कार्य के लिए प्राक्कलित राशि :** रू. 75,63,286.04, **3. बिड सिक्युरिटि :** 1,51,300.00, **4. बिड मूल्यांकन प्रणाली :** एक पैकेट प्रणाली, **5. ई–निविदा बंद होने एवं खुलने की तिथि एवं समय :** ई–निविदा बंद होने की तिथिः दिनांक 09.05.2025 को 11:00 बजे । ई–निविदा खुलने की तिथि : दिनांक 09.05.2025 को 11:30 बजे, **6. वेबसाईट का विवरण :** वेबसाईट **ireps.gov.in** ई–निविदा के तहत मैन्युअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं किए जायेंगे।

**मंडल रेल प्रबन्धक (विद्युत)**
**पूर्व मध्य रेल, धनबाद**
**पीआर/0127/डीएचएन/ईएलईसीटी/टी/25–26/36**

# नगर परिषद ने पारित किया 4 .55 करोड़ के लाभ का बजट

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**टिकारी(गया)।** नगर परिषद की बोर्ड द्वारा 4 करोड़ 55 लाख 13 हजार 575 रुपये के लाभ का बजट वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए पारित किया गया। नप को इस वर्ष 67 करोड़ 60 लाख 88 हजार 255 रुपये आय के रूप में, शेष राशि 34 करोड़ 26 लाख 65 हजार 56 रुपये अनुमानित हैं। वहीं व्यय के रूप में 97 करोड़ 32 लाख 39 हजार 737 रुपये खर्च करने का अनुमान लगाया गया है। नप को सबसे अधिक केंद्र व राज्य सरकार से 57.52 करोड़ रुपये विभिन्न विकास योजना व मद में मिलने की उम्मीद है। वहीं आंतरिक स्त्रोत से प्राप्त आय की बात करें तो निबंधन विभाग से 2.82 करोड़, सम्पति कर से 2.12 करोड़, सैरात से 84.1 लाख, व्यावसायिक कर से 64.97 लाख, फीस एवं यूजर चार्ज से 66.95 लाख, टावर टैक्स से 10.20 लाख, बीओक्यु से 50.70 लाख, ट्रेड लाइसेंस से 2.67 लाख, उपभोक्ता शुल्क से 38.57 लाख रुपये का आय होने का अनुमान लगाया गया है। वहीं नप द्वारा स्थापना में 2.72 करोड़, प्रशासनिक कार्य में 2.94 करोड़, बिजली ईंधन एवं अन्य में 10.13 करोड़, फॉगिंग व स्वच्छता में 6.15 करोड़, भूमि क्रय, मार्केट कॉम्प्लेक्स इत्यादि बड़ी योजनाओं में 52 करोड़ रुपये खर्च करने का अनुमान लगाया गया। नप द्वारा शहरी गरीबों के लिए 21.10 करोड़ रुपये खर्च करने का अनुमान लगाया गया है। बजट पर चर्चा के उपरांत बोर्ड के सदस्यों ने सर्वसम्मति से बजट को पारित किया व बजट में लाई गई नई योजनाओं पर शीघ्र काम करवाने की बात कही। बैठक की अध्यक्षता मुख्य पार्षद अजहर इमाम ने व संचालन कार्यपालक पदाधिकारी राजेश कुमार झा ने की। बैठक में उप मुख्य पार्षद सागर कुमार, टैक्स दारोगा कमलेश शुक्ला, पार्षद अशोक शर्मा, नीतीश कुमार, कुंती देवी, सोनी देवी, अनिरुद्ध शर्मा, संदीप सिंह, अरशद आलम, सादा खातून, गीता देवी, रणजीत कुमार सहित अन्य पार्षद मौजूद थे।

## अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग की टीम ने महिला कमिश्नर से की भेंट

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गया।** मंगलवार को अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग की टीम द्वारा (गया) नव पदस्थापित महिला कमिश्नर आयुक्त मगध प्रमंडल सफीना एएन का भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर टीम के सदस्यों ने गुलदस्ता और शॉल भेंट कर उन्हें सम्मानित किया। यह कार्यक्रम अत्यंत हर्ष और उत्साह के वातावरण में संपन्न हुआ। महिला कमिश्नर ने इस अवसर पर संबोधित करते हुए आश्वस्त किया कि महिलाओं से संबंधित किसी भी समस्या के समाधान में वे आयोग की टीम के साथ कदम से कदम मिलाकर कार्य करेंगी तथा हर संभव सहयोग प्रदान करेंगी। इस गरिमामय अवसर पर राखी अग्रवाल, रूपा अग्रवाल, विद्या अग्रवाल, मीरा अग्रवाल, निर्मला देवी, विमल अग्रवाल एवं कन्हैया (टिंकु) अग्रवाल का विशेष सहयोग सराहनीय रहा।

# आपका शहर आपकी बात कार्यक्रम आहूत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गया।** बिहार सरकार के नगर विकास एवं आवास विभाग के पत्रांक 4158 के द्वारा नगर निकाय क्षेत्र के नई बसावटों एवं नव विस्तृत क्षेत्र में नागरिक सुविधा उपलब्ध कराने हेतु गया में आपका शहर आपकी बात कार्यक्रम आहूत करने हेतु निर्देश प्राप्त है। कार्यक्रम में विस्तृत क्षेत्र एवं नई बसावटों में नाली, गली, सफाई, शौचालय, आवास एवं अन्य नागरिक सुविधा उपलब्ध कराने हेतु जन संवाद कार्यक्रम आहूत किया जाना है उक्त आलोक में मंगलवार को आपका शहर आपकी बात कार्यक्रम की समीक्षा बिहार के मुख्यमंत्री के द्वारा की गई जहां गया नगर निगम क्षेत्र में यह कार्यक्रम बृजभूषण संस्कृत महाविद्यालय में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में जिले के डीडीसी नवीन कुमार एवं नगर आयुक्त कुमार अनुराग वीसी के माध्यम से जुड़े थे। कार्यक्रम में नगर आयुक्त के द्वारा लोगों से अपने-अपने क्षेत्र की समस्या बताने हेतु अनुरोध किया गया। कार्यक्रम में वार्ड संख्या दो एवं एवं वार्ड संख्या 3 के नागरिक उपस्थित थे। लोगों ने अपने-अपने वार्ड से संबंधित नाली गली, नल जल, शौचालय, आवास, अतिक्रमण, साफ सफाई आदि की समस्याएं रखी गई। नगर आयुक्त गया नगर निगम के द्वारा उन सभी समस्याओं का निवारण हेतु संबंधित शाखा को भेजते हुए तुरंत कार्रवाई करने हेतु आदेश दिया गया। कार्यक्रम में उपनगर आयुक्त, जिला योजना पदाधिकारी, नगर प्रबंधक, नगर मिशन प्रबंधक, सहायक पंकज कुमार उपस्थित थे। आपका शहर आपकी बात कार्यक्रम गया नगर निगम क्षेत्र के अन्य नई बसावटों में भी आहूत किया जाएगा। वार्ड संख्या तीन में यह कार्यक्रम बृजभूषण संस्कृत महाविद्यालय वार्ड संख्या चार एवं पांच में सामुदायिक भवन बागेश्वरी मंदिर, वार्ड संख्या 29 में चंदौती हाई स्कूल चंदौती, वार्ड संख्या 46 में सूर्य मंदिर केंदुई, वार्ड संख्या 47 में सामुदायिक भवन देवी स्थान खंजाहापुर, वार्ड संख्या 51 में पंचायत भवन सुरी टोला धर्मशाला एवं वार्ड संख्या 53 में गौरी कन्या उच्च विद्यालय लखीबाग मानपुर में आहूत किया जाएगा।

# लू एवं चमकी बुखार से बचाव के लिये प्रशिक्षण

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**वजीरगंज(गया)।** चमकी को धमकी व गर्मी से करें बचाव याद रखें ये उपाय के श्लोगन के साथ मंगलवार को वजीरगंज में स्वास्थ्य टीम ने एक दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया। श्री रामानुग्रह उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के स्मार्ट क्लास तथा अन्य कमरों में आशा कार्यकर्ता, एएनएम, आंगनबाड़ी सेविका, शिक्षक, ग्रामीण चिकित्सक एवं जनप्रतिनिधियों को अलग - अलग प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण शिविर को संबोधित करते हुए गया जिला संचारी रोग पदाधिकारी डॉ0 पंकज कुमार सिंह ने कहा कि चमकी की ये तीन धमकी याद रखें सबसे पहले बच्चे को भरपेट भोजन कराने के बाद ही सुलायें, दूसरा रात के बीच या सुबह में चेक करें की बच्चा बेहोश तो नहीं, तीसरा बेहोशी या चमकी के लक्षण दिखे तो तुरंत आशा को सूचित करते हुए बच्चे को निःशुल्क एम्बुलेंस से अस्पताल लेकर पहुंचे। 5 - 7 दिनों से अधिक अगर बुखार हो, सरदर्द, पहचानने की क्षमता कम होने लगे, किसी अंग में लकवा मार दे तो तुरंत अस्पताल आकर परामर्श लें। अस्पताल लाते समय ध्यान रखें के मरीज को एक तरफ करके लिटाएं, ठुड्डी को उठाकर रखें और एक हाथ गाल के नीचे रख दें तथा शरीर को स्थिर रखने के लिये एक पैर मोड़ दें, इससे मरीज को राहत मिलेगी और खतरा कम होगा। वहीं लू से बचने का सबसे अच्छा उपाय यह है कि तेज गर्मी के समय अकारण घर से न निकलें, शरीर को ढकने वाले सूती वस्त्र पहनें, भोजन कर-के घर से निकलें, पर्याप्त पानी लेते रहें, सर पर तौलिया या गमछा रखें। अगर मरीज का चेहरा गर्म, लाल और सूखा लगे, तापमान 40 डि. हो जाय, उल्टी, तेज सिरदर्द, मांसपेशी में कमजोरी या ऐठन, चक्कर आना या इनसे मिलते अन्य लक्षण दिखे तो उसे तुरंत अस्पताल लायें। मरीज को छायादार स्थान में पैर को ऊंचा करके लिटायें, ठंढी हवा का प्रयोग करें, रोगी को ओआरएस का घोल या नींबू पानी, नमक चीनी का घोल पीने को दें। सबसे पहले इनसे बचाव ही पहला उपाय को चुनें तथा स्वस्थ रहें। मौके पर स्वास्थ प्रबंधक सैयद नैयर आजम, पीरामल समन्वयक विजय कुमार, शुभम कुमार एवं अंकीता सुरेश राउत सहित अन्य प्रशिक्षक मौजूद थे।

## बेलागंज थाना में लंबित कांडों की समीक्षा

**गया।** जिले के एसएसपी आनंद कुमार के निर्देशानुसार मिशन अनुसंधान के तहत रविवार को डीएसपी विधि-व्यवस्था के द्वारा बेलागंज थाना में लंबित कांडों की समीक्षा की गई। समीक्षा के दौरान सत्य पाए गए मामलों में फरार एवं वांछित अपराधियों के विरुद्ध त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करने हेतु गिरफ्तारी/वारंट और कुर्की की प्रक्रिया को पूरा करने के साथ ही लंबित सभी बिंदुओं पर शीघ्रता से कार्रवाई करते हुए लंबित कांडों के त्वरित निष्पादन के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया। इसके अतिरिक्त न्यायालय से निर्गत अधिपत्रों जैसे वारंट, इश्तिहार, कुर्की आदि के त्वरित निष्पादन हेतु भी स्पष्ट निर्देश दिए गए।

# महिला संवाद से मिल रहा महिलाओं को अपनी बात रखने का अवसर

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गया।** जिले के सभी प्रखंडों में आज 54 ग्राम संगठनों के माध्यम से महिला संवाद कार्यक्रम का आयोजना किया गया। टिकारी एवं मोहनपुर में चार ग्राम संगठनों में कार्यक्रम का आयोजना किया गया, वहीं शेष प्रखंडों में दो-दो ग्राम संगठनों के माध्यम से कार्यक्रम का आयोजन किया गया। बावजूद भीषण गर्मी के, महिलाओं ने कार्यक्रम में सक्रिय भागीदारी दिखाई पड़ी। 18 अप्रैल से सभी प्रखंडों के दो पंचायतों में प्रतिदिन दो पालियों में महिला संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। मोहनपुर एवं टेकारी में चार पंचायतों में कार्यक्रम हो रहा है। इन कार्यक्रमों के माध्यम से गांव की महिलाओं को स्थानीय समस्याओं को लेकर अपनी बात करने का खुला मंच मिला है। वे संवाद कार्यक्रम में अपनी एवं अपने गांव की समस्याओं की खुल कर चर्चा कर रही हैं। समस्याओं को महिला संवाद ऐप के जरिये आयोजक दल को नोट भी करा रही हैं। साथ ही वे सरकार के विभिन्न योजनाओं के लाभ की भी चर्चा कर रही हैं। जगह-जगह पर महिलाओं ने अपने अनुभव साझा किए और सशक्तिकरण के नए रास्तों पर चर्चा की। संवाद के दौरान महिला शिक्षा, रोजगार, सुरक्षा तथा उनके अधिकारों से जुड़े मुद्दों पर बात की गई। महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं की जानकारी दी तथा उनके क्रियान्वयन पर चर्चा की गई। महिला सशक्तिकरण को नई दिशा देने के उद्देश्य से महिला संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इस संवाद का उद्देश्य महिलाओं को जागरूक करना, उनकी आवाज को बुलंद करना और उनके सामाजिक, आर्थिक तथा राजनैतिक सशक्तिकरण को सुनिश्चित करना है। कार्यक्रम में इस बात पर चर्चा की जा रही कि महिलाओं के समग्र विकास के लिए और किन-किन प्रयासों की जरुरत है। समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाया जा सकता है। महिला संवाद ने गया की महिलाओं को एक मंच प्रदान किया जहां वे अपनी समस्याओं को साझा कर सकें और उनके समाधान की दिशा में कदम बढ़ा सकें। यह पहल महिलाओं के हित में एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगी और उन्हें जागरूक बनाने में सहायक सिद्ध होगी। भविष्य में इस प्रकार के संवादों के माध्यम से महिलाओं को जागरूक करने और उनके सशक्तिकरण को बढ़ावा देने की योजना बनाई जा रही है।

## हत्या कर शव जलाने की जांच के लिए को लेकर टीम गठित

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गया।** जिले के गहलौर थाना के थानाध्यक्ष को सूचना मिली कि ग्राम कर्जनी में दहेज को लेकर एक महिला की हत्या कर दी गई है तथा साक्ष्य मिटाने के उद्देश्य से शव को जलाया जा रहा है। प्राप्त सूचना से एसएसपी को अवगत कराते हुए थानाध्यक्ष, गहलौर थाना के द्वारा तत्क्षण घटनास्थल पर पहुंचकर घटनास्थल को संरक्षित किया गया तथा जलाए जा रहे शव को पुलिस अभिरक्षा में ले कर अंत्यः परीक्षण हेतु एएनएमएमसीएच गया भेजा गया। एसएसपी आनंद कुमार के द्वारा इस कांड को गंभीरता से लेते हुए एएसपी ग्रामीण के मार्गदर्शन एवं डीएसपी नीमचक बथानी के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया गया और उन्हें त्वरित एवं आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए गए। डीएसपी नीमचक बथानी के द्वारा विशेष टीम के साथ घटनास्थल पर पहुंचकर घटनास्थल का निरीक्षण किया गया। साथ ही एफएसएल एवं तकनीकी टीम को घटनास्थल पर साक्ष्य संकलन हेतु बुलाया गया। विशेष टीम द्वारा आसूचना संकलन एवं तकनीकी अनुसंधान कर लगातार छापेमारी की जा रही है। शीघ्र ही इस कांड में संलिप्त सभी अपराधकर्मियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# संकुल संसाधन केंद्र का जीर्णोद्धार और राष्ट्रगान स्तंभ का विधायक ने किया उद्घाटन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोंच।** राजकीय मध्य विद्यालय कोंच के प्रांगण में संकुल संसाधन केन्द्र के जीर्णोद्धार के उपरांत उद्घाटन व राष्ट्रगान स्तम्भ का उद्घाटन पूर्व मंत्री सह विधायक डा अनिल कुमार के द्वारा फीता काट कर मंगलवार को किया गया। वहीं प्रखण्ड के 19 उच्च माध्यमिक विद्यालयों के मैट्रिक व इंटर के अपने विद्यालय के टॉप फाइव बच्चों को मेडल देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रधानाध्यापक विमलेश कुमार व संचालन रिंकू कुमार के द्वारा किया गया। उद्घाटन समारोह को संबोधित



करते हुए विधायक डा अनिल कुमार ने कहा कि 15 साल पहले कोंच गांधी इंटर कालेज समेत विभिन्न विद्यालयों में बच्चों को पढ़ने का कोई साधन नहीं था और न ही विद्यालयों में बच्चे टिक पाते थे, लेकिन अब सभी विद्यालयों में साधन के साथ-साथ शिक्षकों की संख्या ज्यादा है और अब पढ़ाई भी अच्छी होती है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के द्वारा हमारे क्षेत्र में आईटीआई व पोल्टेकनिक कालेज भी दिया गया है। कोंच में गर्मी को देखते हुए कोंच व आंती में 10 एमबी व मउ में पांच एमबी का ट्रांसफार्मर दिया गया है जिसमें कोंच में तो ट्रांसफार्मर कार्य कर रहा है। आंती में ट्रांसफार्मर का काम चल रहा है जिससे गर्मी में काफी राहत जनता को मिलेगा। वहीं, प्रखण्ड शिक्षा पदाधिकारी अभय कुमार रमण के सौजन्य से गांधी इंटर कालेज कोंच, प्रोजेक्ट कन्या उच्च विद्यालय कोंच डीह, उच्च माध्यमिक विद्यालय उतरेंन, परसावां, चबुरा, गरारी, तुतुरखी, खभरा, सिंदुआरी, खजुरी, कराई, आंती, अदई, काबर, गौरी विगहा, दिग्गी, अहियापुर आदि के उच्च माध्यमिक विद्यालयों के मैट्रिक व इंटर की परीक्षा में अपने विद्यालय के टॉप फाइव बच्चों को बीईओ व विधायक के द्वारा मेडल देकर सम्मानित किया गया। उक्त कार्यक्रम में मध्याह्न भोजन प्रभारी ब्रजेश कुमार, समन्वयक श्रवण नारायण शाण्डिल्य, संचालक मनोज कुमार, मुक्ति नारायण शाण्डिल्य समेत सभी विद्यालयों का प्रधानाध्यापक व शिक्षक शामिल थे।

## 14 आरोपित गिरफ्तार

**डिहरी ऑन-सोन (नबिटा ब्यूरो)।** अपराधियों व शराब तस्करों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान में पुलिस ने विभिन्न कांडों के 14 आरोपितों को गिरफ्तार कर मंगलवार को जेल भेज दिया। एसपी रौशन कुमार के अनुसार गिरफ्तार आरोपितों में विविध कांड, वारंटी व शराब तस्कर है। 45 लीटर देशी शराब, दो बाइक, एक कार, एक स्कॉर्पियो जब्त किया गया। उन्होंने बताया कि यातायात नियमों के पालन कराने को वाहन जांच अभियान में डेढ़ लाख रुपए जुर्माने की राशि वसूली गई।

## भाकपा (माले) लिबरेशन का स्थापना दिवस एवं लेनिन जयंती का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोंच/गुरारू।** भारत की कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी -लेनिनवादी) लिबरेशन, गुरारु के बैनर तले बीपीएस कोचिंग सेंटर, इसमाइलपुर (रेलवे स्टेशन) के प्रांगण में पार्टी की स्थापना की 56 वीं सालगिरह और रूसी क्रांति के महान नायक का.लेनिन के जन्म की 255 वीं सालगिरह मनाया गया। इस कार्यक्रम को कार्य दिवस के रूप में 30 अप्रैल 2025 तक आयोजित करने और कैडर भर्ती, नवीकरण, ब्रांच गठन/ पुनर्गठन करने का निर्णय लिया गया। निर्णयानुसार 23 अप्रैल को मीठापुर, 24 अप्रैल को करमडीह, 25 अप्रैल को दौलता, 26 अप्रैल को केसरुविगहा, 27 अप्रैल को इसमाइलपुर, 28 अप्रैल को भीमपुर, 29 अप्रैल को गरजु विगहा और 30 अप्रैल को बहेरा में उक्त कार्यक्रम किए जाएंगे। कार्यक्रम में का.जयनंदन शर्मा, कॉ.राम पुकार विश्वकर्मा, का० राम विजय यादव, का० बालेश्वर प्रसाद यादव (जिला पार्षद, गुरारु) ,का० मुन्ना प्रसाद, का० अरविंद मांझी , का० राजेन्द्र यादव , का० नवनीत कुमार मंटू, का० हीरालाल सिंह एवं का० धनंजय कुमार उर्फ दारा सिंह शामिल थे।

# पृथ्वी दिवस पर जीबीएम कॉलेज में विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गया।** गौतम बुद्ध महिला कॉलेज में विज्ञान संकाय की ओर से पृथ्वी दिवस के अवसर पर विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन मंगलवार को किया गया। कार्यक्रम का संयोजन रसायनशास्त्र विभाग की अध्यक्ष प्रो अफशां सुरैया, डॉ बनीता कुमारी, जंतुविज्ञान विभागाध्यक्ष डॉ. फरहीन वजीरी, वनस्पति विज्ञान विभागाध्यक्ष डॉ रुखसाना परवीन एवं कॉलेज भौतिकी विभाग की नवनियुक्त असिस्टेंट प्रोफेसर्स डॉ दीपिका एवं डॉ सपना पांडे ने संयुक्त रूप से किया। विज्ञान प्रदर्शनी का उद्घाटन कॉलेज के प्रभारी प्रधानाचार्य डॉ. सहदेब बाउरी ने फीता काटकर किया। कॉलेज की विज्ञान संकाय की छात्राओं ने त्वरित गति से होते जलवायु परिवर्तन की वजह से पृथ्वी पर मंडराते संकट के बादलों को दर्शाते तरह-तरह के थ्रीडी मॉडल्स बनाये। छात्राओं ने विषय के अनुरूप प्रस्तुति दी। विज्ञान प्रदर्शनी में गीतांजलि, अनीषा, सोनाली, रितिका, प्रीति, सिमरन, पिया, कुसुम, प्रीति, अंजली, अनु, कोमल, तेजस्विनी, मुस्कान, अनामिका, अंकिता, बेबी, रिचा, रिन्नी, श्रेया, हर्षिता ने वायु प्रदूषण, जल प्रदूषण, थल प्रदूषण, वनों का कटाव, कचरों के जमाव, वैज्ञानिक प्रगति के कारण प्रकृति से की जा रही अनावश्यक छेड़छाड़ को दर्शाते मॉडल्स बनाये। कॉलेज की पीआरओ डॉ रश्मि प्रियदर्शनी ने बताया कि विज्ञान संकाय द्वारा आयोजित इस प्रदर्शनी के आयोजन का मूल उद्देश्य छात्राओं को धरती को सुरक्षित और संरक्षित रखने हेतु अनवरत प्रयास करते रहने के लिए प्रेरित करना था। प्रदर्शनी में प्रथम, द्वितीय तथा तृतीय स्थान पर चयनित वैज्ञानिक माडल्स को पुरस्कृत भी किया जायेगा। प्रभारी प्रधानाचार्य डॉ सहदेब बाउरी ने प्रतिभागी छात्राओं को अपने घर-परिवार के लोगों को भी धरती को हरा-भरा बनाये रखने हेतु जागरूक करने को कहा। कार्यक्रम में प्रो. अफशां सुरैया, डॉ रुखसाना परवीन, डॉ फरहीन वजीरी, डॉ सपना पांडे, डॉ दीपिका, डॉ बनीता कुमारी, प्रीति शेखर, डॉ प्यारे मांझी, डॉ नगमा शादाब, डॉ रूही खातून आदि की उपस्थिति रही।

# सीयूएसबी में छात्रों द्वारा नवाचारों की शानदार प्रस्तुति

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**टिकारी(गया)।** दक्षिण बिहार केन्द्रीय विश्वविद्यालय के इंस्टीट्यूशन इनोवेशन काउंसिल के स्टार्टअप कमेटी के द्वारा आइडियाथॉन 2025 का आयोजन किया गया जिसमें प्रतिभागी छात्रों द्वारा नवाचारों की शानदार प्रस्तुति दी गई। कुलपति प्रो. कामेश्वर नाथ सिंह के संरक्षण में आयोजित कार्यक्रम का उद्देश्य नवाचार, रचनात्मकता और छात्र-नेतृत्व वाली उद्यमशीलता को प्रोत्साहित करना था। जन सम्पर्क पदाधिकारी मोहम्मद मुदस्सीर आलम ने बताया कि प्रो. वेंकटेश सिंह के मार्गदर्शन में आयोजित आइडियाथॉन ने यह स्पष्ट किया कि सीयूएसबी नवाचार, अधिगम और सामाजिक रूप से प्रेरित उद्यमशीलता का केंद्र बनने की दिशा में अग्रसर है। कार्यक्रम की शुरूआत स्टार्टअप कमेटी के छात्र समन्वयक पूर्णेन्दु प्रभात द्वारा स्वागत भाषण से हुई। उन्होंने शैक्षणिक परिसरों में नवाचार की संस्कृति को मजबूत करने की आवश्यकता पर जोर देते हुए कहा कि विचारों को जब क्रियान्वयन और सहयोग से जोड़ा जाता है तो वे स्टार्टअप इंडिया और आत्मनिर्भर भारत की दिशा में महत्वपूर्ण योगदान दे सकते हैं। आइडियाथॉन में कुल पांच टीमों ने भाग लिया और अपनी अभिनव स्टार्टअप अवधारणाएं प्रस्तुत की जिसमें विशेष आवश्यकता वाले बच्चों की प्रारंभिक शिक्षा के लिए स्मार्ट लर्निंग डिवाइस, छोटे शहरों के लिए एक स्थानीय मरम्मत सेवा एग्रीगेट, प्रोटीन की कमी से निपटने के लिए स्पाइरुलिना-आधारित चॉकलेट बार, डिलीवरी, राइड-शेयरिंग और पीयर-टू-पीयर सेवाओं के लिए एक बहु परियोजनात्मक ऐप और जैविक रूप से विघटनीय बांस फाइबर से बने पर्यावरण-अनुकूल मासिक धर्म स्वच्छता उत्पाद आदि शामिल थे। निर्णायक मंडल में प्रो. वेंकटेश सिंह (विभागाध्यक्ष भौतिकी विभाग तथा आईआईसी अध्यक्ष) और डॉ. नेमी चंद्र राठौर (एसोसिएट प्रोफेसर, कंप्यूटर विज्ञान विभाग) शामिल थे। दोनों निर्णायकों ने प्रतिभागियों के विचारों की सराहना की और उन्हें उपयोगी सुझाव दिए। कार्यक्रम का संचालन स्टार्टअप कमेटी की फैकल्टी कोऑर्डिनेटर श्रीमती रेनू (सहायक प्रोफेसर, वाणिज्य एवं प्रबंधन अध्ययन विभाग) के मार्गदर्शन में हुआ। आयोजन में आईआईसी के सचिव प्रियांशु कांत और छात्र सह-समन्वयक वैष्णवी कुमारी की सक्रिय भूमिका सराहनीय रही। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ।

# भीम संवाद में केंद्रीय मंत्री का किया भव्य अभिनंदन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गया।** शहर के डेल्हा स्थित धनिया बगीचा में मंगलवार को आयोजित भीम संवाद सह भारत सरकार के केन्द्रीय मंत्री सह गया के सांसद जीतनराम मांझी का हजारों संख्या में मौजूद स्थानीय लोगों की मौजूदगी में नागरिक अभिनन्दन समारोह आयोजन किया गया। उक्त कार्यक्रम के आयोजक जिलाध्यक्ष महानगर जदयू राजकुमार प्रसाद उर्फ राजु वर्णवाल एवं हम सेकुलर महानगर गया अध्यक्ष मुकेश चौधरी ने संयुक्त रूप से किया। सभा को संबोधित करते हुए केंद्रीय मंत्री जीतनराम मांझी ने भारत के युवाओं की ताकत पर जोर दिया और उनसे नए भारत के निर्माण के लिए डॉ अंबेडकर की विरासत के पथ प्रदर्शक बनने का आह्वान किया। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि वे विकसित भारत की ओर भारत की यात्रा में बाबा साहेब अंबेडकर और अन्य महान नेताओं की दूरदर्शिता, विरासत और अनुकरणीय कार्यों से प्रेरणा लें। उन्होंने 1947 की शुरूआत में महिलाओं के लिए समान अधिकार सुनिश्चित करने में बाबा साहेब अंबेडकर के अग्रणी योगदान पर प्रकाश डाला, वह समय जब दुनिया के कई हिस्सों में लैंगिक समानता को मान्यता नहीं दी गई थी। इस मौके पर राजू बरनवाल ने भी कहा कि जातीय गणना के बाद लगभग 20% की आबादी को हमारे मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बनाने का काम किया है। उसके लिए आरक्षण के प्रावधानों को बढ़ाया है। हम सब लोग नीतीश कुमार के प्रति आभार व्यक्त करते हैं। इस कार्यक्रम मुख्य रूप से उपस्थित जदयू के प्रभारी अरमान उर्फ गुड्डु, जदयु नेता इकबाल हुसैन, हम नेता रोमित कुमार, नारायण मांझी, टुटु खां, अंकुश बग्गा, कमांडर, रमेश सिंह, प्रो. अनिल, अशोक चौधरी, विनोद, संटु कुमार, जगत नारायण, विजय, विकास सहित हजारों की संख्या में मौजूदगी रही।


## कार्यालय मेदिनीनगर नगर निगम

ज्ञापांक....................../दिनांक......................

**आम सूचना**

आप सभी होर्डिंगधारियों/एजेंसियों/संवेदक को सूचित किया जाता है कि मेदिनीनगर नगर निगम क्षेत्रान्तर्गत होर्डिंग बोर्ड अधिष्ठापन हेतु वितीय वर्ष 2025–26 के लिए दर की विवरणी निम्नवत हैः–

| क्रमांक | अधिष्ठापन का स्थान | पंजीकृत होर्डिंग की दर | अधिष्ठापन शुल्क/ | पंजीकरण शुल्क |
|---|---|---|---|---|
| 1. | सरकारी | 80 Rs. per sqft. | 30,000/– | 5,000/– |
| 2. | गैर–सरकारी | 25 Rs. per sqft. | 30,000/– | 5,000/– |
| 3. | इलेक्ट्रिक पोल | 200 Rs. per sqft. | 30,000/– | 5,000/– |
| 4. | युनिपोल | 300 per sqft. Both Sides | 30,000/– | 5,000/– |
| 5. | लॉली पोप | 200 per sqft. | 15,000/– | 5,000/– |
| 6. | तोरण पोल (Toran Pole) | 2000 for 3 Days | – | 5,000/– |
| 7. | ट्रैफिक पुलिस बुथ, पार्किंग बुथ, दुग्ध बिक्री बुथ | 200 Rs. per sqft. | – | 5,000/– |
| 8. | वाहन से प्रचार–प्रसार | किसी भी संस्थान/प्रतिष्ठान/व्यवसायी को वाहन से प्रचार–प्रसार करने हेतु प्रति सप्ताह मो0– 5,000/–रू0 का शुल्क कार्यालय में जमा करना अनिवार्य होगा अन्यथा झारखण्ड नगरपालिका अधिनियम, 2011 के धारा– 600 के तहत् मो0– 25,000/– रू0 का जुर्माना लगाया जायेगा। | | |
| 9. | दिवार पेन्टिंग (प्रचार– प्रसार हेतु) | नगर निगम क्षेत्रान्तर्गत दिवालों पर प्रचार–प्रसार हेतु पेन्टिग किया जाता है तो झारखण्ड नगरपालिका अधिनियम, 2011 के धारा– 600 के तहत् मो0– 25,000/– रू0 का जुर्माना लगाया जायेगा। | | |

**नोट :–** सभी होर्डिंगधारी/एजेंसी/संवेदक को सूचित किया जाता है कि वित्तीय वर्ष 2025–26 हेतु सभी प्रकार के होर्डिंग/युनिपोल के प्रचार–प्रसार हेतु निम्न नियम एवं शर्तों का पालन करना अनिवार्य होगा।

1. पंजीकरण करवाना अनिवार्य होगा जिसका शुल्क प्रति वित्तीय वर्ष मो0– 5,000/– रूपये है।
2. कुल दर का 50 प्रतिशत शुल्क अग्रिम भुगतान करना अनिवार्य होगा।
3. कुल दर का 25 प्रतिशत शुल्क का वित्तीय वर्ष के द्वितीय त्रैमासिक (Quarter) में भुगतान करना अनिवार्य होगा।
4. शेष 25 प्रतिशत शुल्क का वित्तीय वर्ष के तृतीय त्रैमासिक (Quarter) में भुगतान करना अनिवार्य होगा।
5. सभी होर्डिंगधारी/एजेंसी/संवेदक अपने अधिष्ठापित होर्डिंग/युनिपोल पर एजेंसी का नाम, पंजीकरण संख्या (जो कार्यालय द्वारा दिया जायेगा), मोबाईल नं0 अंकित करना सुनिश्चित करेंगे।
6. बिना पंजीकरण/अनुमति के होर्डिंग/युनिपोल/बैनर/तोरण द्वार/दीवाल पेंटिंग आदि प्रचार–प्रसार के लिए लगाए जाते है तो झारखण्ड नगरपालिका अधिनियम, 2011 के धारा 602 के अध्याय 19 के तहत् सुसंगत धाराओं में नियत दर का 2 गुणा से 5 गुणा जुर्माना वसुला जायेगा एवं होर्डिंग/युनिपोल/बोर्ड/तोरण द्वार जब्त की जा सकती है।

अतः सभी होर्डिंगधारी/एजेंसी/संवेदक को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त सूचना का अनुपालन इस वित्तीय वर्ष में करना सुनिश्चित करें। यह आदेश तत्काल प्रभाव से लागू रहेगा।

ह0/–
नगर आयुक्त –सह– प्रशासक
मेदिनीनगर नगर निगम

PR 350782 (District)25-26*D


# मगध युवा प्रकोष्ठ के बैनर तले कर्तव्यनिष्ठ सम्मान समारोह का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गया।** गत रविवार को अखिल विश्व गायत्री परिवार की युवा इकाई मगध युवा प्रकोष्ठ के बैनर तले कार्यकर्ता सम्मेलन सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। उपरोक्त जानकारी मगध युवा प्रकोष्ठ के मीडिया प्रभारी अमित कुमार ने दिया। संचालक मनीष मिश्रा ने कहा कि बेहतर समाज बनाने के प्रेरणा से ओत - प्रोत कर प्राणवान और निष्ठावान एवं सुधीजन परिजनों को गत माह मार्च में आयोजित शक्ति संवर्धन 108 कुंडीय गायत्री महायज्ञ को सफल बनाने के लिए सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में मगध विश्वविद्यालय के भूगोल विभाग के विभागाध्यक्ष प्रोफेसर डॉ बीरेंद्र कुमार, मास्टर ऑफ कंप्यूटर एप्लीकेशन के विभागाध्यक्ष प्रोफेसर डॉ अमित कुमार, गायत्री परिवार के वरिष्ठ कार्यकर्ता विजय सिंह, गायत्री शक्तिपीठ, गया जी के व्यवस्थापक संजय शर्मा और जैनेन्द्र मालवीय रहें। वहीं डॉ बीरेंद्र कुमार ने कहा कि आज समाज के सामने अनेक चुनौतियां है जिसमें हम सभी को समस्याओं के समाधान हेतु अपनी-अपनी भागदारी सुनिश्चित करना चाहिए। जैनेंद्र मालवीय ने युवाओं को समाज के हरेक रचनात्मक गतिविधियों में युवाओं को आगे आने को प्रेरित किया जिसमें रक्तदान महत्वपूर्ण था उन्होंने कहा कि वक्त के साथ रक्तदान भी जरूरी है। इसलिए आप इस माध्यम से भी समाज के साथ जुड़ सकते हैं। प्रोफेसर डॉ अमित कुमार ने कहा कि हम आज गायत्री शक्तिपीठ के रचनात्मक कार्य में सम्मिलित होकर काफी गौरव महसूस कर रहे हैं। ऐसा युवाओं को प्रेरित करने वाला कार्यक्रम समय - समय पर होते रहना चाहिए जिससे युवाओं को प्रोत्साहन मिले। कार्यक्रम को सफल बनाने में गायत्री शक्तिपीठ, गया जी के ट्रस्ट मंडल सहित, मगध युवा प्रकोष्ठ के सक्रिय कार्यकर्ता, कन्या जागृति मंडल, महिला मंडल, प्रज्ञा मंडल आदि ने अहम भूमिका निभाई।

संपादकीय

# नक्सलमुक्त गांव- बड़ी उपलब्धि

सरकारी दावे पर भरोसा करें तो छत्तीसगढ़ के सुकमा जिले का बड़ेसेट्टी राज्य का पहला नक्सलमुक्त गांव बन गया है। यह उपलब्धि गांव के 11 नक्सलियों के आत्म समर्पण के बाद हासिल हुई है। बडेसेट्टी गांव सुकमा जिला मुख्यालय से लगभग 35 किलोमीटर और रायपुर से 430 किलोमीटर दूर है। इसके पीछे केन्द्र और राज्य सरकार के संयुक्त नक्सलविरोधी अभियान है। सुकमा के एसपी ( किरण चव्हाण के अनुसार पुलिस पिछले 15 दिनों से बडेसेट्टी पंचायत के प्रतिनिधियों के संपर्क में थी। पुलिस गांव के मिलिशिया और प्रतिबंधित संगठन की क्रांतिकारी पार्टी समिति के सदस्यों को आत्मसमर्पण करने के लिए प्रोत्साहित कर रही थी। उम्मीद है कि छत्तीसगढ़ के बाकी जिले भी जल्द ही नक्सलमुक्त होकर विकास की मुख्य धारा में लौटेंगे। क्योंकि 'बंदूक की नली से ही क्रांति निकलती है' जैसे अव्यवहारिक और अभारतीय विचारों की राह पर चलकर नक्सलियों को कुछ भी हासिल नहीं हुआ है। उल्टे इससे छत्तीसगढ़ के आदिवासी इलाकों में शोषण, दमन और अत्याचार की नई कहानियां जरूर लिखी गईं। वैसे भी नक्सलवाद अतिवादी वामपंथी सोच की पैदाइश है, जिससे समझदारी वामपंथियों ने भी किनारा कर लिया था। यही कारण है कि जिस पश्चिम बंगाल में जमींदारी प्रथा के खिलाफ नक्सलवाद ने जन्म लिया था, वहां तो जल्द ही दम तोड़ गया, लेकिन नक्सलियों और उनके आकाओं ने प.बंगाल से बाहर छत्तीसगढ़, आंध्रप्रदेश, तेलंगाना, बिहार, झारखंड, महाराष्ट्र आदि राज्यो के घने जंगलों वाले इलाकों में पैर जमा लिए। ये नक्सली उन भोले भाले आदिवासियों को बरगलाने में कामयाब रहे जो पहले ही शोषण, भेदभाव और गरीबी का शिकार थे। नक्सलियों के वैचारिक और आर्थिक पोषण का काम शहरी नक्सली करते रहे, जो अब कम रह गए हैं और सरकारी एजेंसियों के दबाव के कारण छिपते फिर रहे हैं। हालांकि इन नक्सलियों ने पिछले कुछ सालों से खुद को माओवादी कहना शुरू कर दिया था। वे उस माओवाद को जिंदा रखना चाहते थे, जिसका अब चीन में भी कोई नामलेवा नहीं है। बहरहाल बड़ेसेट्टी गांव में विकास और शांति की नई धारा बह सकती है। सरकार की नीति के अनुसार गांव को उसकी विकास परियोजनोंके लिए एक करोड़ रू. मिलेंगे। इसकी घोषणा केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने की थी। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कुछ दिन पहले दंतेवाड़ा के दौरे पर छत्तीसगढ़ सरकार की इस घोषणा की सराहना की थी कि जो गांव खुद को 'नक्सल-मुक्त' घोषित करेगा और माओवादियों का आत्मसमर्पण कराएगा, उसे 1 करोड़ रुपये दिए जाएंगे। शाह ने गांव में बैठकें करने, चरमपंथियों तक पहुंचने और उन्हें आत्मसमर्पण करने के लिए मनाने का आग्रह किया था। इसी रणनीति का पालन बडेसेट्टी में किया गया और गांव अब नक्सल मुक्त हो गया है। दरअसल नक्सलवाद के रूप में हिंसक आंदोलन की कमर तोड़ने का मुख्य श्रेय अमित शाह को ही जाता है, जिन्होंने केन्द्रीय सुरक्षा बलों और राज्य पुलिस के बीच समन्वय बिठाकर नक्सलियों को बेदम कर दिया। सुरक्षा बलों को अत्याधुनिक हथियार और संसाधन दिए गए तथा घने जंगलों में घुसने की इजाजत दी गई। इस फ्री हैंड का नजीता यह हुआ है कि देश में नक्सलवाद केवल चार जिलों तक सिमट गया है। वो नक्सलवाद जो कभी देश में उत्तर से दक्षिण तक 'रेड कॉरिडोर' बनाने का दावा करता था। अमित शाह ने सुरक्षा बलों को 31 मार्च 2026 तक आखिरी नक्सली को भी खत्म करने की डेड लाइन दी हुई है। नक्सलवाद का यह खात्मा दो स्तरों पर हो रहा है, पहला तो नक्सलियों के खिलाफ सशस्त्र कार्रवाई और दूसरे उनका समर्पण करवाना। सरकार ने आत्मसमर्पित नक्सलियों के पुनर्वास की भी अच्छी नीति लागू की है। उसका भी असर इस अभियान में देखने को मिल रहा है।

# मानव जीवन एवं समग्र सृष्टि का अमूल्य दर्शन है 'एकात्म मानववाद'



डॉ. संजय मयूख

एकात्म मानव दर्शन, कोई सामान्य विचार या दर्शन नहीं है। यह मानव जीवन और सम्पूर्ण सृष्टि से से सम्बंधित अमूल्य दर्शन है। इस दर्शन को महान राजनीतिक चिंतक और राष्ट्र के लिए समर्पित पंडित दीनदयाल उपाध्यायजी ने 22 से 25 अप्रैल 1965 को मुंबई में दिये चार व्याख्यानों के रूप में प्रस्तुत किया था । इसका पूर्ण वैज्ञानिक विवेचन भी उन्होंने किया था। 'एकात्म मानव दर्शन' को पहली बार 1964 में जनसंघ के ग्वालियर अधिवेशन में रखा गया। अगले वर्ष विजयवाड़ा अधिवेशन में भारतीय जनसंघ ने इसे विधिवत अपनाया। पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी ने 22 से 25 अप्रैल 1965 तक चली चार दिवसीय व्याख्यान माला में इस दर्शन की बारीकियों को विस्तार से समझाया। इसकी तुलना साम्यवाद, समाजवाद या पूंजीवाद से नहीं की जा सकती है।

एकात्म मानववाद को किसी वाद के रूप में भी देखना उचित नहीं है। यह मूलतः एकात्म मानव दर्शन ही हैं, कुछ परिस्थितियों के कारण यह एकात्म मानववाद के रूप में प्रचलित है। एकात्म मानववाद एक ऐसी धारणा है, जिसके केंद्र में व्यक्ति, व्यक्ति से जुड़ा हुआ एक परिवार, परिवार से जुड़ा हुआ एक समाज, जाति, फिर राष्ट्र, विश्व और फिर अनंत ब्रह्माण्ड को अपने में समाविष्ट किए हुए है। सभी एक-दूसरे से जुड़कर अपना अस्तित्व साधते हुए एक दुसरे के पूरक एवं स्वाभाविक सहयोगी है। इन सब के बीच कोई संघर्ष नहीं है।

भारतीय जनता पार्टी के संविधान की धारा तीन के अन्तर्गत 'एकात्मक मानववाद' को भाजपा के मूल दर्शन के रूप में आत्मसात किया गया है। स्वतंत्रता के बाद भारत की राजनीति में जो वैचारिक शून्यता थी, उसे भरने के लिए पंडित दीनदयाल उपाध्याय ने अपने सुदीर्घ चिन्तन, अध्ययन एवं मनन के बाद एक समग्र विचारधारा राष्ट्र के समक्ष रखा। पाश्चात्य राजनैतिक चिन्तन ने मानव को 'सेक्यूलरवाद, व्यक्तिवाद (पूंजीवाद), समाजवाद एवं साम्यवाद की विचार धाराएं दी थीं। स्वतंत्र भारत का नेतृत्व भी इन्हीं वादों में भारत का भविष्य खोज रहा था। उस दौर में दीनदयाल जी ने हस्तक्षेप करते हुए सवाल खड़ा किया कि जब हमने पाश्चात्य साम्राज्यवाद को नकार दिया तो अब हमारी क्या मजबूरी है कि हम पाश्चात्य 'वादों' का अनुगमन करें?

सामान्यतः भारत के राजनैतिक क्षेत्र में स्थापित सभी दल यह सोचते थे कि हमें कुछ संशोधनों के साथ इन पाश्चात्य वादों को ही स्वीकारना पड़ेगा, क्योंकि हमारे पास कोई अन्य चिंतन नहीं है। हम तो राष्ट्र थे ही नहीं। पाश्चात्यों ने ही आकर हमको राष्ट्र बनने के लिए तैयार किया है। हम राष्ट्र बनने जा रहे हैं, हम नवोदित राष्ट्र हैं।

भारतीय जनसंघ या भारतीय जनता पार्टी भारत को प्राचीन एवं सनातन राष्ट्र मानती है। पश्चिम की राष्ट्र-राज्य परिकल्पना से पुरानी कल्पना भारत के 'सांस्कृतिक राष्ट्रवाद' की है। भारतीय संस्कृति की एक गौरव सम्पन्न ज्ञान-परम्परा है, जिसमें भारत का भविष्य खोजना चाहिए। मानव की तरफ देखने की पाश्चात्य दृष्टि खण्डित हैं। उनका व्यक्तिवाद, समाजवाद का दुश्मन है तथा समाजवाद, व्यक्तिवाद का शत्रु है। वे प्रकृति पर मानव की विजय चाहते हैं। सेक्यूलरवाद को अपनाकर उन्होंने अपने सार्वजनिक जीवन को अध्यात्म से काट लिया। भौतिकवाद बनाम अध्यात्म, स्टेट बनाम चर्च तथा रिलिजन बनाम सांइस के द्वंद्वमूलक समीकरण उत्पन्न हुये।

पं दीनदयाल जी मानते थे कि पश्चिम की यह बहस भी एक मानवीय बहस है। इसे हमें जानना चाहिए तथा इससे कुछ सीखना भी चाहिये, लेकिन हमें इन द्वंद्वमूलक निष्कर्षों का अनुयायी नहीं बनना चाहिये।

अतः मौलिक भारतीय चिन्तन के आधार पर विकल्प देने की जिम्मेदारी उन्होंने स्वयं स्वीकार की। भारतीय जनसंघ की पहली पीढ़ी के सभी कार्यकर्ता इस काम में लगे। 1959 का पूना अभ्यासवर्ग, 1964 का ग्वालियर अभ्यास वर्ग तथा 1964 के संघ शिक्षा वर्गों के इस दृष्टि से विशेष महत्व है। इन वर्गों में परिपक्व हुये विचारों को दीनदयाल जी ने सिद्धांत और नीति प्रलेख में 'एकात्म मानववाद' नाम से प्रस्तुत किया। 1965 में भारतीय जनसंघ के विजयवाड़ा वार्षिक अधिवेशन में इसे मूल दर्शन के रूप में स्वीकार किया गया तथा 1985 में भारतीय जनता पार्टी ने भी इसे अपने मूल दर्शन के रूप में स्वीकार किया।

यह विचार व्यक्ति बनाम समाज नहीं, बल्कि व्यक्ति और समाज की एकात्मता का विचार है। यह मानव बनाम प्रकृति नहीं, बल्कि मानव के साथ प्रकृति की एकात्मता का विचार है। भौतिक बनाम अध्यात्मिक नहीं, बल्कि इनकी एकात्मता का विचार है। यह विचार दृश्यमान पृथकताओं में एकात्मता के सूत्र खोजता है। संसार में पृथकता नहीं, विविधता हैं, जो 'पिंड' में है, वही 'ब्रह्माण्ड' में है। आज मानव अपने को व्यक्ति मानकर अपनी सामाजिक संस्थाओं से युद्ध कर रहा है, परिवार, जाति, वंश, पंचायत सब को अपना दुश्मन मान रहा है। समाजवाद के नाम पर तानाशाहियों का सृजन कर रहा है, विकास के नाम पर प्रकृति से युद्ध कर रहा है, पर्यावरण का विनाश कर भयानक विभीषिकाओं को आमंत्रित कर रहा है। सुख की खोज में दुःख कमा रहा है तथा आनंद की अवधारणा से अपरिचित रह रहा है।

भारतीय परम्परा इन पृथकताओं का निषेध करती है। वह जड़-चेतन सभी से अपनी रिश्ते स्थापित करती है। धरती 'माता' है, चन्द्रमा 'मामा' है, पर्वत 'देवता' है, नदियां 'माता' है। समाज का हर व्यक्ति परस्पर जुड़ा हुआ है। यह 'वसुधा तो एक कुटुम्ब' है। एकात्मता, समग्रता में निहित है। जैसे ब्रह्माण्ड की समग्रता है, वैसे ही व्यक्ति की भी समग्रता है। व्यक्ति अर्थात केवल शरीर नहीं, उसके पास मन है, बुद्धि है और आत्मा भी है। यदि इन चारों में से एक की भी उपेक्षा हो तो व्यक्ति का सुख विकलांग हो जायेगा। वैसे ही समाज केवल सरकार नहीं है, उसकी अपनी संस्कृति है, जन एवं देश है। इन चारों के सम्यक संचालन के बिना समष्टि के सुख का संधान नहीं होता।

इस प्रकार सृष्टि के पंच-महाभूत (पृथ्वी, जल, आकाश, प्रकाश व वायु) हैं, जिनके साथ न्याय-संगत व्यवहार होना चाहिये, तभी मानव सुखी होगा। धर्म, अर्थात शिक्षा, संस्कार एवं विधि व्यवस्था। अर्थ-साधन पुरुषार्थ है। धर्मानुसार अर्थव्यवस्था, रोजगार, उत्पादन, वितरण एवं उपयोग आदि। धर्म विरुद्ध काम पुरुषार्थ नहीं, वरन विकार है। ये समस्त भारतीय विचार प्रवचनों का नहीं, बल्कि राष्ट्रनीति एवं राजनीति का विषय होना चाहिये। इसके आधार पर देश की नीतियां बननी चाहिये।

जब कोई मानव समूह किसी लक्ष्य, किसी आदर्श, किसी मिशन के साथ रहता है और भूमि के किसी विशेष हिस्से के प्रति अपनी मातृभूमि का भाव रखता है तो यह एक राष्ट्र का निर्माण करता है। दोनों में से किसी एक के भाव का अभाव हो तो कोई राष्ट्र नहीं बनता है। शरीर में एक 'स्व' होता है, यही व्यक्ति का सार है। यह शरीर का साथ छोड़ दे तो व्यक्ति को मृत मान लिया जाता है। किसी राष्ट्र के मामले में यह विचार, आदर्श या मौलिक सिद्धांत होते हैं, जो उसकी आत्मा हैं। राष्ट्र की एक आत्मा होती है। यही एकात्म मानव दर्शन का मूल है। जो कुछ भी चिति विरुद्ध होता है, उसे विकृत, अवांछनीय मानकर त्याग दिया जाता है और उससे बचना चाहिए। इसी चिति की नींव पर राष्ट्र का निर्माण होता है। मौजूदा समय में दुनिया की तमाम समस्याओं का एक प्रमुख कारण यह है कि लगभग सभी लोग राज्य को समाज का पर्याय मान लेते हैं। कम से कम व्यवहारिक तौर पर तो वे राज्य को ही समाज का एकमात्र प्रतिनिधि मानते हैं। हमने कभी भी राज्य को राष्ट्र का एकमात्र प्रतिनिधि नहीं माना था। राज्य के विदेशियों के हाथों में जाने के बाद भी हमारा राष्ट्रीय जीवन निर्बाध रूप से चलता रहा था। राज्य को अस्तित्व में लाया गया राष्ट्र की रक्षा के लिए और ऐसी स्थितियां उत्पन्न करने और बनाए रखने के लिए जिनमें राष्ट्र के आदर्शों को वास्तविकता में बदला जा सकता हो। किसी राष्ट्र की चिति को व्यक्त करने और बनाए रखने में सहायक विधियों व विधानों को उस राष्ट्र का धर्म कहा जाता है। अतः धर्म सर्वोच्च है। धर्म वह तत्व है, जिसमें राष्ट्र की आत्मा बसी होती है। यदि धर्म नष्ट हो जाता है, तो राष्ट्र नष्ट हो जाता है। जो कोई भी धर्म का त्याग करता है, वह देश के साथ विश्वासघात करता है। धर्म सर्वोच्च है, इसलिए राज्य के लिए हमारा आदर्श धर्मराज्य ही रहा है। धर्मराज्य मतों को मानने की स्वतंत्रता सुनिश्चित करता है और यह थ्रियोक्रेटिक अर्थात किती मत विशोष द्वारा शासित राज्य से अलग है। धर्मराज्य व्यक्ति की शांति, खुशी और प्रगति के लिए धर्म की महत्ता स्वीकार करता है।

पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी ने ऐसे आर्थिक सिद्धांतों को भी विस्तार से समझाया है, जिनका पालन करना किसी भी राज्य और समाज के लिए संतुलित और सतत आर्थिक विकास के लिहाज से उपयोगी साबित हो सकता है। पूंजीवादी और साम्यवादी ये दोनों ही प्रणालियां 'एकात्म मानव', उसके सच्चे और पूर्ण व्यक्तित्व और उनकी आकांक्षाओं पर ध्यान देने में नाकाम रही हैं। एक की नजर में वह केवल एक स्वार्थी है, जो पैसे के पीछे भागता रहता रहता है, उसके लिए केवल एक ही विधान है, जबर्दस्त प्रतिस्पर्धा का विधान। दूसरे ने उसे सारी व्यवस्था में एक ऐसा कमजोर बेजान पहिया मान लिया है, जो कठोर नियमों से बंधा हुआ है और जब तक निर्देशित न किया जाए, कुछ भी अच्छा कर पाने में अक्षम है। सत्ता का आर्थिक और राजनीतिक केंद्रीकरण दोनों में ही निहित है। इसलिए, दोनों का ही नतीजा मानव का अमानवीयकरण ही होता है।

### पंडित जी ने विशेष रूप से छह उद्देश्यों को रेखांकित किया

- प्रत्येक व्यक्ति के लिए कम से कम एक सामान्य जीवन स्तर और राष्ट्र की रक्षा के लिए पूरी तैयारी।
- इस सामान्य जीवन स्तर में और अधिक वृद्धि जिससे व्यक्ति विशेष और राष्ट्र को अपनी चिति के आधार पर विश्व की प्रगति में योगदान के सार्थक मायने मिलें।
- हर सक्षम नागरिक को सार्थक रोजगार प्रदान करना, जिससे उपरोक्त दोनों उद्देश्य वास्तव में हासिल किए जा सकें, और प्राकृतिक संसाधनों का बेतहाशा उपयोग और इनकी बर्बादी न हो।
- उत्पादन के विभिन्न साधनों की प्रकृति और उपलब्धता को ध्यान में रखकर भारतीय स्थितियों (भारतीय प्रौद्योगिकी) के अनुकूल मशीनों का विकास किया जाए।
- यह प्रणाली मानव (व्यक्ति विशेष) की मददगार हो, उसे खारिज करने वाली नहीं. यह सांस्कृतिक और अन्य जीवन मूल्यों की रक्षा करने वाली होनी चाहिए. यह एक ऐसी आवश्यकता है, जिसे कोई बड़ा जोखिम उठाए बगैर अनदेखा नहीं किया जा सकता।
- राज्य, निजी या किसी भी अन्य रूप में विभिन्न उद्योगों का स्वामित्व, तथ्यात्मक और व्यावहारिक आधार पर तय किया जाए।

वे स्वदेशी और विकेंद्रीकरण दोनों के समर्थक थे। आर्थिक विकास में केंद्रीकरण को इसकी प्रमुख बाधाओं में से एक मानते थे। 'स्वदेशी की अवधारणा को पुरानी और प्रतिक्रियावादी मानकर उसका मजाक उड़ाया जाता है। हम विदेशी सामान गर्व से इस्तेमाल करते हैं। सोच, प्रबंधन, पूंजी, उत्पादन के तरीके, प्रौद्योगिकी आदि से लेकर उपभोग के मानकों और स्वरूप तक के लिए देशी सहायता पर अत्यधिक निर्भर हो गए हैं। यह रास्ता प्रगति और विकास की ओर नहीं ले जाता। हम अपनी विशेषता भूल जाएंगे और मानसिक रूप से गुलाम बन जाएंगे। स्वदेशी को हमारी अर्थव्यवस्था के पुनर्निर्माण के लिए एक आधारशिला के तौर पर इस्तेमाल किया जाना चाहिए।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने भी कहा था कि 'गरीबों, वंचितों और हमारे गांवों की सेवा करने की पंडित जी की प्रतिबद्धता हमें आज भी प्रेरित करती है। उपाध्यायजी के विचार आज भी उतने ही प्रासंगिक हैं, जितने उनके समय में थे। यही नहीं, वे आने वाले समय में भी प्रासंगिक ही बने रहेंगे।' भारत को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में मोदी सरकार की नीतियां और योजनाएं वास्तव में दीनदयाल उपाध्याय की परिकल्पनाओं को लेकर ही आगे बढ़ रही है।

**(लेखक भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता, भाजपा केंद्रीय मीडिया विभाग के सह प्रभारी एवं बिहार विधान परिषद के सदस्य हैं)**

# हरित ऊर्जा में निवेश- विज्ञान-सम्मत आर्थिक विकास की राह

**आज के समय में जब पूरी दुनिया जलवायु संकट, पर्यावरणीय असंतुलन और प्राकृतिक संसाधनों की घटती उपलब्धता से जूझ रही है, तब यह जरूरी हो जाता है कि हम ऊर्जा के पारंपरिक स्रोतों से बाहर निकलकर नवीन, हरित और अक्षय ऊर्जा स्रोतों की ओर कदम बढ़ाएँ। हरित ऊर्जा, जो न केवल स्वच्छ और नवीकरणीय होती है, बल्कि यह हमारी पर्यावरणीय जिम्मेदारियों को भी संतुलित करती है, अब भविष्य की सबसे महत्वपूर्ण आर्थिक और सामाजिक पूंजी के रूप में उभर रही है। हरित ऊर्जा के अंतर्गत सौर ऊर्जा, पवन ऊर्जा, जलविद्युत, जैव ऊर्जा और भू-तापीय ऊर्जा जैसे विकल्प आते हैं जो जीवनदायिनी संसाधनों से प्राप्त होते हैं। इनका उत्पादन न केवल पर्यावरण के लिए सुरक्षित है, बल्कि यह विकासशील और विकसित देशों के लिए आर्थिक अवसरों का एक नया दायरा खोलता है। यह संसाधन किसी विशेष स्थान, सीमित भंडार या बाहरी आपूर्ति पर निर्भर नहीं होते, बल्कि इन्हें आसानी से स्थानीय स्तर पर उत्पन्न किया जा सकता है।**

डॉ. रामानुज पाठक

हरित ऊर्जा में निवेश न केवल ऊर्जा संकट का समाधान प्रदान करता है, बल्कि यह रोजगार सृजन, ऊर्जा आत्मनिर्भरता, और सामाजिक समृद्धि की दिशा में भी महत्वपूर्ण कदम है। इस आलेख का उद्देश्य यह स्पष्ट करना है कि कैसे हरित ऊर्जा में निवेश आर्थिक विकास की कुंजी हो सकता है, और क्यों यह निवेश न केवल पर्यावरणीय बल्कि दीर्घकालिक आर्थिक दृष्टिकोण से भी लाभकारी है। साथ ही, आज नीति-निर्माताओं, वैज्ञानिकों, निवेशकों और समाज के विभिन्न वर्गों के लिए यह समझने का प्रयास करने की आवश्यकता है कि हरित ऊर्जा में निवेश का क्या वास्तविक लाभ है, और इसे किस तरह बढ़ावा दिया जा सकता है।वर्तमान वैश्विक परिदृश्य में ऊर्जा केवल विकास का साधन नहीं, बल्कि आर्थिक स्वतंत्रता, राष्ट्रीय सुरक्षा और जलवायु संतुलन की कुंजी बन चुकी है। परंपरागत ऊर्जा स्रोत जैसे कोयला, पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस सीमित हैं तथा इनके उपयोग से उत्पन्न प्रदूषण पृथ्वी के पारिस्थितिक संतुलन को बिगाड़ रहा है। इसी पृष्ठभूमि में हरित ऊर्जा (Green Energy) एक पर्यावरणीय, वैज्ञानिक और आर्थिक विकल्प के रूप में उभर रही है। इसमें सौर, पवन, जलविद्युत, बायोमास तथा भू-तापीय ऊर्जा जैसे स्रोत सम्मिलित हैं, जो पुनरुत्पाद्य और स्वच्छ हैं।

हरित ऊर्जा में निवेश न केवल जलवायु संकट के समाधान का माध्यम है, बल्कि यह एक ऐसा विज्ञान-सम्मत रास्ता है जिससे दीर्घकालिक आर्थिक प्रगति, सामाजिक समावेश और ऊर्जा स्वतंत्रता सुनिश्चित की जा सकती है।

### 1. हरित ऊर्जा का वैज्ञानिक आधार

हरित ऊर्जा प्राकृतिक संसाधनों से प्राप्त होती है जो नियमित रूप से पुनः उत्पन्न होते हैं। उदाहरणस्वरूप, सूर्य की ऊर्जा अनंत है और पृथ्वी पर हर दिन 173,000 टेरावॉट ऊर्जा पहुँचती है– जो वैश्विक ऊर्जा मांग से 10,000 गुना अधिक है। पवन ऊर्जा वायुमंडलीय तापमान और दबाव भिन्नताओं पर आधारित होती है, और जलविद्युत गुरुत्वाकर्षण ऊर्जा का अनुप्रयोग है। इन स्रोतों का वैज्ञानिक रूप से स्थायित्व, कम उत्सर्जन और स्थानीय उत्पादन की क्षमता, इन्हें भविष्य की ऊर्जा प्रणाली का आधार बनाती है।

### 2. आर्थिक संभावनाएँ–स्थिरता और समृद्धि का द्वार

हरित ऊर्जा में निवेश केवल पर्यावरणीय हित नहीं, बल्कि आर्थिक चमत्कार की संभावना भी प्रस्तुत करता है-

**रोज़गार सृजन**– अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन के अनुसार, हरित ऊर्जा क्षेत्र में 2030 तक लगभग 1.2 करोड़ नई नौकरियाँ सृजित हो सकती हैं। सौर पैनल निर्माण, टरबाइन रखरखाव, ऊर्जा निरीक्षण और प्रौद्योगिकी शोध जैसे क्षेत्रों में विशाल अवसर हैं।

**स्थानीय उद्योगों को प्रोत्साहन**– हरित ऊर्जा तकनीकों की मांग से क्षेत्रीय स्तर पर विनिर्माण, सेवा और प्रशिक्षण केंद्र विकसित हो सकते हैं, जिससे आत्मनिर्भर भारत की संकल्पना को बल मिलेगा।

**ऊर्जा की लागत में गिरावट**– पिछले एक दशक में सौर ऊर्जा की लागत में लगभग 85 प्रति. और पवन ऊर्जा की लागत में 60 प्रति.तक की कमी आई है। यह दर्शाता है कि हरित ऊर्जा तकनीकी दृष्टि से भी परिपक्व और लाभकारी बन रही है।

### 3. सामाजिक समावेश और न्याय

हरित ऊर्जा केवल तकनीकी विकल्प नहीं, सामाजिक न्याय की दिशा में भी एक सशक्त माध्यम है-

**ग्रामीण क्षेत्रों का सशक्तिकरण**– भारत के दूरस्थ गाँवों में अब माइक्रो-ग्रिड और सौर स्ट्रीट लाइटिंग परियोजनाएँ चल रही हैं। इससे न केवल ऊर्जा की पहुँच बढ़ी है, बल्कि बच्चों की शिक्षा, महिलाओं की सुरक्षा और घरेलू उद्योगों को नई गति मिली है।

**महिला सहभागिता**– हरित ऊर्जा के उपकरणों की मरम्मत और संचालन का प्रशिक्षण महिलाओं को दिया जा रहा है। 'सौर सहेली' जैसे अभियान इस दिशा में नई सामाजिक संरचना की नींव रख रहे हैं।

**स्वास्थ्य और जीवन गुणवत्ता**– पारंपरिक बायोमास जैसे लकड़ी या गोबर से खाना पकाने के दौरान उत्पन्न धुएँ से महिलाओं और बच्चों में श्वसन संबंधी रोग होते हैं। बायोगैस, एलईडी लाइटिंग और स्वच्छ ऊर्जा स्वास्थ्य पर सकारात्मक प्रभाव डालती है।

### 4. शिक्षा और जन–जागरूकता में भूमिका

हरित ऊर्जा के स्थायी विकास के लिए समाज का व्यापक जागरण आवश्यक है। इसके लिए शिक्षा और प्रशिक्षण का विस्तार अनिवार्य है

**विद्यालयों और विश्वविद्यालयों में पाठ्यक्रम**–अक्षय ऊर्जा पर केंद्रित पाठ्यक्रमों से छात्रों को नवाचार की दिशा में प्रेरित किया जा रहा है। एनआईटी, आईआईटी, और कई राज्य तकनीकी संस्थान इस दिशा में अनुसंधान परियोजनाएँ चला रहे हैं।

**प्रयोगात्मक शिक्षण**– सौर किट, लघु पवन टरबाइन मॉडल और ऊर्जा पर आधारित परियोजनाएं छात्रों में वैज्ञानिक रुचि और पर्यावरणीय संवेदनशीलता को बढ़ावा देती हैं।

**सामुदायिक प्रशिक्षण केंद्र**– ग्रामीण क्षेत्रों में अक्षय ऊर्जा प्रशिक्षण केंद्रों की स्थापना से स्थानीय लोगों को रोजगार-परक तकनीकी कौशल मिल रहे हैं, जिससे तकनीक केवल आयात न होकर स्थानीय स्तर पर अपनाई जा रही है।

### 5. नीति, निवेश और वैश्विक दिशा

हरित ऊर्जा के सतत विकास हेतु नीति समर्थन और वित्तीय व्यवस्था अत्यंत महत्वपूर्ण हैं

**नीतिगत पहल**– भारत सरकार की 'राष्ट्रीय हरित हाइड्रोजन मिशन', 'सौर ऊर्जा मिशन', और 'उज्ज्वला योजना' जैसे कार्यक्रमों ने अक्षय ऊर्जा को राष्ट्रीय विकास की प्राथमिकता बनाया है।

**वित्तीय नवाचार**– हरित बॉन्ड, क्रेडिट गारंटी योजना और सार्वजनिक-निजी भागीदारी मॉडल निवेश को सुगम बना रहे हैं। छोटे निवेशकों को भी अब हरित ऊर्जा परियोजनाओं में भागीदारी का अवसर मिल रहा है।

**अंतरराष्ट्रीय सहयोग**– 'अंतरराष्ट्रीय सौर गठबंधन' और संयुक्त राष्ट्र के सतत विकास लक्ष्य (SDGs) जैसे मंचों पर भारत की नेतृत्वकारी भूमिका, इसे वैश्विक ऊर्जा परिवर्तन में अग्रणी बनाती है।

### 6. भविष्य की दिशा– विज्ञान, नवाचार और संवेदनशीलता का समन्वय

आगामी वर्षों में निम्नलिखित प्रवृत्तियाँ हरित ऊर्जा को नई ऊँचाइयों तक ले जाएँगी

**स्मार्ट ग्रिड और ऊर्जा संग्रहण**–ऊर्जा भंडारण तकनीकों जैसे लिथियम-आयन बैटरी और पंपड हाइड्रो स्टोरेज, अक्षय ऊर्जा की अनियमितता की समस्या का समाधान कर रही हैं।

**कृत्रिम बुद्धिमत्ता और डेटा विश्लेषण**– ऊर्जा पूर्वानुमान, खपत विश्लेषण और स्मार्ट नियंत्रण प्रणालियों में कृत्रिम बुद्धिमत्ता का उपयोग दक्षता को बढ़ा रहा है।

**हरित हाइड्रोजन**– पानी से इलेक्ट्रोलाइसिस द्वारा उत्पन्न हरित हाइड्रोजन, भारी परिवहन, इस्पात उद्योग और ऊर्जा संचयन जैसे क्षेत्रों में क्रांति ला सकता है।

**न्यायोचित संक्रमण**– कोयले पर आधारित क्षेत्रों के श्रमिकों को हरित ऊर्जा कार्यों में पुनः प्रशिक्षित कर एक समावेशी संक्रमण संभव है। यह सामाजिक असमानता को कम कर सकता है।

### निष्कर्ष

हरित ऊर्जा में निवेश महज एक पर्यावरणीय विकल्प नहीं, अपितु विज्ञान, समाज और अर्थव्यवस्था के समन्वय का प्रतीक है। यह जलवायु संकट का समाधान, रोजगार का स्रोत, और आत्मनिर्भरता की नींव है। भारत जैसे विकासशील देश के लिए यह एक अवसर है कि वह अपने तकनीकी कौशल, नीति नेतृत्व और सामाजिक सहभागिता के बल पर हरित ऊर्जा में वैश्विक अग्रणी बने।

## आज का कार्टून




## राशिफल

**मेष**
आपकी कार्यप्रणाली का लोग विरोध कर सकते हैं। आज दिनचर्या थोड़ी उथल-पुथल भरी रहेगी। सन्तान के व्यवहार से कुछ निराश हो सकते हैं।

**वृषभ**
अपने लक्ष्य को प्राप्त करने के लिये कड़ी मेहनत करेंगे। व्यावसायिक गतिविधियों में तेजी आयेगी। परिवार में धार्मिक कार्यों की रूपरेखा बन सकती है।

**मिथुन**
नये लोगों पर जल्दी से भरोसा न करें। कार्यक्षेत्र में आपको कठिन कार्यों की जिम्मेदारी मिल सकती है। नकारात्मकता आपके ऊपर हावी रहेगी।

**कर्क**
सम्पति के क्रय-विक्रय से लाभ होगा। युवा वर्ग अपने भविष्य को लेकर योजना बना सकते हैं। विचारों के आपसी आदान-प्रदान से मन प्रसन्न रहेगा।

**सिंह**
कार्यक्षेत्र में परेशानियों से घिरे रहेंगे। दूसरों के भरोसे न रहें वरना आपको आर्थिक नुकसान भी हो सकता है। प्रत्येक कार्य को समय से निपटाने का प्रयास करें।

**कन्या**
व्यापारी क्लाइंट्स के साथ बड़ी डील कर सकते हैं। परिवार के सदस्यों से काफी सन्तुष्ट रहेंगे। भौतिक सुख-सुविधा का पर्याप्त आनन्द लेंगे।

**तुला**
अधिकारियों के साथ वेतनवृद्धि को लेकर चर्चा कर सकते हैं। आत्मविश्वास और मनोबल आपकी सबसे बड़ी शक्ति है इसे कभी कम न होने दें।

**वृश्चिक**
कारोबार में आय बढ़ने के स्पष्ट योग हैं। लेकिन आय के साथ आपके खर्चे भी बढ़ेंगे। पेट में गैस और एसीडिटी जैसी समस्या बढ़ सकती है।

**धनु**
जीवनसाथी के व्यवहार से मन व्यथित हो सकता है। स्वयं को ऊर्जावान और सकारात्मक बनाये रखने के लिये व्यायाम और ध्यान अवश्य करें। सहकर्मियों पर पूर्ण विश्वास नहीं करना चाहिये।

**मकर**
कार्यक्षेत्र की अव्यवस्था को दूर करने के लिये कड़े कदम उठा सकते हैं। सामाजिक संस्थाओं में दान और सेवा कार्य करने का विचार मन में आ सकता है। कार्यक्षेत्र में किये गये परिवर्तनों से लाभ प्राप्त होगा।

**कुंभ**
अपनी दिनचर्या को सन्तुलित रखें। कृषि सम्बन्धी उद्योगों से काफी लाभ प्राप्त होगा। आप जिन कार्यों को कठिन मान रहे थे, उन्हें आप आसानी से पूरा कर लेंगे।

**मीन**
अपनी योजनाओं को लेकर संशय में न रहें। इस समय भावुक होने के बजाय व्यवहारिक निर्णय लेना उत्तम होगा। जोखिम भरे निवेशों से स्वयं को दूर रखें।

# दो सगे भाईयों की पीट-पीटकर हत्या

## एसपी ने घटनास्थल पर पहुंचकर की जांच



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बेगूसराय।** बरौनी थाना क्षेत्र के अमरपुर खेत में बेखौफ बदमाशों ने दो सगे भाईयों की हत्या कर शव को पलिथीन में पैक कर फेंक दिया। सोमवार को देर शाम पुलिस को इसकी सूचना मिलते ही घटना स्थल पर पहुंची। पुलिस दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर छानबीन में जुट गई। मंगलवार को शव घर पहुंचा तो गांव में मातमी सन्नाटा छा गया। सैकड़ो की संख्या में लोग घर पर पहुंचे एक साथ दो भाइयों को शव पहुंचने से परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है। मंगलवार को दोनों शव का सदर अस्पताल में पोस्टमार्टम कराया गया। पता चला है कि दोनों भाई के सीने और सर में वजनदार सामान से पिटाई की गई है। जिससे शरीर सीने और सर के दर्जन से ज्यादा हड्डी टूटी हुई थी। गला मरोड़ कर उसकी हत्या की गई थी। मृतकों के पिता विपिन चौधरी ने बताया कि रविवार को सुबह में 10 बजे कार से घर से निकला था। अपने दोस्त मुरारी की यहां हसनपुर जाने की बात कही थी। मुरारी के द्वारा बताया गया कि कार लगाकर बाइक से गया है। वापस नहीं लौटा। कल से खोजबीन कर रहे थे। आज शाम तेघरा थाना में आवेदन दिए थे। लेकिन उसके बाद सूचना मिली कि दो शव मिला है। जिसके बाद उसकी पहचान की गई है। इस मामले में अज्ञात बदमाशों के खिलाफ अपहरण कर हत्या करने की प्राथमिकी बरौनी थाना में दर्ज कराई गई है। इस घटना को लेकर भाजपा नेता अमरेंद्र कुमार अमर ने कहा कि जिले में लगातार अपराधियों का मनोबल बढ़ा है। इस बदमाश पर कड़ी कार्रवाई होनी चाहिए। एक साथ दो भाइयों की हत्या की गई है। यह गंभीर मामला है. पुलिस त्वरित कार्रवाई कर आरोपियों को गिरफ्तार करें। घटना की गंभीरता को देखते हुए एसपी मनीष भी घटना स्थल पर पहुंचे। पूरे मामले की जांच पड़ताल कर रहे हैं। इस मामले में एसपी मनीष ने बताया कि दो युवकों का शव खेत में बरामद किया गया है। दोनों की उम्र करीब 20-25 साल लग रहा है। दोनों की पीट-पीटकर हत्या करने की आशंका है। पलिथीन में पैक शव था। एफ एस एल की टीम को बुलाई जा रही है। पूरे मामले की जांच की जा रही है। इधर पुलिस इस मामले में एक को गिरफ्तार कर पूछताछ कर रही है।

### चचेरे भाई ने ही की थी हत्या

मंगलवार की शाम एसपी मनीष ने प्रेस वार्ता आयोजित कर बताया कि दोनों भाइयों की हत्या उनके चचेरे भाई विवेक कुमार ने की। पूछताछ में अपनी संलिप्तता स्वीकार की है। उसके निशानदेही एवं बयान पर हत्या में प्रयुक्त हथौड़ी, मोटरसाइकिल आदि की बरामदगी हुई है। विवेक ने दोनों भाइयों को एक एक कर मार डाला। घटना रविवार की दोपहर में ही हुई। सोमवार को शव मिला। घटना के संबंध में पूछताछ की जा रही है। एसपी ने कहा मृतक का भी चरित्र संदिग्ध था।

## पारा जायेगा 41 पार, हीट वेव के आसार

**समस्तीपुर (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** प्रचंड धूप और पछिया हवा से मुश्किलें बढ सकती हैं। अगले 5 दिनों में तापमान 41 डिग्री सेल्सियस के पार जा सकता है। जिले के डॉ राजेंद्र प्रसाद केन्द्रीय कृषि विश्वविद्यालय पूसा स्थित ग्रामीण कृषि मौसम सेवा एवं भारत मौसम विज्ञान विभाग के सहयोग से जलवायु परिवर्तन पर उच्च अध्ययन केन्द्र द्वारा जारी आगामी 27 अप्रैल, 2025 तक के मौसम पूर्वानुमान के अनुसार उत्तर बिहार के जिलों में साफ आसमान के साथ मौसम के शुष्क बने रहने की सम्भावना है। इस अवधि में अधिकतम तापमान में 3-5 डिग्री सेल्सियस की वृद्धि हो सकती है जिसके कारण अधिकतम तापमान 42 डिग्री सेल्सियस के आसपास तक पहुंच सकता है। न्यूनतम तापमान में भी हल्की वृद्धि के साथ 25-27 डिग्री सेल्सियस के आसपास रह सकता है। सामान्य से अधिक तापमान एवं हवा में नमी के कारण प्रचंड गर्मी की स्थिति बनी रहने की सम्भावना है।

## एक नजर

### आंगनबाड़ी केन्द्रों पर पोषण पखवाड़ा कार्यक्रम का आयोजन

**नावकोठी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** प्रखंड के समसा और रजाकपुर के आंगनबाड़ी केन्द्र पर समारोह पूर्वक पोषण पखवाड़ा कार्यक्रम आयोजन किया गया। इसका उद्घाटन एल एस सिंकी कुमारी ने किया। इस अवसर पर विभिन्न मोटे अनाज से तैयार व्यंजन प्रदर्शनी का अवलोकन किया। मोटे अनाज के खाने के फायदे से उपस्थित माताओं को अवगत कराया .मोटे अनाज से लोगों के शरीर में कार्बोहाइड्रेट, प्रोटीन, आयरन सहित अन्य पोषक तत्वों की कमी हो रही है। इस कमी के कारण अनेक प्रकार के रोगों से प्रभावित होकर अपना स्वास्थ्य बिगाड़ रहें हैं। इन पोषक तत्वों की पूर्ति हेतु इन अनाजों को शामिल करने के लिए जागरूकता अभियान चलाने पर बल दिया। पोषण पखवाड़ा के तहत आंगनबाड़ी केन्द्र के पोषक क्षेत्रों के लाभुक सहित अन्य के बेहतर स्वास्थ्य के लिए भोजन में इन अनाजों को शामिल कराये जाने की अपील की। प्रदर्शनी में रागी की रोटी, हलुआ, मक्के की रोटी,मक्के का छोला, सामा, चीना, कोदो, ज्वार, बाजरा, मरूआ, सहजन की पत्ती से आकर्षक रंगोली तैयार की गयी थी। रागी के सेवन से किशोरियों में तथा गर्भवती महिलाओं में होने वाली एनीमिया को दूर करने में कारगर है। इस अवसर पर अरूणा कुमारी, सुलेखा कुमारी, चांदनी कुमारी, बिंदु कुमारी, किरण कुमारी, आयशा खातून सहित अन्य मौजूद थे।

### बीएलओ व राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बीडीओ ने की बैठक

**नावकोठी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** प्रखंड के विमर्श कक्ष में बखरी विधान सभा एवं चेरियाबरियारपुर विधान सभा से जुड़े सभी बीएलओ की बैठक मंगलवार को आयोजित की गयी। बैठक की अध्यक्षता बीडीओ सह सहायक निर्वाची पदाधिकारी चिरंजीव पांडेय ने की। उन्होंने बताया कि विधानसभा चुनाव 2025 के मद्देनजर चुनाव आयोग के निर्देश पर बीएलओ और विभिन्न राजनीतिक दल के प्रतिनिधियों के साथ समन्वय स्थापित कर मतदाता सूची से संबंधित विभिन्न समस्याओं के निराकरण के उद्देश्य से आयोजित किए गये। बैठक में कांग्रेस, भाजपा, जदयू, सीपीआई, लोजपा सहित विभिन्न राजनीतिक दल के प्रखंड अध्यक्ष शामिल हुए। किसी भी सदस्यों की ओर से मतदान केंद्र, बूथ और मतदाता सूची से संबंधित किसी भी प्रकार की कोई समस्या नहीं रिकार्ड कराया गया। उपस्थित राजनीतिक दल के नेता एवं प्रतिनिधि ने उपस्थित सभी बीएलओ के क्रिया-कलाप पर संतोष व्यक्त किया। बैठक में भाजपा के मुकेश कुमार, जदयू के मुकेश सिंह, कांग्रेस के सुरेश पासवान, सीपीआई के चंद्रभूषण चौधरी, लोजपा के शंकर राय सहित विभाकर कुमार, राजेश यादव, रवींद्र कुमार, संतोष कुमार, संजय कुमार, मो इमरान, राधारमण पोद्दार, रविन्द्र राय, धर्मशील कुमार, अमरेश कुमार, देवेंद्र पासवान, हरिहर सहनी, पंकज कुमार, मो शम्सुज्जोहा, प्रणव कुमार, पंकज कुमार, मुकेश कुमार, रजनीश कुमार, सरोज सहनी आदि मौजूद थे।

### फंदा लगाकर शिक्षक ने दी जान

**बलिया (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** सोमवार की शाम नगर परिषद क्षेत्र के बलिया बाजार महावीर चौक स्थित एक मकान के तीसरे बिल्डिंग पर एक शिक्षक ने सीलिंग फैन में रस्सी बांधकर फांसी लगाकर आत्महत्या कर अपने जीवन लीला समाप्त कर ली है। मृतक शिक्षक की पहचान मंझौल थाना क्षेत्र निवासी प्रदीप कुमार चौधरी के रूप में कराई गई है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार बताया जाता है कि मृतक शिक्षक बीते शनिवार से ही अपनी ड्यूटी से अवकाश पर था। मृतक के कमरे से पुलिस ने एक सुसाइड नोट भी बरामद किया है। जिसका खुलासा अभी नहीं हो पाया है। घटना के संबंध में स्थानीय लोगों ने बताया कि मृतक शिक्षक प्रदीप कुमार चौधरी कुछ महीने डिप्रेशन में चल रहा था। ड्यूटी से आने के बाद मृतक किसी से भी कोई बोलचाल नहीं करता था। लोगों ने यह भी बताया कि फोन पर बराबर बकझक किया करता था। जिससे अंदाजा लगाया जा रहा है। कि मृतक प्रदीप कुमार चौधरी का अपने पत्नी से संबंध ठीक-ठाक नहीं चल रहा था। पारिवारिक कलह से शिक्षक ने आत्महत्या की है। प्रशिक्षु आईपीएस सह थानाध्यक्ष ने बताया कि मृतक का शव बरामद किया गया है। सुसाइड नोट भी बरामद की गई है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मामले का खुलासा हो सकेगा। घटना को लेकर प्राथमिकी दर्ज की जाएगी।

### नावकोठी पंचायत में लगेगा सीसीटीवी, संदिग्धों पर रखी जाएगी नजर

**नावकोठी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** प्रखंड मुख्यालय में अवस्थित नाव कोठी पंचायत अब सीसीटीवी कैमरे की निगरानी में रहेगी। पूरी पंचायत के तेरह वार्डो को सीसीटीवी कैमरे से जोड़ने की कवायद शुरू हो गयी है। इसके लिए जगह आवंटित कर पोल गाड़े गये हैं। कैमरे लगाऐ जा रहे हैं। यह चर्चा का विषय बना हुआ है। इस कार्यक्रम का मंगलवार को प्रखंड विकास अधिकारी चिरंजीव पांडेय व नावकोठी मुखिया राष्ट्रपति कुमार ने संयुक्त रूप से शिलान्यास पंचायत भवन नावकोठी से किया। बीडीओ चिरंजीव पाण्डेय ने कहा कि प्रखंड की नौ पंचायतों में नावकोठी पंचायत ने पूरी पंचायत को सीसीटीवी कैमरे में कैद करने की कवायद शुरुकी है। यह बेहतरीन प्रयास है। इससे पंचायत में अपराधिक घटना से लेकर अन्य प्रकार के अवांछनीय क्रियाकलाप पर नियंत्रण रहेगा। साथ ही उच्चकों एवं शरारती तत्वों पर भी पैनी नजर रहेगी। बताया गया कि पंचायत में तेरह वार्डों के प्रमुख स्थलों को कभर किया गया है। इनमें नावकोठी शंकर चौक, एपीएस उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के पास, थाना चौक सहित नावकोठी मुख्य बाजार के पूर्वी छोड़ चांदनी चौक, मध्य बाजार स्थित शिव मंदिर के पास तथा पश्चिमी छोड़ है। काली मंदिर जाने वाली सड़क के पास, आदर्श नगर कलाली टोल, सीताराम पुस्तकालय चौक के निकट, आयुर्वेदिक औषधालय के पास भी कैमरे लगाये जा रहे हैं। मुखिया राष्ट्रपति कुमार ने थानाध्यक्ष नावकोठी को पत्र के माध्यम से कहा है कि इसकी निगरानी अपने स्तर से की जाय तथा इसकी कंट्रोलिंग की व्यवस्था भी थाने परिसर में हो। उन्होंने कहा कि इससे नावकोठी पंचायत की जनता सुरक्षित रहेगी। मौके पर उपमुखिया विजय सहनी, वार्ड सदस्यों में सुधीर कुमार रजक,महेश महतो, सलमान खान, सुधीर महतो, मुरारी कुमार, शत्रुघ्न कुमार सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद थे।

## पृथ्वी दिवस पर माउंट लिट्रा में विशेष कार्यक्रम का आयोजन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बेगूसराय।** पृथ्वी दिवस के शुभ अवसर पर माउंट लिट्रा पब्लिक स्कूल में एक विशेष प्रातःकालीन सभा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बच्चों ने संगीत, नृत्य और भाषण के माध्यम से सभी को पृथ्वी को बचाने का संदेश दिया। उनकी प्रस्तुतियाँ न केवल भावनात्मक थीं, बल्कि एक जागरूक नागरिक बनने की प्रेरणा भी देती थीं। प्रातःकालीन सभा के बाद विद्यालय परिसर में वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें विद्यार्थियों के साथ डा. शीतल ने भी पौधारोपण किया। प्राचार्या डा. शीतल ने अपने प्रेरणादायक संबोधन में कहा पृथ्वी हमारी माँ है। हमें उसकी रक्षा उसी स्नेह से करनी चाहिए जैसे मां अपने बच्चों की करती है। आज के छोटे-



छोटे प्रयास ही आने वाले कल को हरित, सुरक्षित और सुंदर बना सकते हैं। मैं अपने सभी छात्रों से आग्रह करती हूँ कि वे पर्यावरण की रक्षा को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाएं।निदेशक डा. मनीष देवा ने कहा माउंट लिट्रा पब्लिक स्कूल का उद्देश्य केवल शैक्षणिक उत्.ष्टता नहीं, बल्कि बच्चों को एक जागरूक, जिम्मेदार और संवेदनशील नागरिक बनाना भी है। यह कार्यक्रम निश्चित रूप से बच्चों के मन-मस्तिष्क में पर्यावरण के प्रति एक नई चेतना का संचार करेगा।

## यूआर कॉलेज रोसड़ा में डॉ. राय के एक वर्ष पूरे होने पर कटा केक

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**रोसड़ा (समस्तीपुर)।** यूआर कॉलेज, रोसड़ा के प्रभारी प्रधानाचार्य डॉ. घनश्याम राय के सफल एक वर्षीय कार्यकाल के उपलक्ष्य में मंगलवार को कॉलेज परिसर में वर्षगांठ समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर केक काटा गया और विश्व पृथ्वी दिवस के अवसर पर पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने के लिए पांच शाही लीची के पौधे भी लगाए गए।



समारोह की अध्यक्षता कर रहे रोसड़ा के वरिष्ठ समाजसेवी एवं सेवानिवृत्त अभियंता ई. फुलेंद्र कुमार सिंह ने डॉ. राय के कार्यकाल की प्रशंसा करते हुए कहा कि 'इतने कम समय में कॉलेज में जो आमूलचूल परिवर्तन हुआ है, वह किसी कलाकार के ही बस की बात है।' उन्होंने कॉलेज परिसर में हुए उल्लेखनीय विकास कार्यों की सराहना की।

शिक्षाविद् मनोज कुमार ने कहा, ल्हमें विश्वास ही नहीं होता कि यह वही कॉलेज है जो एक वर्ष पहले था। पूरे क्षेत्र के छात्र-छात्राएं, अभिभावक एवं गणमान्य लोग कॉलेज की तरक्की पर गर्व महसूस कर रहे हैं। कॉलेज के शिक्षक डॉ. विनय कुमार, डॉ. अरुण कुमार राय, डॉ. श्याम सुंदर शर्मा, डॉ. सतीश कुमार, डॉ. अमरेश कुमार सिंह तथा प्रधान सहायक हेमकांत ठाकुर आदि ने डॉ. राय को केक खिलाकर बधाई दी और बचे हुए कार्यों को भी शीघ्र पूरा करने का आग्रह किया।

प्रधानाचार्य डॉ. घनश्याम राय ने अपने वक्तव्य में कहा, परिवर्तन जीवन का नियम है। जब कुलपति ने मुझे यूआर कॉलेज की जिम्मेदारी सौंपी, तो मैंने इसे पूरी ईमानदारी से निभाया। उन्होंने अपने कार्यकाल की प्रमुख उपलब्धियों में प्रशासनिक भवन व कक्षाओं का जीर्णोद्धार, पुस्तकालय का ऑटोमेशन, वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग हॉल का विकास, सभागार का नवीनीकरण, परिसर सौंदर्यीकरण और नालंदा ओपन यूनिवर्सिटी का अध्ययन केंद्र स्थापित करना जैसे कार्य गिनाए। इस अवसर पर रोसड़ा निवासी एवं 'ऑक्सीजन मैन' के नाम से प्रसिद्ध पर्यावरणविद् राजेश कुमार सुमन ने कॉलेज परिसर में पांच फलदार लीची के पौधे लगाए और उन्हें डॉ. राय को उपहार स्वरूप समर्पित किया। डॉ. राय ने पौधरोपण और संरक्षण की जिम्मेदारी राजेश कुमार सुमन को सौंपते हुए कहा कि कॉलेज के बॉटनिकल गार्डन का विकास भी उनकी देखरेख में होगा। राजेश कुमार सुमन ने इस प्रस्ताव को सहर्ष स्वीकार किया। समारोह में विद्यार्थियों, शिक्षकों, अभिभावकों व समाज के प्रबुद्धजनों की सक्रिय भागीदारी रही। कार्यक्रम का समापन उत्साह, प्रेरणा और पर्यावरण के प्रति जागरूकता के संदेश के साथ हुआ।

## रिफाइनरी में केंद्रीय मंत्री ने की परियोजना की समीक्षा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बेगूसराय।** बरौनी रिफाइनरी में मंगलवार को केंद्रीय वस्त्र मंत्री एवं सांसद गिरिराज सिंह ने रिफाइनरी का दौरा कर रिफाइनरी में चल रही बीआर -09 परियोजना की समीक्षा की। मंत्री ने कार्यकारी निदेशक व रिफाइनरी प्रमुख सत्य प्रकाश कार्यकारी निदेशक (परियोजना व कोर ग्रुप) संजय रायजादा, वरिष्ठ अधिकारियों एवं परियोजना टीम की उपस्थिति में बीआर-09 मेगा परियोजना की विस्तृत समीक्षा की और विभिन्न परियोजना स्थलों का स्थलीय निरीक्षण किया। समीक्षा बैठक में बरौनी रिफाइनरी के मुख्य महाप्रबंधकगण, कमाण्डेंट, केऔसुब इकाई आईओसी बरौनी





अनिल ढौंडियाल, आईओसीएल पाईपलाइन, मार्केटिंग विभाग एवं बरौनी रिफाइनरी के अन्य अधिकारिगण भी उपस्थित रहे।परियोजना बरौनी रिफाइनरी की प्रसंस्करण क्षमता को 6 एमएमटीपीए से बढ़ाकर 9 एमएमटीपीए करने की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम है। मंत्री ने इस परियोजना को भारत सरकार द्वारा स्वीकृति मिलने को एक सामूहिक प्रयास का परिणाम बताया और परियोजना को समय पर पूर्ण करने के महत्व पर बल दिया। जिससे इसके लाभ राज्य और देश तक प्रभावी रूप से पहुंच सकें। इस परियोजना के माध्यम से लगभग 66 मिलियन मानव-घंटों का प्रत्यक्ष रोजगार सृजन हुआ है जिससे स्थानीय लोगों को भी व्यापक लाभ प्राप्त हुआ है। मंत्री ने बरौनी रिफाइनरी प्रबंधन एवं अधिकारियों को समय पर परियोजना की सफल कमीशनिंग कर बीआर-09 संचालन प्रारम्भ करने के लिए प्रोत्साहित किया। कार्यकारी निदेशक व रिफाइनरी प्रमुख श्री सत्य ने मंत्री के मार्गदर्शन एवं सहयोग हेतु आभार व्यक्त करते हुए आश्वस्त किया कि बरौनी रिफाइनरी अपनी प्रतिबद्धताओं पर खरा उतरते हुए, गुणवत्ता, सुरक्षा एवं नवाचार के साथ राष्ट्र निर्माण में अपनी अग्रणी भूमिका निभाती रहेगी।

## युवा समाजसेवी भाई राजू सहनी को असम में किया गया सम्मानित

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**समस्तीपुर।** उजियारपुर प्रखंड मुख्यालय से सटे भगवानपुर कमला गांव निवासी, जिले के चर्चित युवा समाजसेवी भाई राजू सहनी को, असम के गुवाहाटी में संचालित आर्य विद्यापीठ कॉलेज परिसर में श्री श्री सार्वजनिक सत्र के सहयोग से शंकर माधव देव सांस्कृतिक समाज असम सरकार के द्वारा आयोजित कार्यक्रम में सम्मानित किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि असम सरकार के स्वास्थ्य मंत्री जयंतमल बरूआ, असम सरकार की मेयर मिरगेन सरनियां, जीएमडी चेयरमैन मुक्ता डेका ने उन्हें संयुक्त रूप से सम्मानित किया। युवा समाजसेवी भाई राजू सहनी को असम सरकार के द्वारा यह सम्मान समाजसेवा के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए दिया गया है। युवा समाजसेवी भाई राजू सहनी के द्वारा समाजिक कार्यों से गदगद असम सरकार के स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि, आज यहाँ समाजसेवा के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वालों को सम्मानित करने के लिए इकट्ठा हुए हैं। जिस कड़ी में हमारे युवा समाजसेवी भाई राजू सहनी का नाम भी शामिल है। इनके द्वारा किए कार्य और समर्पण ने समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। आज युवा समाजसेवी भाई राजू सहनी के प्रयासों ने, न केवल जरूरतमंदों की मदद की है, बल्कि समाज में एक नई दिशा और प्रेरणा भी प्रदान किया है।

## महामना नॉलेज हेरिटेज स्कूल में कार्यशाला

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बरौनी।** मोतीलाल नेहरू राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान प्रयागराज के अंतर्गत आईईईई स्टूडेंट ब्रांच चेप्टर द्वारा दो-दिवसीय तकनीकी कार्यशाला स्टेम लैब फंडमेन्टल का आयोजन महामना ज्ञान संस्कृति फाउंडेशन के सहयोग से किया गया। यह कार्यशाला 20 एवं 21 अप्रैल को महामना नलेज हेरिटेज स्कूल पिपरा देवस बरौनी के परिसर में सम्पन्न हुई। इस कार्यशाला का उद्देश्य कक्षा 8 से ऊपर के छात्रों और शिक्षकों को स्टेम (सइंस, टेक्नोलजी, इंजीनियरिंग, विषयों की बुनियादी जानकारी और प्रायोगिक अनुभव प्रदान करना था। कार्यशाला की शुरूआत परंपरागत रूप से मां सरस्वती की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलन और पुष्प अर्पण कर की गई। जिससे पूरे वातावरण में एक शैक्षणिक और सांस्कृतिक भाव प्रवाहित हुआ। इस कार्यशाला मे विभिन्न सरकारी एवं गैर सरकारी विद्यालय के 76 बच्चों के साथ अलग अलग विद्यालय के शिक्षकों ने भी भाग लिया। कार्यशाला के दौरान छात्रों को कुंवर कांत पटेल एवं माधव सिंह राजपूत ने इलेक्ट्रिकल और इलेक्ट्रनिक्स मापन, अर्डिनो माइक्रोकंट्रोलर का परिचय, और सेंसर एवं उनके रियल टाइम उपयोग जैसे विषयों पर व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया। इस अवसर पर एम एन एन आई टी इलाहाबाद के प्रोफेसर डा. बसंत कुमार, कुंवर कांत पटेल, विद्यालय की प्रधानाध्यापिका मिनाक्षी भारती, विद्यालय के प्रबंधक राजीव कमल सिन्हा, साथ ही विद्यालय के शिक्षक, शिक्षिकाएं एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

## जलाशयों के संरक्षण और प्रत्येक कटे पेड़ के बदले दो पेड़ लगाने का लें संकल्प : जीएन झा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**समस्तीपुर।** शहर के मुक्तापुर स्थित दिल्ली पब्लिक स्कूल में हर्षोल्लास के साथ विश्व पृथ्वी दिवस मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत करते हुए विद्यालय के प्रिंसिपल जी.एन. झा ने कहा कि यह दिन हमें अपनी पृथ्वी माता के प्रति अपने कर्तव्यों और जिम्मेदारियों का स्मरण कराता है। हर दिन पृथ्वी दिवस हो, यही हमारा प्रयास हो का नारा देते हुए उन्होने कहा कि अपनी जरूरतों को लेकर हम इतने स्वार्थी हो गये हैं कि पृथ्वी की चिन्ता ही नहीं रही। बेरहमी से पेडों की कटाई, भूजल दोहन, जलाशयों की उपेक्षा आदि ऐसे कई कृत्य हैं जो हम अपने ऐशो आराम व सुविधा केलिए करने से नहीं





चूकते, जिसका परिणाम है कि हमारी पृथ्वी दिन ब दिन कमजोर होती जा रही है। श्री झा ने कहा कि आज हम संकल्प लें कि जलाशयों के संरक्षण और प्रत्येक कटे पेड के बदले दो पेड लगाने का संकल्प लें तभी पृथ्वी दिवस की सार्थकता सिद्ध होगी। बताते चलें कि इस अवसर पर डीपीएस परिसर में भाषण प्रतियोगिता, पोस्टर मेकिंग, नाटक, वृक्षारोपण, इत्यादि का आयोजन किया गया। जिसमें छात्रों ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया। भाषण में रेहान, शहरयाज, तेजस्वी, नक्ष, अनन्या एवं आहिल रजा ने भाग लिया। वही पोस्टर मेकिंग में शान, अनुभव, वंश, आर्यन, अफिफा, लोनिका, सुहाना, रोकैया, आदिती, अमृता, प्रियल, पंखुरी, अर्णव, श्वेता, स्वाति, वंशिका, जोशिका, आदि ने सभी का ध्यान आकर्षित किया। जबकि वर्ग 8वीं की छात्रा रिया एवं जाहनवी ने अपने प्रस्तुति से सबको भाव विभोर कर दिया। वृक्षारोपण में लोनिका, अनुभव, अरहान, आइमन, स्वाति, कुन्दन, सुरैया, आदिशा, अदिति, पिहू, अर्नव आदि ने विद्यालय परिसर में पेड़ लगाकर समाज को पृथ्वी एवं पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक होने का संदेश दिया। इस अवसर पर कार्यकर्म के प्रभारी अभिषेक जोसेफ विद्यालय की उपप्राचार्या डॉली कुमारी दास, समस्त शिक्षकगण, अभिभावक और छात्रों की बड़ी संख्या उपस्थित रही। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय के निदेशक इश्तेयाक अनवर एवं प्रबंध निदेशक मो0 राशिद ने इस प्रसंगाधीन विषय पर आधारित शानदार आयोजन के लिए सभी का धन्यवाद ज्ञापन किया।

## कक्षा 9 में नामांकन के लिए बालिकाओं ने दिया विद्यालय के मुख्य द्वार पर धरना

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**समस्तीपूर/पूसा।** एक तरफ बिहार सरकार बालिकाओं के शिक्षा पर जोर देकर बिहार की दशा और दिशा बदलने के लिए प्रतिबद्ध दिखती है। बालिकाओं की शिक्षा के लिए साईकिल, पोशाक, छात्रवृत्ति, प्रोत्साहन राशि सहित कई योजनाओं के माध्यम से मुख्यमंत्री अपनी प्रतिबद्धता दोहराते रहते हैं। लेकिन बिहार के समस्तीपुर जिले में शिक्षा विभाग के पदाधिकारी छात्राओं के प्रति असंवेदनशीलता के कारण सरकार के उद्देश्य को पलीता दिखाने पर आमादा है। मामला जिले के पूसा प्रखंड के महमदपुर देवपार पंचायत स्थित प्लस 2 राजकीयकृत बालिका उच्च विद्यालय का है। जहां बुधवार को चिलचिलाती धूप में बच्चों के साथ उनके अभिभावक, बच्चों के कक्षा 9 में नामांकन को लेकर धरना पर बैठ गए। इस दौरान घंटो शिक्षक और छात्र विद्यालय के परिसर मे बंद रहे। मामले की जानकारी मिलने पर अजय कुमार, पप्पू कुमार आदि पहुंचे और मामले की जानकारी ली। इस दौरान प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी पूनम कुमारी ने छात्राओं को आवेदन देने की बात कही। विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक, प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी, छात्र नेताओं पत्रकारों के साथ लंबी वार्ता के बाद, छात्रों को आवेदन देने की प्रक्रिया समझाते हुए आश्वासन दिया गया की जिला से आदेश लेकर नामांकन करा दिया जाएगा। इधर छात्र नेताओं ने संयुक्त रूप से कहा है कि यदि दो दिनों के अंदर नामांकन की व्यवस्था नहीं बनती है तो आंदोलन के लिए बाध्य होना पड़ेगा। बताते चलें कि पूर्व शिक्षा उपनिदेशक ने एक तुगलकी फरमान जारी किया था कि आठवीं के बाद बच्चे नौवीं कक्षा में नामांकन अपने पंचायत में ही लेंगे। संभवतः इसी को आधार बना कर कई विद्यालयों में बच्चों को नामांकन लेने में कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है। सूत्र बताते है कि उक्त फरमान पर कई विद्यालय के प्रधान बच्चों की सुविधा को प्राथमिकता दे रहे हैं। विद्यालय के प्रवेश द्वार पर बैठी छात्राएं अंशु कुमारी, रिया राय, ईशा कुमारी, स्वाति कुमारी, राज श्री, नंदनी कुमारी, वंदना कुमारी, प्रीतो कुमारी सहित कई छात्राओं ने अपनी बात रखी इनका कहना है कि विद्यालय उनके घर से नजदीक है और सुरक्षित भी है। बताते चलें कि प्रखंड में एकमात्र गलर्स स्कूल होने की वजह से बच्चियों के लिए यह एक पहली पसंद होती है। यहां कंप्यूटर, संगीत, नृत्य, आर्ट एंड क्राफ्ट, की शिक्षा सहित पुस्तकालय की भी उपलब्धता छात्राओं के आकर्षण की खास वजह है। प्रभारी प्रधानाध्यापक बच्चियों का नामांकन लेना चाहती है लेकिन विभाग के आदेश के अधीन होने के कारण छात्रों का नामांकन नहीं ले पा रहे है।

## किसान कल्याण एवं कृषि राज्य मंत्री रामनाथ ठाकुर का अपोलो डेंटल में स्वागत

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**समस्तीपुर।** शहर के चीनी मिल परिसर स्थित अपोलो डेंटल में केंद्र सरकार के कृषि राज्य मंत्री रामनाथ ठाकुर पहुंचे। उन्होंने अपोलो डेंटल के निदेशक प्रमुख डॉ ज्ञानेंद्र कुमार के द्वारा किए जा रहे मानव सेवा की प्रशंसा की। रामनाथ ठाकुर बताते हैं कि इस जगह से हमारा पुराना ताल्लुक है यहां मैं पिताजी के साथ बचपन से ही डॉक्टर ज्ञानेंद्र कुमार के नाना के पास आया करता था और इनका बचपन मैंने देखा है। इनके द्वारा समाज के उत्थान के लिए किए जा रहे कार्यों की में सहन करता हूं और आगे भी निशुल्क चिकित्सा, समाज में गरीब गुरबों को हर संभव मदद करना एवं अन्य कार्य करने के लिए मैं बधाई देता हूं। कृषि मंत्री ने कहा कि मैं समझता हूं कि डॉ ज्ञानेंद्र को अपने नाना प्रखर समाजवादी से बाल काल में ही गरीबों को प्रति सेवा भावना सीखने का मौका मिला है जिसका वह पूर्ण निष्ठा व लग्नपूर्वक निर्वहन कर रहे हैं। इस अवसर पर अपोलो डेंटल केंद्र से प्रमुख डॉ ज्ञानेंद्र कुमार बताते हैं कि पूर्व मुख्यमंत्री कर्पूरी ठाकुर एवं मेरे नाना वशिष्ठ नारायण सिंह दोनों ही अभिन्न मित्रों में से थे। आज जो कुछ भी हूं मैं उन्हीं लोगों के आशीर्वाद से हूं। इससे पूर्व रामनाथ ठाकुर के द्वारा अपोलो डेंटल का निरीक्षण करने के उपरांत अपोलो डेंटल की दशक प्रमुख डॉ ज्ञानेंद्र कुमार व डॉ दयानंद कुमार के द्वारा बुके देकर स्वागत किया गया।

# शिविर से पहले योजनाओं का लाभ पहुंचाना प्राथमिकता : जिला कल्याण पदाधिकारी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**





**जहानाबाद।** जिले में डॉ. अंबेडकर समग्र सेवा अभियान के सफल आयोजन एवं सुदृढ़ तैयारी को लेकर मंगलवार को एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। यह बैठक ग्राम प्लेक्स सभागार में जिला कल्याण पदाधिकारी रंजना कुमारी की अध्यक्षता में आयोजित हुई, जिसमें जिले के सभी 88 पंचायतों के विकास मित्र शामिल हुए।

बैठक में जिला कल्याण पदाधिकारी ने निर्देश दिया कि शिविर से पूर्व सभी प्राप्त आवेदनों को संबंधित विभागों तक प्रखंड कल्याण पदाधिकारी के माध्यम से भेजा जाए, ताकि योजनाओं का समय पर निष्पादन सुनिश्चित हो सके। उन्होंने यह भी कहा कि विकास मित्र अपने क्षेत्र में सक्रिय रहकर लक्षित लाभार्थियों तक 22 लोक कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी पहुंचाएं और उन्हें इसका लाभ दिलाएं। गौरतलब है कि डॉ. अंबेडकर समग्र सेवा अभियान का आयोजन राज्यभर में 14 अप्रैल 2025 से प्रारंभ हो चुका है, जिसका उद्देश्य अनुसूचित जाति बहुल टोला क्षेत्रों में सरकारी योजनाओं की पहुंच सुनिश्चित कराना है। जहानाबाद जिले में भी इस अभियान को प्रभावी ढंग से लागू करने के लिए जिला प्रशासन द्वारा लगातार समीक्षा की जा रही है। बैठक में यह स्पष्ट किया गया कि टोलों में शिविर आयोजन से पहले ही शिकायतों का त्वरित निष्पादन और आवश्यक सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित की जाएगी। कार्यक्रम के दौरान पात्र लोगों को समय पर सेवा मिले, इसके लिए विकास मित्रों को विशेष जिम्मेदारी सौंपी गई है। इस अवसर पर सभी प्रखंडों के प्रखंड कल्याण पदाधिकारी तथा अनुमंडल कल्याण पदाधिकारी विनीत भारद्वाज भी मौजूद थे।

# महात्मा गांधी केंद्रीय विश्वविद्यालय में डिजिटल ह्यूमैनिटीज पर सेमिनार आयोजित

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**मोतिहारी।** महात्मा गांधी केंद्रीय विश्वविद्यालय (एमजीसीयू), मोतिहारी के अंग्रेज़ी विभाग द्वारा 21 अप्रैल 2025 को एक विचारोत्तेजक और बौद्धिक सेमिनार का आयोजन किया गया, जिसका प्रमुख विषय डिजिटल ह्यूमैनिटीज़ था। इस सत्र का नेतृत्व इंग्लिश एंड फॉरेन लैंग्वेजेस यूनिवर्सिटी, हैदराबाद के प्रख्यात विद्वान डॉ. जय सिंह ने किया। डॉ. जय सिंह ने डिजिटल ह्यूमैनिटीज़ के उभरते हुए क्षेत्र पर ध्यान केंद्रित किया। उन्होंने मानवीय अध्ययन में तकनीक की प्रासंगिकता और प्रभाव पर चर्चा की, और यह दर्शाया कि इसका ऐतिहासिक क्रम औद्योगिक क्रांति से लेकर आज के कृत्रिम बुद्धिमत्ता के युग तक कैसे फैला है। उन्होंने मार्शल मैक्लुहान जैसे विचारकों का हवाला देते हुए यह विचार प्रस्तुत किया कि मशीनों के युग में मानव मन में गहरा परिवर्तन आया है। डॉ. सिंह ने मानव मस्तिष्क की तुलना हार्डवेयर से और मानव मन की तुलना सॉफ्टवेयर से की। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि मनुष्य को एआई और तकनीकी विकास के साथ सक्रिय रूप से जुड़ना चाहिए, अन्यथा इक्र मानव मन को नियंत्रित कर सकता है और पोस्ट-ह्यूमन युग में जटिलताएँ उत्पन्न हो सकती हैं। उन्होंने कहा, डिजिटल उपकरण ग्रंथों के प्रचार-प्रसार और संरक्षण में उपयोगी हो सकते हैं, लेकिन हमें मानविकी की मौलिक आत्मा को नहीं खोना चाहिए। डॉ. सिंह ने एआई का मानव मनोविज्ञान पर प्रभाव समझाने के लिए 'प्लेसबो इफ़ेक्ट' की अवधारणा का उपयोग किया। उन्होंने डिजिटल ह्यूमैनिटीज़ में शोध की व्यापक संभावनाओं पर भी प्रकाश डाला, जैसे - शेक्सपियर पर तकनीकी अध्ययन, मानविकी और वीडियो गेम्स आदि। इस सेमिनार में अंग्रेजी विभाग के सभी संकाय सदस्यों - डॉ. बिमलेश कुमार सिंह, डॉ. कल्याणी हज़री, डॉ. उमेश, डॉ. बलांदे चंदोबा, और डॉ. दीपक – ने भाग लिया। विभाग के शोधार्थियों और छात्रों ने डिजिटल ह्यूमैनिटीज़ पर वक्ता के साथ उत्साही और गहन संवाद किया। यह साहित्यिक आयोजन एमजीसीयू के शोधार्थियों के लिए चिंतन और शोध की नई दिशाएँ खोलने वाला एक महत्वपूर्ण अकादमिक प्रयास सिद्ध हुआ।

# 'एचसीएल जिगसॉ' के छठे एडिशन के लिए रजिस्ट्रेशन शुरू

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**नई दिल्ली।** देश के युवाओं में नवाचार और तार्किक सोच को बढ़ावा देने के उद्देश्य से एचसीएल ने अपने फ्लैगशिप प्रॉब्लम-सॉल्विंग प्लेटफॉर्म एचसीएल जिगसॉ के छठे संस्करण की घोषणा कर दी है। कक्षा 6 से 9 तक के छात्रों के लिए यह प्रतियोगिता अब तक 2 लाख से अधिक प्रतिभागियों को जोड़ चुकी है। इस बार भी विजेताओं को 12 लाख रुपये से अधिक की पुरस्कार राशि के साथ एचसीएल इनोवेशन लैब्स में रियल-टाइम प्रोजेक्ट्स पर काम करने का अवसर मिलेगा। प्रतियोगिता के लिए रजिस्ट्रेशन www.hcljigsaw.com पर शुरू हो गए हैं और छात्र 31 जुलाई 2025 तक आवेदन कर सकते हैं। एचसीएल जिगसॉ की परीक्षा तीन चरणों में आयोजित की जाएगी। छात्रों का मूल्यांकन तीन मुख्य क्षमताओं - रिसर्च स्किल्स, क्रिटिकल थिंकिंग और कम्युनिकेशन प्रोसेस के आधार पर किया जाएगा। यह प्रतियोगिता न केवल उनकी शैक्षणिक क्षमता बल्कि टीमवर्क, तर्कशक्ति और रचनात्मकता को भी परखेगी। एचसीएल ग्रुप के एसोसिएट वाइस प्रेसिडेंट और ब्रांड हेड, रजत चंदोलिया ने कहा, एचसीएल जिगसॉ सिर्फ एक प्रतियोगिता नहीं, बल्कि एक प्लेटफॉर्म है जो छात्रों को असली दुनिया से जोड़ता है। यह उन्हें लर्निंग का एक नया नजरिया देता है, जहां वे केवल उत्तर नहीं, समाधान ढूंढ़ते हैं।

यह पहल नई शिक्षा नीति के दृष्टिकोण के अनुरूप है, जो संज्ञानात्मक क्षमताओं और भविष्य के लिए तैयार कौशलों को प्राथमिकता देती है। प्रतियोगिता में भागीदारी पूरी तरह निःशुल्क है, जिससे यह देश के हर कोने के छात्रों के लिए सुलभ बनती है। अब वक्त है देश के युवा दिमागों को एक मंच पर लाने का, जहां वे सोचें, समझें और समाधान गढ़ें - क्योंकि यही तो है असली लर्निंग की शुरुआत!

# दो मासूम बच्चों की डूबने से मौत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**मेहसी (पूर्वी चम्पारण)।** मेहसी थाना क्षेत्र अंतर्गत सेमरा घाट पर सोमवार की दोपहर एक हृदयविदारक हादसा हो गया, जब चकनगरी गांव के दो मासूम बच्चों की नहाने के दौरान गहरे पानी में डूबने से मौत हो गई। मृतकों की पहचान मोहम्मद मुस्तकीम के 12 वर्षीय पुत्र सगीर आलम एवं जमालुद्दीन अंसारी के 13 वर्षीय पुत्र सैफ आलम के रूप में हुई है। घटना दोपहर लगभग 2:30 बजे की है, जब गांव के कुछ बच्चे निर्माणाधीन पुल के समीप बूढ़ी गंडक नदी में नहाने गए थे। थानाध्यक्ष सानू गौरव ने बताया कि नहाने के क्रम में ये दोनों बच्चे गहरे पानी में चले गए और डूब गए। बच्चों के डूबने की जानकारी मिलते ही अफरातफरी मच गई। स्थानीय ग्रामीणों ने तत्परता दिखाते हुए तुरंत मेहसी थाना को सूचना दी। पुलिस मौके पर बच्चों की तलाश शुरूव किया ग्रामीणों की मदद से दोनों बच्चों के शव बरामद कर लिए गए। घटना की पुष्टि करते हुए थाना अध्यक्ष ने बताया कि शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए मोतिहारी सदर अस्पताल भेज दिया गया है। उन्होंने बताया कि आगे की कानूनी प्रक्रिया पूरी की जा रही है।इस दर्दनाक हादसे ने चकनगरी गांव को गमगीन कर दिया है। दोनों बच्चों के घरों में कोहराम मच गया है। परिजन बदहवास हैं और गांव में शोक की लहर दौड़ गई है।

# डॉ पिंकी कुमारी बनीं महाविद्यालय की एनएसएस प्रोग्राम ऑफिसर

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**दनियावां (पटना)।** दनियावां-हिलसा मार्ग पर अवस्थित समीपवर्ती एस यू कॉलेज हिलसा, में डॉ पिंकी कुमारी, विभागाध्यक्ष सह सहायक प्राध्यापिका मनोविज्ञान विभाग को एनएसएस (राष्ट्रीय सेवा योजना) प्रोग्राम ऑफिसर बनाया गया है। इसकी अधिसूचना पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय, पटना के माननीय कुलपति के आदेश से विश्वविद्यालय एनएसएस प्रोग्राम ऑफिसर डॉ सुजीत कुमार दुबे द्वारा जारी कर दिया गया है। कॉलेज एनएसएस इकाई के कार्यक्रम पदाधिकारी की अधिसूचना जारी होने के बाद बधाई देने वालों प्रधानाचार्य प्रो. गजेंद्र प्रसाद गदकर, वित्तेक्षक डॉ पीसी चौरसिया, परीक्षा नियंत्रक डॉ शिव प्रसाद ठाकुर, गणित विभागाध्यक्ष डॉ प्रभात कुमार,डॉ हरजीत कुमार, कॉलेज प्रॉक्टर अरविंद कुमार, भूगोल विभागाध्यक्ष डॉ भुवनेश्वर कुमार मंडल, प्रधान सहायक अरुण प्रसाद, एकाउंटेंट रोनित राय, डॉ राजीव नयन सिंह, मधुसूदन कुमार आदि शामिल थे।

## एक नजर

### एसकेएस कॉलेज मे सम्मान समारोह का आयोजन 28 को



**मोतिहारी।** डॉ. श्री कृष्णा सिन्हा महिला महाविद्यालय के प्राचार्य ने अपने कार्यालय कक्ष में एक बैठक कर कहा कि पूर्वी चम्पारण मे जितने भी छात्राएं इस महाविद्यालय से पूर्व में उत्तीर्ण हो चुकी है सभी के लिये एक सम्मान समारोह का आयोजन आगामी 28 अप्रैल को 12:30 मे किया जायेगा। प्राचार्य ने ये आह्वान करते हुये कहा कि मोतिहारी के जितने भी पूर्ववर्ती छात्राएं हैं उनसे मेरा आग्रह है कि हमारे महाविद्यालय में 28 अप्रैल 2025 को पूर्ववर्ती छात्रा सम्मान समारोह का आयोजन समय 12:30 पर किया जा रहा है साथ हीं उन्होंने ये भी कहा इस मीटिंग में बाहर के छात्राओं को भी गूगल मीट के माध्यम से जोड़ा जाएगा। जिसमें आप सभी की उपस्थिति से हम अनुग्रहित होंगे।

### 71 हज यात्रियों का टीकाकरण एवं प्रशिक्षण

**मोतिहारी।** पूर्वी चम्पारण जिले से पवित्र हज पर जाने वाले कुल 131 हज यात्रियों में से 71 हज यात्रियों को टीकाकरण एवं प्रशिक्षण का कार्यक्रम, जामे मस्जिद, मोतिहारी के प्रांगण में आयोजित की गई। शेष 60 हज यात्रियों का टीकाकरण एवं प्रशिक्षण 24.04.2025 को ढाका प्रखण्ड स्थित ढाका जामे मस्जिद में आयोजित की जाएगी। इस अवसर पर सहायक निदेशक, अल्पसंख्यक कल्याण, पूर्वी चम्पारण, मोतिहारी उपस्थित थे। मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, पूर्वी चम्पारण द्वारा टीकाकरण कार्य हेतु डॉक्टर एवं अन्य स्वास्थ्य कर्मियों की प्रतिनियुक्ति की गई है। सहायक निदेशक, अल्पसंख्यक कल्याण के उपस्थिति में पवित्र हज पर जाने वाले यात्रियों से देश की सुख समृद्धि के साथ खास कर इस जिला के सुख समृद्धि के लिए दुआ करने की दरखवास्त की गई। आखिरी में सभी हज यात्रियों को टीकाकरण एवं प्रशिक्षण के बाद सामुहिक दुआ की गई। साथ हीं सरकार के द्वारा उक्त महत्वपूर्ण कार्यक्रम में यात्रियों के सुविधाओं हेतु समन्वय कर सभी आवश्यक कार्रवाई पूरी की जा रही है। इस कार्य हेतु अंजुमन इस्लामिया, मोतिहारी के द्वारा भी आवश्यक सहयोग प्रदान किया जा रहा है।

### धर्मेंद्र बने प्रखंड डीलर संघ के अध्यक्ष

**पीपराकोठी (पूर्वी चम्पारण)।** प्रखंड क्षेत्र के सभी जन वितरण प्रणाली केंद्र के विक्रेताओं की बैठक की गई। बैठक में सभी डिलरों ने एक स्वर से वर्तमान के डीलर संघ के अध्यक्ष कुणाल कुमार के कार्य से नाराजगी व्यस्त करते हुए नये अध्यक्ष के चुनाव करने की मांग की। सभी ने यह प्रस्ताव लाया कि संघ के अध्यक्ष द्वारा किसी भी डिलरों की समस्या के समाधान के दिशा में कोई भी पहल नहीं किया जाता है। जिसके बाद सभी ने प्रखंड अध्यक्ष के पद पर धर्मेंद्र कुमार को सर्वसम्मति से चुना। बैठक में सुनीता कुमारी बिंदेश्वरी प्रसाद, उपेन्द्र कुमार, मो. अमानुल्लाह, राजन कुमार, सिकंदर चौधरी, उपेंद्र कुमार राम, शम्भू कुमार निषाद, बिन्देश्वरी प्रसाद यादव, धरमेन्द्र कुमार, भरत प्रसाद, बनारसी साह, बिनोद प्रसाद, सुनीता कुमारी, शारदानंद प्रसाद सहित अन्य डीलर मौजूद थे।

### आपका शहर, आपकी बात कार्यक्रम का आयोजन

**मोतिहारी।** आपका शहर आपकी बात कार्यक्रम का आयोजन नगर निगम क्षेत्र अंतर्गत वार्ड संख्या 32 के पंचायत भवन मंजूराहा में किया गया। इस अवसर पर नगर निगम मोतिहारी की महापौर प्रीति कुमारी, नगर आयुक्त सुमन सौरभ यादव, निगम पार्षद डॉली राज जी एवं निगम पार्षद प्रतिनिधि राजेश के साथ मुहल्ले वासियों की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम में नगरवासियों से सीधा संवाद कर शहर के विकास से जुड़े विषयों पर चर्चा की गई साथ ही नगर निगम द्वारा वार्ड के विकास के लिए चयनित किए गए योजनाओं पर विचार विमर्श के साथ स्थल निरक्षण किया गया। नगर निगम मोतिहारी समूचे नगर के विकास के लिए लगातार प्रयासरत है।

### पर्यावरण संरक्षण को लेकर बच्चों ने उठाई आवाज

**मेहसी (पूर्वी चम्पारण)।** विश्व पृथ्वी दिवस के अवसर पर स्थानीय बेबी गार्डे न स्कूल, मेहसी में एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यालय के नन्हें छात्रों ने पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए नीति-निर्माताओं और नेताओं से अपील की कि वे विकास के नाम पर धरती, जल, जंगल, खनिज और पहाड़ों को नष्ट होने से बचाएं। छात्रों ने अपने संकल्प और नारों के माध्यम से बताया कि यदि धरती बचेगी, तभी जीवन बचेगा। नदियां, जंगल, खेत, खलिहान, हवा, पानी और बीज न केवल वर्तमान पीढ़ी के लिए बल्कि विश्व के करोड़ों बच्चों के भविष्य के लिए अत्यंत आवश्यक है।

# पूर्वी चंपारण के 27 प्रखंडों में 18 अप्रैल से प्रतिदिन संवाद का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**मोतिहारी।** जिले के 27 प्रखंडों में जीविका ग्राम संगठन के माध्यम से 18 अप्रैल से प्रतिदिन महिला संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। महिला संवाद कार्यक्रम में जिले की महिलाएं एवं दीदियां पूरे जोश के साथ शामिल हो रहीं हैं। जीविका दीदियों के अलावा अन्य महिलाएं भी अपने अपने अनुभव साझा कर रही हैं और अपनी आकांक्षाओं को सरकार के सामने रख रही हैं। इस कार्यक्रम में उपस्थित महिलाओं को मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के संदेश पत्र को पढ़ कर सुनाने के साथ साथ अन्य ग्रामीणों में वितरित भी किया जा रहा हैं इसके अलावा सरकारी योजनाओं की जानकारी से भरा लीफ़लेट भी प्रदान किया जा रहा है। महिला संवाद कार्यक्रम के अंतर्गत योजनाओं के प्रति जागरूक करने के लिए सरकारी योजनाओ पर फिल्म का प्रदर्शन भी महिला संवाद रथ के माध्यम से किया जा रहा है। इसके तहत पूर्वी चंपारण जिले के सभी प्रखंडों में महिला संवाद कार्यक्रम आयोजन सुबह 09.00 से 11.00 बजे एवं शाम 04.00 से 06.00 बजे तक प्रतिदिन विभिन्न पंचायतो में जीविका के 56 ग्राम संगठनों में महिला संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। आज घोड़ासहन प्रखंड के लौखन पंचायत के मिलन ग्राम संगठन व पूजा ग्राम संगठन कदमवा, चिरैया प्रखंड के हरनरयना पंचायत के धरती जीविका महिला ग्राम संगठन एवं रायपुर पंचायत के उजाला जीविका महिला ग्राम संगठन में महिला संवाद कार्यक्रम आयोजित की गई। इसमें महिला संवाद वाहन में लगे एलईडी डिस्प्ले के माध्यम से ग्रामीणों को राज्य सरकार द्वारा संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी पर बनी फिल्मो को दिखाया गया है तथा उन तमाम योजनाओ की जानकारी दी जा रही है। वीडियो में महिलाओं के लिए आरक्षण, बिहार राज्य महिला सशक्तीकरण नीति, नशामुक्ति अभियान, जीविका कार्यक्रम, सतत जीविकोपार्जन योजना, मुख्यमंत्री कन्या उत्थान योजना, मुख्यमंत्री बालिका पोषक योजना, सायकिल योजना, मुख्यमंत्री बालिका प्रोत्साहन योजना, किशोरी स्वास्थ्य कार्यक्रम, बिहार स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना, मुख्यमंत्री मेधावृत्ति योजनाओं के बारे में जानकारी है. इसके साथ साथ अक्षर आंचल योजना, मुख्यमंत्री नारी शक्ती योजना, अल्पावास गृह, मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना समेत सरकार की कुल 31 योजनाओं की जानकारी दी जा रही है। कार्यक्रम में ग्रामीण जन विशेषकर महिलाएं बहुत उत्साह पूर्वक भाग ले रही हैं। विडियो प्रदर्शन के बाद खुले तौर पर संवाद स्थापित किया जा रहा है। संवाद के दौरान अनेक ग्रामीण महिलाओं ने अपने विकास की बात करते हुए सरकार से अपनी आकांक्षा साझा कर रही हैं। कार्यक्रम में अपनी बात रखते हुए घोडासहन प्रखंड के जीविका के प्रखंड परियोजना प्रबंधक अतुल मोहन झा ने कहा कि महिला संवाद कार्यक्रम का सबसे बड़ा उद्देश्य आप सभी तक सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी पहुंचाना तथा आप सबों की आकांक्षाओं को जानने का है। अब तक जिले में कुल 252 जीविका ग्राम संगठनों में यह कार्यक्रम हो चूका है जिसमे लगभग 65 हज़ार से अधिक दीदियां अपने अनुभव और अपेक्षाऐ साझा कर चूंकि हैं।

# गंगा की सहायक नदियों एवं अन्य जल स्त्रोतों को रखे साफ एवं स्वच्छ: डॉ रोहित

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**जहानाबाद।** बिहार राज्य नगर विकास एवं आवास विभाग पटना एवं जिला पदाधिकारी- सह -अध्यक्ष जिला गंगा समिति के निर्देश पर जिला गंगा समिति एवं नगर पंचायत घोषी के द्वारा 15 से 30 अप्रैल तक चलाए जा रहे विशेष स्वच्छता अभियान को लेकर नोडल पदाधिकारी, जिला गंगा समिति- सह -निदेशक, डीआरडीए, डॉ. रोहित कुमार मिश्रा, जिला परियोजना पदाधिकारी, नमामि गंगे, अमित कुमार, जिला समन्वयक लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान, माधवेंद्र कुमार के द्वारा नगर पंचायत घोषी कार्यपालक पदाधिकारी के साथ सभी वार्ड पार्षदो के साथ बैठक आयोजित किया गया। बैठक में जिला गंगा समिति नमामि गंगे जहानाबाद के द्वारा चल रहे कार्यक्रमों के बारे में जानकारी दी गई। इस दौरान सभी वार्ड पार्षदों से अपील किया गया कि गंगा के सहायक नदियों एवं अपने वार्डो में समीप तलाब,घाटों को स्वच्छ एवं सुंदर बनाए रखने के लिए साफ सफाई श्रमदान, शपथ कार्यक्रम आयोजित करें। उन्होंने सहायक नदियों को स्वच्छ निर्मल एवं अविरल बनाए रखने हेतु मदद करने का अपील भी की। उन्होंने निर्देश दिया कि हर वार्ड में वृक्षारोपण कराए साथ ही साथ निदेशक डीआरडीए के द्वारा सभी को स्वच्छता का शपथ दिलाया गया।

# रघुवा नदी सफाई के बिना केसरिया का विकास असम्भव



**केसरिया (पूर्वी चम्पारण)।** देश-दुनिया में जल संरक्षण के लिए बहुत योजनाएं काम कर रही है लाखों-करोड़ खर्च हो रही है। मगर केसरिया के मेरुदंड कहे जाने वाली रघुवा नदी पर किसी का नजर नहीं है। रघुवा नदी केसरिया क्षेत्र वासियों के लिए गंगा, जमुना से कम नहीं है मगर इस नदी कि सफाई 1970के बाद कभी नहीं हुई। जिसके कारण नदी कि तलहटी में गाद भर गई है। नदी समतल हो गई हैं। जलकुंभी एवं जंगल झाड़ी से नदी को पहचानना मुश्किल हो गया है। सिंचाई के लिए पानी का किल्लत हो गई है। **प्रभावित क्षेत्र:** केसरिया, संग्रामपुर, अरेराज प्रखण्ड के एक दर्जन पंचायत एवं सैकड़ों गांव इस नदी से प्रभावित हैं। सही मायेने में समुचा केसरिया विधानसभा क्षेत्र। रघवा नदी साहेबगंज के मुण्डमाला घाट से वाया नदी के नाम से जानी जाती है। यह नदी आज एक एक बुंद पानी के लिए तरस रही है जब की वर्षों पुर्व ईस नदी में सालों भर पानी भरा रहता था। जब वर्षांत के दिनों में अधिक पानी होने पर देवसर नाला के माध्यम से बीस भवारी तिरहुत तटबंध के द्बारा गंडक नदी में पानी छोड़ा जाता था। जिससे क्षेत्र में बाढ से निजात मिलता था। सरोतर चवर, सुंदरा पुर एवं लालगौडा मन का पानी भी रघुवा नदी में गिरता था। अब खेती पटवन के बात कौन करे लोग नदी में खेती करने लगे हैं। लोग निजी कामों के लिए नदी में कई जगह बांध बना दिया है। इसी रघुवा/वाया नदी के सफाई के लिए निवर्तमान विधायक पिताम्बर सिंह ने सतर के दशक में वाया परियोजना लाकर प्रत्येक चंवर का पानी निकासी के लिए नाली बनवाकर रघुवा नदी में मिलाया, रघुवा नदी का पानी निकासी के लिए बथना पदुमनछपरा से मनोहर छपरा सुंदरापुर होते एक बड़ी नदी बनवाकर गंडक में मिलाया मगर कुछ कारण बस महज 500 मीटर पदुमन छपरा में खुदाई रुक गई, केसरिया बथना मार्ग में एक बड़ी निर्माणाधीन पुल कि पाया दिख रही है मगर ना पुल बना ना नदी कि खुदाई पुर्ण हुई। अरबों रुपया खर्च कर हजारों एकड़ जमीन का मुआवजा चुकाकर सरकार अधिग्रहण किया मगर जमीन लावारिस हालत में पड़ी है योजना बंद है मगर इतनी बड़ी समस्या पर किसी का ध्यान नहीं है आखिर कसुरवार कौन है। नेता कि जानता।

# जहानाबाद की अगरबत्ती से सुगंधित हो रहा पड़ोसी राज्य

**डॉ रंजीत कुमार भारतीय/नबिटा ब्यूरो**



**जहानाबाद।** जहानाबाद जिले में अगरबत्ती उद्योग तेजी से लोगों के आजीविका का सहारा बन रहा है। यहां निर्मित होने वाली अगरबत्तियां स्थानीय बाजार के साथ साथ पड़ोसी राज्यों झारखंड, पश्चिम बंगाल, उड़ीसा उत्तर प्रदेश समेत कई अन्य राज्यों में भी अपनी पहुंच और पैठ बना रहा है। अब ग्रामीण इलाके में कई परिवार इस अगरबत्ती निर्माण के कार्य से जुड़कर अच्छी कमाई कर रहे हैं। इसके लिए जिले में अगरबत्ती से जुड़े कई व्यापारी सक्रिय हैं। व्यापारियों द्वारा विभिन्न टोलों में कच्चे सामग्री उपलब्ध कराई जाती है। उसके बाद बनी हुई अगरबत्ती उनसे खरीद लिया जाता है। व्यापारी द्वारा इसके लिए दो तरह की पद्धति अपनाई जाती है। एक पद्धति के तहत नियमित मजदूर रखे जाते हैं। जिन्हें प्रतिदिन 400 रुपए मेहनताना दिया जाता है। दूसरी पद्धति के तहत पार्ट टाइम जुड़कर भी लोग इस काम को करते हैं। इसके लिए किए गए काम के आधार पर मजदूरी दी जाती है। कई व्यापारी गांव तथा मोहल्ले में एक स्थान निर्धारित कर दिए हैं जहां लोग अगरबत्ती बनाते रहते हैं। उसे स्थान पर सीसीटीवी कैमरे भी लगे लगे रहते हैं। जिससे व्यापारी नियमित मजदूर की मॉनिटरिंग करते हैं। जिला मुख्यालय के साथ-साथ मखदुमपुर, शकुराबाद और काको में अगरबत्ती बनाने का धंधा काफी तेजी से फल फूल रहा है। इस कार्य से जुड़े हजरत बेगम बताती है कि मेरे पति और बेटे जहां नियमित मजदूर के रूप में काम करते हैं वही हम लोग घर की महिलाएं पार्ट टाइम अगरबत्ती बनाते हैं। घर में काम करके महीने के 25 से 30 हजार की कमाई सभी मिलकर कर लेते हैं। काको प्रखंड क्षेत्र में अगरबत्ती बनाने से जुड़े इस्मत खातून बताती है कि पहले दिल्ली और उसके आसपास के शहरों में रहकर प्राइवेट फैक्ट्री में काम करते थे। वहां 15 से 20 हजार कमाई होती थी। लेकिन बाद में जब गांव आया तो पता चला कि यहां अगरबत्ती बनाने के काम से जुड़कर भी अच्छी कमाई की जाती है। हालांकि उतना पैसा तो नहीं कमा रहे हैं लेकिन 15 हजार मासिक आय हो जाती है वह भी घर पर रहकर। उन्होंने कहा कि कमाई भले ही थोड़ी कम है लेकिन परिवार के बीच रहने का मौका मिल रहा है। इस तरह से अगरबत्ती बनाने का धंधा पलायन और बेरोजगारी की समस्या को रोकने में कारगर साबित हो रही है।

**बंद हुआ हथकरघा तो अगरबत्ती ने दिया रोजगार:** सदर प्रखंड का मोहनपुर गांव जहां हथकरघा उद्योग काफी विकसित रहा है। आजादी के पहले से ही यहां धोती और साड़ी बनते थे। लेकिन आधुनिक मशीन से निर्मित धोती और साड़ी इस कारोबार को पूरी तरह से नष्ट कर दिया। इधर लगभग दो दशक से लोग रोजी रोजगार के लिए दूसरे प्रदेशों में जाने को मजबूर हो रहे थे। ऐसे में फिर से अगरबत्ती उद्योग यहां के लोगों को नया रोजगार प्रदान किया है। ग्रामीण मुस्ताक बताते हैं कि हम लोगों के लिए यह उद्योग काफी बेहतर साबित हो रहा है। हालांकि लोग यह चाहते हैं व्यापारियों से जुड़ने की बजाय खुद अपने स्तर से धंधे को संचालित कर सके और ज्यादा मुनाफा प्राप्त कर सके। लेकिन यह बिना सरकारी सहयोग का संभव नहीं है।

# अनुमंडल पदाधिकारी ने पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जहानाबाद।** विश्व पृथ्वी दिवस के अवसर पर गायत्री परिवार के प्रज्ञा युवा प्रकोष्ठ के युवाओं ने अनुमंडल पदाधिकारी के आवास पर वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया। इस अवसर पर जिले के कई पत्रकार भी कार्यक्रम में शामिल हुए। अनुमंडल पदाधिकारी राजीव रंजन सिन्हा के नेतृत्व में आयोजित वृक्षारोपण कार्यक्रम के तहत 50 से अधिक पौधे अनुमंडल पदाधिकारी के आवासीय परिसर में लगाए गए। इस दौरान अनुमंडल पदाधिकारी ने विश्व पृथ्वी दिवस की शुभकामनाएं जिले वासियों को देते हुए कहा कि सभी को पृथ्वी के अस्तित्व को बनाए रखने के लिए अपनी ओर से हर संभव प्रयास करना चाहिए। इस दौरान उन्होंने पर्यावरण संरक्षण के लिए प्रत्येक व्यक्ति से हर महीने कम से कम एक पेड़ लगाने का आह्वान करते हुए कहा कि पृथ्वी न सिर्फ मानव जीवन के लिए बल्कि करोड़ों जीव जंतुओं का आश्रय स्थल है। इसे हम सुंदर, स्वच्छ और उपयोगी बनाएं तथा अपने आने वाले पीढ़ियों के लिए पृथ्वी को संतुलित बनाएं यह हम सब की नैतिक जिम्मेवारी है। वृक्ष न सिर्फ जीवन दायिनी है बल्कि इस संसार में रहने वाले कई जीव जंतुओं के प्राकृतिक आश्रय स्थल भी है। उन्होंने बताया कि तेजी से भौतिक समाज के निर्माण में जैव पारिस्थितिकी को काफी नुकसान पहुंचा है।


**पूर्वोत्तर रेलवे**

मण्डल रेल प्रबन्धक (वाणिज्य), पूर्वोत्तर रेलवे, वाराणसी द्वारा भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्नलिखित कार्य के आवंटन हेतु ई–नीलामी (E-Auction) किया जाना है।

आक्शन कैटलाग नम्बर BSB9PARKING 25

| कार्य का विवरण | अवधि | ई–नीलामी की तिथि | ई–नीलामी का समय |
|---|---|---|---|
| गाजीपुर सिटी स्टेशन स्थित (2 व्हीलर) स्टैण्ड का ठेका | 03 वर्ष | 07.05.2025 | 10.00 बजे से 10.30 बजे तक |
| मऊ जं0 स्टेशन स्थित (2 व्हीलर) स्टैण्ड का ठेका | 03 वर्ष | 07.05.2025 | 10.00 बजे से 10.40 बजे तक |
| चैनवा स्टेशन स्थित (2/3/4 व्हीलर) स्टैण्ड का ठेका | 03 वर्ष | 07.05.2025 | 10.00 बजे से 10.50 बजे तक |
| कादीपुर स्टेशन स्थित (2/3/4 व्हीलर) स्टैण्ड का ठेका | 03 वर्ष | 07.05.2025 | 10.00 बजे से 11.00 बजे तक |
| चितबडागाँव स्टेशन स्थित (2/3/4 व्हीलर) स्टैण्ड का ठेका | 03 वर्ष | 07.05.2025 | 10.00 बजे से 11.10 बजे तक |
| दाउदपुर स्टेशन स्थित (2/3/4 व्हीलर) स्टैण्ड का ठेका | 03 वर्ष | 07.05.2025 | 10.00 बजे से 11.20 बजे तक |
| माधोसिंह स्टेशन स्थित (2/3/4 व्हीलर) स्टैण्ड का ठेका | 03 वर्ष | 07.05.2025 | 10.00 बजे से 11.30 बजे तक |

आक्शन कैटलाग नम्बर BSB8PARKING 25

| कार्य का विवरण | अवधि | ई–नीलामी की तिथि | ई–नीलामी का समय |
|---|---|---|---|
| मऊ जं0 स्टेशन स्थित (2/3 व्हीलर) स्टैण्ड का ठेका | 03 वर्ष | 08.05.2025 | 10.00 बजे से 10.30 बजे तक |
| चौरीचौरा स्टेशन स्थित (2/3/4 व्हीलर) स्टैण्ड का ठेका | 03 वर्ष | 08.05.2025 | 10.00 बजे से 10.40 बजे तक |
| गौरीबाजार स्टेशन स्थित (2/3/4 व्हीलर) स्टैण्ड का ठेका | 03 वर्ष | 08.05.2025 | 10.00 बजे से 10.50 बजे तक |
| कर्मुद्दीनपुर स्टेशन स्थित (2/3/4 व्हीलर) स्टैण्ड का ठेका | 03 वर्ष | 08.05.2025 | 10.00 बजे से 11.00 बजे तक |
| रामकोला स्टेशन स्थित (2/3/4 व्हीलर) स्टैण्ड का ठेका | 03 वर्ष | 08.05.2025 | 10.00 बजे से 11.10 बजे तक |
| सहतवार स्टेशन स्थित (2/3/4 व्हीलर) स्टैण्ड का ठेका | 03 वर्ष | 08.05.2025 | 10.00 बजे से 11.20 बजे तक |
| बनकटा स्टेशन स्थित (2/3/4 व्हीलर) स्टैण्ड का ठेका | 03 वर्ष | 08.05.2025 | 10.00 बजे से 11.30 बजे तक |

ई–नीलामी (E-Auction) IREPS पोर्टल पर आनलाइन होगी। ई–नीलामी (E-Auction) में भाग लेने के लिए इच्छुक व्यक्ति द्वारा IREPS पोर्टल पर ऑनलाइन रू. 10,000/– (Non Refundable) आनलाइन जमा कर एक बार (One Time Registration) कराना आवश्यक है। साथ ही उसके पास SBI (स्टेट बैंक आफ इण्डिया) में करेंट खाता हो जिसे IREPS पोर्टल से लिंक करना आवश्यक होगा। ई–नीलामी (E-Auction) से सम्बंधित नियम एवं शर्तों की सम्पूर्ण जानकारी IREPS पोर्टल (www.ireps.gov.in) के E Auction Leasing Section में उपलब्ध है।

मुजाधि/वाणिज्य–22 — सहायक वाणिज्य प्रबंधक, वाराणसी

गाड़ियों की छतों व पावदान पर कदापि यात्रा न करें।

# पुरानी रंजिश एवं जमीनी विवाद में हुई थी मुकेश उर्फ छोटन यादव की हत्या

## मुख्य शूटर को गिरफ्तार करते हुए पुलिस ने किया हत्याकांड का खुलासा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मसौढ़ी (पटना)।** मसौढ़ी के प्रॉपर्टी डीलर मुकेश उर्फ छोटन यादव हत्याकांड का खुलासा कर लिया गया है। पुरानी रंजिश एवं जमीनी विवाद में इस हत्याकांड को अंजाम दिया गया है। अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी ने मंगलवार को एक प्रेस वार्ता आयोजित कर बताया कि घटना में संलिप्त मुख्य शूटर को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है, उसका नाम दीपक कुमार उर्फ भोगी (23 वर्ष) पिता रविंद्र प्रसाद है, जो तारेगना डीह का रहनेवाला है। अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी ने कहा कि छोटन उर्फ मुकेश हत्याकांड में कुल सात अपराधी शामिल थे। अन्य फरार अपराधियों की गिरफ्तारी को लेकर छापेमारी



की जा रही है। पूरे घटनाक्रम के बारे में खुलासा करते हुए बताया जाता है कि जेल में बंद नीतीश यादव और राजा यादव के इशारे पर कुल सात युवकों ने मुकेश उर्फ छोटन की हत्या की थी। घटना के संदर्भ मे बताया गया की ग्राम मलमाचक में वर्ष 2019 को हुए बर्थ डे पार्टी के दौरान डीजे पर गाना बजाने को लेकर मुकेश और दीपक के दोस्तों के बीच विवाद हो गया था, उसी विवाद में मुकेश उर्फ छोटन द्वारा दीपक कुमार के दोस्तों को गोली मारकर गंभीर रूप में जख्मी कर दिया गया था, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई थी। इसके अलावा कई जमीनी विवादों में भी वह अपराधियों के रडार पर था। हालांकि इस घटना में संलिप्त कुछ भू माफियाओं को भी चिन्हित कर कार्रवाई की जा रही है। बता दें कि मसौढ़ी थाना क्षेत्र के जहानाबाद रोड में बीते 12 अप्रैल को कैंब्रिज कोचिंग के ठीक सामने बीच सड़क पर दोपहर सरेआम छोटन उर्फ मुकेश यादव पिता जगदीश प्रसाद की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी, इस इस घटना में मृतक के बड़े चाचा अशोक प्रसाद के द्वारा अज्ञात खिलाफ मसौढ़ी थाने में अज्ञात पर प्राथमिकी दर्ज की गई थी। पूरे घटना की गंभीरता को देखते हुए थानाध्यक्ष अनिल कुमार, सब इंस्पेक्टर अरविंद कुमार के साथ टीम गठित करते हुए छापेमारी की जा रही थी।

## तीन संवेदनशील मामलों का हुआ निपटारा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मसौढ़ी (पटना)।** भूमी विवाद से जुड़े हुए लंबित मामलों का अब अनुमंडल स्तर पर सुनवाई की जा रही है। मंगलवार को अनुमंडल कार्यालय में एसडीएम अमित कुमार पटेल की अध्यक्षता में जमीन विवाद से जुडे मामले की सुनवाई की गई, जहां सभी अंचलों के अंचलाधिकारी और थानाध्यक्ष के अलावा भूमि मापी कर्मचारी उपस्थित रहे। भूमि विवाद से संबंधित दोनों पक्ष भी शामिल हुए। सुनवाई के दौरान प्रशासनिक एवं पुलिस पदाधिकारी की उपस्थिति में भूमि विवाद से संबंधित मामलों की सुनवाई की गई। भूमि विवाद से जुड़े जनता दरबार में कुल 3 अतिसंवेदनशील मामला आया था जिसमें से एक मामला पुनपुन, एक मामला धनरूआ एवं एक मामला मसौढ़ी का पाया गया। तीनों मामलों का निष्पादन हो गया। सभी थाना प्रभारी एवं अंचलाधिकारी को निर्देशित किया गया कि शनिवारीय थाना जनता दरबार में प्राप्त हो रहे मामले का निष्पादन ससमय करे।

# नवगठित आठ वार्डों मे नागरिक सुविधाओं की उपलब्धता पर जोर

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मसौढ़ी (पटना)।** मसौढ़ी नगर परिषद के नवगठित आठ वार्डों मे 'आपकी शहर- आपकी बात' कार्यक्रम का आयोजन होना है। ऐसे में मंगलवार को मुख्यमंत्री नितीश कुमार ने सभी निकायों के साथ वीडियो कांफ्रेंसिंग के माधयम से कार्यक्रम का शुभारंभ किया। नगर प्रबंधक शेखर प्रसाद कुमार ने बताया कि विस्तारित क्षेत्रों में नागरिक सुविधाओं की उपलब्धता एवं विकास कार्यो के शीघ्र एवं समुचित कार्यान्यवन के उद्देश्य से नगर जन संवाद (मुहल्ला सभा) का आयोजन किया जा रहा है। जिलाधिकारी के निर्देशन पर वार्डवार तिथि निर्धारित किया जाना है। वीसी के दौरान प्लानिंग पदाधिकारी श्वेता सिन्हा, अमीन रामाधार प्रसाद यादव, वार्ड पार्षद शंभू कुमार सिंह एवं अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे। अमीन रामाधार प्रसाद यादव ने बताया कि नगर परिषद मसौढ़ी के नव विस्तारित वार्डों में वार्ड नंबर 1, 7, 8, 9, 26, 32, 33,




34 वार्ड है, जहां पर नागरिक सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करना हमारी प्राथमिकता है।

## टीसी नहीं मिलने से आक्रोशित छात्र एवं परिजनों ने किया हंगामा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मसौढ़ी (पटना)।** पुनपुन प्रखंड के बीआरसी कार्यालय पर स्थानीय लोगों ने हंगामा किया। दरअसल मध्य विद्यालय पुनपुन (जाहिदपुर) के आठवीं पास बच्चों का टीसी नहीं मिलने से नाराज बच्चे ने कार्यालय में दिनभर प्रतिनियुक्त प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी के इंतजार में रहे। जिससे अजीज होकर स्थानीय लोगों ने हो हंगामा किया। छात्र छात्राओं की माने तो मध्य विद्यालय पुनपुन में सेवानिवृत्ति प्रधानाचार्य ने दाखिला पंजी वर्तमान प्रधानाचार्य को हस्तांतरण नहीं किया है। जिसके कारण सभी का ई शिक्षा कोष ऐप पर डाटा अपडेट नहीं होने से अपार कार्ड और हंस्तांतर प्रमाण पत्र नहीं बन पा रहा है।

# बंदियों को दी गयी विधिक सहायता की जानकारी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मसौढ़ी (पटना)।** हाईकोर्ट के विधिक सेवा के तहत मंगलवार को मसौढ़ी उपकारा में बंदियों को विधिक जागरूकता प्रदान किया गया इसमें हाईकोर्ट लीगल सर्विस के शिल्पी केसरी, प्रणोति सिंह, प्रतिमा कुमारी एवं मसौढ़ी सिविल कोर्ट के पैनल अधिवक्ता विमल कुमार शामिल रहे। विधिक जागरूकता के तहत बंदियों को गिरफ्तारी के पूर्व के अधिकार, विचारण के दौरान बंदियों के अधिकार और मुफ्त विधिक सहायता के बारे में जानकारी दी गई। जेलर शंकर कुमार ने सभी बंदियों को निःशुल्क विधि कानूनी



जानकारी देते हुए बताया कि अगर हाईकोर्ट से उपरी अदालतों में अपील करना चाहते हैं तो यहां निःशुल्क विधिक सेवा दी जायेगी। इसके अलावा बंदियों को प्रदान किए जाने वाले विभिन्न विधिक सहायता के बारे में बताते हुए कहा कि नालसा द्वारा जेल में बंद बंदियों के लिए विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम समय-समय पर चलाए जा रहे हैं। न्यायालय में अगर आपका मुकदमा है तो आपको बिना शुल्क अधिवक्ता व कानूनी सलाह दिया जाता है। मौके पर जेलर सुपरीटेंडेंट महेश रजक एवं अन्य कर्मी उपस्थित रहे।

# छात्रों को पौधारोपण के प्रति किया जागरूक

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मसौढ़ी (पटना)।** विश्व पृथ्वी दिवस के मौके पर मंगलवार को मसौढ़ी धनरूआ एवं पुनपुन मे कई स्कूलों में कार्यक्रम का आयोजन किया गया जहां लोगों को पर्यावरण के प्रति जागरूक किया गया। कहीं छात्र-छात्राओं ने ह्यूमन चेन बनायी, तो कहीं पेंटिंग प्रतियोगिता में भाग लेकर पर्यावरणीय खतरों से रूबरू कराया। कई जगहों पर पौधरोपण भी किये गये। ईको क्लब द्वारा पर्यावरण सरंक्षण के प्रति पौधा लगाकर जागरूक किया गया। पुनपुन प्रखंड के उत्क्रमित मध्य विद्यालय शेखपुरा में



पौधारोपण कार्यक्रम हुआ। इस कार्यक्रम में विद्यालय के यूथ एवं ईको क्लब में चयनित छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों द्वारा पौधरोपण की गई। प्रभारी प्रधानाध्यापक सैना कुमार ने कहा कि पर्यावरण सरंक्षण के प्रति जागरूक होने और आस-पास के क्षेत्र को हरा-भरा बनाने के लिए छात्रों को प्रेरित किया गया।

# भाकपा माले ने मनाया 57वां स्थापना दिवस

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मसौढ़ी (पटना)।** कामरेड लेनिन के जन्म दिवस पर मंगलवार को भाकपा माले का 57 स्थापना दिवस मसौढ़ी धनरूआ पुनपुन के विभिन्न गांवों में मनाया गया। भाकपा माले का झंडातोलन करते हुए मौजूदा परिस्थितियों और चुनौतियों के संदर्भ में सांप्रदायिक फासीवाद और साम्राज्यवाद के खिलाफ लोकतंत्र और समाजवाद को मजबूत करने की लड़ाई को तेज करने का संकल्प लिया गया। इस आलोक में भाकपा माले को और ज्यादा बडी मजबूत बनाने का संकल्प लिया। मसौढ़ी के शाहाबाद में माले राज्य कमेटी सदस्य कमलेश कुमार, सत्नारायण प्रसाद, कपिल ठाकुर, मसौढी शहर में नागेश्वर पासवान, तिनेरी गोपालपुर में संजय पासवान, प्रखंड सचिव राकेश कुमार, चपौर, पंचायत में छोटन यादव, कराय में विनोद महतो, भैसवा में रमेश चौधरी, धनरूआ प्रखंड में प्रखंड सचिव अकलू पासवान भगवान पासवान आदि ने अपने क्षेत्रों में झंडोतोलन किया।

# बिहार बार कांउसलिंग से जल्द चुनाव कराने की मांग

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मसौढ़ी (पटना)।** मसौढ़ी बार एसोसिएशन चुनाव को लेकर अधिवक्ताओं ने बिहार राज्य बार काउंसिल के सचिव प्रफुल्ल चंद्र द्विवेदी को हस्ताक्षरयुक्त स्मार पत्र सौंप कर जल्द चुनाव कराने की मांग की है। अधिवक्ता रूपेश पटेल ने कहा की मसौढ़ी में 3 मार्च 2023 को संघ का चुनाव हुआ था। निर्वाचित पदाधिकारियों का कार्यकाल 3 मार्च 2025 को पूर्ण होने के बावजूद भी समिति के अध्यक्ष द्वारा नियम की अनदेखी कर अपनी मनमानी करते हुए विधिक संघ के चुनाव की प्रक्रिया प्रारंभ नहीं की है। ऐसे में बिहार स्टेट बार काउंसिल पटना को पत्र लिखकर जल्द चुनाव कराने की मांग की गई है। वहीं अधिवक्ता महेंद्र सिंह अशोक ने कहा कि निवर्तमान अध्यक्ष बिहार राज्य बार काउंसिल के आदर्श नियम की धारा 15 के अनुसार किसी भी संघ के पदाधिकारी का कार्यकाल निर्वाचन की तिथि से मात्र दो वर्ष के लिए निर्धारित है। दो वर्ष पूर्ण होने पर पदाधिकारी समिति स्वतः भंग हो जाती है तथा अध्यक्ष ही 1 माह तक प्रभार में रहकर चुनाव कराने के लिए अधिकृत होते हैं। हलांकि स्टेट बार के द्वारा 2 महीने की भीतर चुनाव करा लिये जाने की बात कही गई है।

# स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता में सुधार को लेकर बैठक

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**आरा।** जिलाधिकारी सह अध्यक्ष, जिला स्वास्थ्य समिति के निर्देशानुसार डीडीसी डॉ अनुपमा सिंह की अध्यक्षता में स्वास्थ्य विभाग की समीक्षात्मक बैठक मंगलवार को किया गया। इसका उद्देश्य जिले के स्वास्थ्य संस्थानों में दी जा रही सेवाओं की गुणवत्ता में सुधार लाना एवं आमजन को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराना था। बैठक में सभी प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारियों को निर्देशित किया गया कि वे अपने संस्थानों में आने वाले मरीजों को दी जाने वाली चिकित्सा सुविधाओं में लगने वाले औसत समय को न्यूनतम करें ताकि मरीजों को त्वरित और प्रभावी इलाज मिल सके। साथ ही इंस्टीट्यूशनल डिलीवरी (अस्पताल में प्रसव) की संख्या में वृद्धि के लिए विशेष प्रयास करने के निर्देश भी दिए गए। बैठक में यह भी निर्देशित किया गया कि गर्भवती महिलाओं की प्रसव-पूर्व जांचों की संख्या में बढ़ोतरी सुनिश्चित की जाए, ताकि मातृ एवं शिशु मृत्यु दर को प्रभावी रूप से कम किया जा सके। कार्यक्रम के अंत में कायाकल्प योजना एवं संस्थागत सेवाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले स्वास्थ्य संस्थानों के प्रतिनिधियों एवं नामांकित चिकित्साकर्मियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। यह सम्मान स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने के प्रति उनके समर्पण को मान्यता देने के लिए प्रदान किया गया। समीक्षा बैठक में सिविल सर्जन, जिला प्रतिरक्षण पदाधिकारी, जिला कार्यक्रम प्रबंधक, जिला लेखा प्रबंधक, जिला अनुश्रवण एवं मूल्यांकन पदाधिकारी, जिला योजना समन्वयक समेत अन्य थे।

# खेलो इंडिया टॉर्च टूर यात्रा का डीएम ने किया शुभारंभ

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**आरा।** खेल भवन भोजपुर में मंगलवार को खेलो इंडिया टॉर्च टूर यात्रा का शुभारंभ जिलाधिकारी तनय सुल्तानिया ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। मौके पर डीडीसी डॉ अनुपमा सिंह, जिला खेल अधिकारी, जिला जन-संपर्क अधिकारी, जिला सांख्यिकी अधिकारी व अन्य अधिकारी मौजूद थे। इस आयोजन में विभिन्न खेलों के बाल खिलाड़ी, खेल संघों के अध्यक्ष, सदस्यगण एवं कई गणमान्य उपस्थित थे, जिन्होंने पूरे जोश व उत्साह के साथ भाग लिया। इसका मुख्य उद्देश्य 04 से 15 मई 2025 तक राज्य भर में खेलो इंडिया कार्यक्रम के तहत जागरूकता फैलाना और खेलों को प्रोत्साहन देना है। यह यात्रा युवाओं में खेल भावना को बढ़ावा देने और उन्हें एक मजबूत मंच प्रदान करने का प्रयास है। जिलाधिकारी ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्द्धन करते हुए बताया कि बिहार राज्य में पहली बार खेलो इंडिया कार्यक्रम के अंतर्गत इतनी बड़ी स्तर पर खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा है। इसमें फुटबॉल, खो-खो, एथलेटिक्स, जिम्नास्टिक्स, बैडमिंटन, हॉकी, जूडो, कबड्डी,



टेनिस, वॉलीबॉल, वेटलिफ्टिंग और स्वीमिंग जैसे लोकप्रिय खेलों को शामिल किया गया है। खेलो इंडिया यूथ गेम्स-2025 के आयोजन से बिहार में खेल-संस्कृति को नई ऊर्जा और दिशा मिलेगी। यह प्रतियोगिता न केवल राज्य के खिलाड़ियों के लिए एक मंच है, बल्कि उन्हें राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर तक पहुंचाने का सुनहरा अवसर भी प्रदान करेगी। प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को इस मंच के माध्यम से पहचान, प्रोत्साहन और भविष्य के उज्जवल अवसर मिलेंगे। साथ ही यह आयोजन युवाओं में नेतृत्व, अनुशासन और आत्मविश्वास का संचार करेगा।

# चिकित्सकों की संख्या बढ़ाने को लेकर लिखा पत्र

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** सदर अस्पताल, औरंगाबाद की कुव्यवस्था पर जिला परिषद औरंगाबाद के पूर्व अध्यक्ष राघवेंद्र प्रताप नारायण सिंह ने बिहार सरकार के अपर मुख्य सचिव, स्वास्थ्य विभाग को ध्यान आकृष्ट कराते हुए आग्रह किया है कि यहां चिकित्सकों की कमी के चलते गरीब एवं लाचार मरीजों को इलाज कराने में असुविधा होती है। उन्होंने कहा कि पिछले माह मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बहुमंजिला अस्पताल का उद्घाटन तो कर दिया लेकिन व्यवस्था के नाम पर यहां कुछ भी नहीं दिखता है। सदर अस्पताल में चिकित्सकों के स्वीकृत पद 57 है जबकि कार्यरत चिकित्सक मात्र 27 ही है। प्रगति यात्रा में मुख्यमंत्री ने अस्पताल को उद्घाटन तो कर दिया है लेकिन लिफ्ट के अभाव के चलते कोई भी कार्य संभव नहीं हो पा रहा है। उन्होंने राज्य सरकार से मांग करते हुए कहा कि सदर अस्पताल में चिकित्सकों की संख्या बढ़ाई जाए एवं लिफ्ट की सुविधा दी जाए जिससे आमजन लाभान्वित हो सके।

# दानवीर भामाशाह इतिहास के स्वर्णाक्षरों में रहेंगे अंकित

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**हसपुरा (औरंगाबाद)।** देश में जब भी दानवीरों की चर्चा होगी, दानवीर भामाशाह जी का नाम हमेशा स्वर्णअक्षरों में अंकित मिलेगा। उपरोक्त बातें वैश्य चेतना समिति द्वारा आयोजित भामाशाह जी के जयंती समारोह में वैश्य चेतना समिति के जिला संयोजक सह लोजपा (रा.) के प्रदेश सचिव विजय कुमार अकेला ने कही। उन्होंने कहा की आज भी वैश्य समाज राष्ट्रहित में सहयोग देने के लिए हमेशा तत्पर रहते हैं। इतिहास गवाह है, जब जब देश पर आंच पड़ी है तब तब वैश्यों की भागीदारी रही है और वैश्य समाज ने पूरे तन- मन-




धन से देशहित में सहयोग किया है। अकेला ने भारत सरकार से दानवीर भामाशाह को भारत रत्न देने की मांग की एवं कहा की इनकी जयंती राष्ट्रीय दिवस के रूप में मनाया जाय। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व मुखिया डॉ. ललन पंडित एवं संचालन प्रो. जयराम प्रसाद ने किया। वैश्य चेतना समिति के युवा प्रखंड अध्यक्ष राजू भारती, विवेक कुमार, सुजीत कुमार लाला, शंकर प्रसाद, सुनील कुमार, उमेश प्रसाद, आलोक कुमार, अभिषेक कुमार, नवल प्रसाद, गौतम शाही सहित अन्य लोगों ने दानवीर भामाशाह जी तैल्यचित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित किया। साथ ही वक्ताओं ने उनकी जीवनी पर विस्तार से प्रकाश डाला।

# पालीगंज में निबंधन कार्यालय की हुई शुरुआत

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पालीगंज (पटना)।** पालीगंज वासियों के लिए एक बड़ी सौगात के रूप में मंगलवार को नये निबंधन कार्यालय की शुरुआत हो गई। हालांकि प्रस्तावित उद्घाटन समारोह पॉप फ्रांसिस्को के निधन पर भारत सरकार द्वारा घोषित तीन दिवसीय राजकीय शोक के कारण स्थगित कर दिया गया। इसके बावजूद निबंधन कार्य विधिवत रूप से शुरू कर दिया गया। जानकारी के मुताबिक कार्यालय के उद्घाटन की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई थीं। जिला निबंधन पदाधिकारी रवि रंजन, सहायक निबंधन पदाधिकारी रीवा चौधरी, पालीगंज के निबंधन पदाधिकारी नवीन कुमार समेत कई अधिकारी मौके पर मौजूद थे। भारत सरकार द्वारा शोक की औपचारिक घोषणा के बाद कार्यक्रम को रद्द कर दिया गया, लेकिन उप महानिरीक्षक (निबंधन विभाग) सुशील कुमार की उपस्थिति में कार्यालय का संचालन प्रारंभ कर दिया गया। पहले ही दिन प्रमोद कुमार, संगीता सिन्हा, किरण देवी और अर्चना देवी समेत आधा दर्जन लोगों की जमीन की खरीद-बिक्री का रजिस्ट्रेशन किया गया, जिससे लोगों में उत्साह देखा गया। पालीगंज में निबंधन कार्यालय की स्थापना यहां के नागरिकों की एक पुरानी मांग थी। इससे पहले लोगों को रजिस्ट्री से जुड़े कार्यों के लिए बिक्रम जाना पड़ता था, जिससे समय, धन और श्रम तीनों की खपत होती थी। अब ये सभी सेवाएं स्थानीय स्तर पर ही उपलब्ध होंगी, जिससे आमजन को बड़ी राहत मिलेगी। गौरतलब है कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने अपनी 'प्रगति यात्रा' के दौरान पालीगंज में निबंधन कार्यालय खोलने की घोषणा की थी। मौके पर पालीगंज के विधायक संदीप सौरभ, भाजपा नेता अशोक कुमार वर्मा, चंद्रशेन वर्मा, शक्ति शोला, जवाहर प्रसाद गुप्ता, राजकिशोर सिंह, जनसुराज पार्टी के अनुमंडल प्रभारी राजेश कुमार, चंदन कुशवाह, चंदन वर्मा, दुर्गेश नारायण सहित कई लोगों ने सरकार की इस पहल की सराहना करते हुए इसे ''जनता के लिए राहत'' बताया।

# बस से उतरते ही अचेत होकर गिरे अधेड़, मौत

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** शहर के बाईपास ओवरब्रिज के समीप मंगलवार को अपराह्न बस से उतरते ही एक अधेड़ व्यक्ति अचेत होकर गिर पड़े। आनन-फानन में उन्हें इलाज के लिए सदर अस्पताल लाया गया जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक की पहचान उपहारा बाजार निवासी विलास राम के रूप में की गई है। विलास राम की मौत के बाद परिजन उन्हें लेकर घर चले गए। बताया जाता है कि विलास राम अपनी पत्नी के साथ बस पर सवार होकर झारखंड के रामगढ़ से औरंगाबाद पहुंचे थे। जहां बाईपास ओवरब्रिज के समीप उनका नाती इंतजार कर रहा था क्योंकि यहां से उन्हें नाती के साथ अपने बेटी के घर पौथु थाना क्षेत्र के मौलवीगंज जाना था। लेकिन बीच में ही उनकी मौत हो गई। मौत का कारण क्या रहा इसका पता नहीं चल सका।

## शराब कारोबारी गिरफ्तार

**रफीगंज (औरंगाबाद)/ नबिटा संवाददाता।** शहर के अब्दलपुर भवाड़ा पुल के पास बाइक पर लदे 40 लीटर महुआ शराब के साथ कारोबारी बंदिया थाना अंतर्गत धोटा गांव निवासी नीतीश कुमार को गिरफ्तार किया गया। थानाध्यक्ष शम्भू कुमार ने बताया कि सूचना मिली कि शराब भारी मात्रा में ले जा रहा है।


**Bihar Urban Infrastructure Development Corporation Ltd.**

BUIDCo Building Better Tomorrow | Govt. of Bihar

A Government of Bihar Undertaking

NOTICE INVITING TENDER

FOR

DIFFERENT PROJECTS IN DIFFERENT CITIES OF BIHAR

NIT No: 01/2025-26/Aurangabad.

(Through e-procurement2.bihar mode only – www.eproc2.bihar.gov.in)

| Sl.No | Name of work | Estimated Cost (Rs in Lakh) | Bid Processing fees | Bid Document Cost (in Rs) | Bid Security (EMD) (Rs in Lakh) | Time of completion |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | नगर परिषद औरंगाबाद अंतर्गत का वार्ड नं0–20 में डॉ सुरेन्द्र के घर से कुशवाहा नगर होते हुए नावाडीह पचरूखिया फेसर मुख्य पथ तक पी0सी0सी0 पथ एवं आर0सी0सी0 कॉस ड्रेन निर्माण कार्य। | 228.45657 | As per Beltron Norms | 17700.00 | 4.57 | 6 Months |
| 2 | नगर परिषद औरंगाबाद अंतर्गत वार्ड नं0–19 में सनोज पाण्डेय के बाउण्ड्री से हनुमान नगर ट्रॉसमर होते हुए मुंशी ब्रहमदेव भवन तक पी0सी0सी0 पथ एवं आर0सी0सी0 कॉस ड्रेन निर्माण कार्य। | 222.84152 | | 17700.00 | 4.46 | 6 Months |
| 3 | नगर परिषद् दाउदनगर, औरंगाबाद अन्तर्गत मौलाबाग से पासवान चौक दक्षिण तरफ पथ निर्माण। | 234.38583 | | 17700.00 | 4.69 | 6 Months |
| 4 | नगर परिषद् दाउदनगर, औरंगाबाद अन्तर्गत वार्ड न0–5 इमामबाड़ा ईदगाह हुसैनीबाद कब्रिस्तान जाट टोली होते हुये बारूण रोड तक नाली निर्माण | 220.85765 | | 17700.00 | 4.42 | 6 Months |
| 5 | नगर पंचायत, रफीगंज, औरंगाबाद अंतर्गत वार्ड संख्या–16 में राजा बिगहा पुल से कासमा बस स्टैंड तक ढक्कन सहित आर0सी0सी0 नाला का निर्माण। | 237.30885. | | 17700.00 | 4.75 | 6 Months |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 6. | Date of downloading of bid document | : | From **29.04.2025 to 09.05.2025** up to **03:00** PM Through website www.eproc2.bihar.gov.in |
| 7. | Place & Date of Pre-bid meeting | : | Date **30.04.2025** Time **12:00** PM. Office of Project Director, BUIDCo, Aurangabad |
| 8. | Last date and time for receipt (upload) of bids | : | Date **09.05.2025** up to **03:00** PM Through website www.eproc2.bihar.gov.in |
| 9. | Last Date and time fo r Submission of hard copy of EMD | : | Date **10.05.2025** up to **03:00** PM |
| 10. | Time and date of opening technical bids | : | Date **10.05.2025** Time **04:00** PM ds ckn |
| 11. | Time and date of opening of financial bids | : | To be communicated later on |
| 13 | Place of opening of bid | : | Through website www.eproc2.bihar.gov.in |
| 14. | Period of bids validity | : | 120 days |
| 15. | Officer inviting bids | : | Project Director, BUIDCO, Aurangabad |

**The detailed NIT can be obtained through website www.eproc2.bihar.gov.in and www.buidco.in.**

**Project Director,**
**BUIDCo, Aurangabad**

**PR. No. 001683 (B&C ) 2025-26**

For further details please visit : **www.state.bihar.gov.in/prdbihar**

सुरक्षित जीवन अपनाओ, अपनी नियमित एच.आई.वी. जाँच कराओ।

## संक्षिप्त समाचार

### विधायक के प्रयास से लछुरायडीह गांव को मिला नया ट्रांसफार्मर

**गांव के विकास से दिल होता है प्रफुल्लित : नईम अंसारी**



**टुण्डी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** टुण्डी विधानसभा क्षेत्र के जुझारू विधायक मथुरा प्रसाद महतो के प्रयास से प्रखंड के लछुरायडीह नया मोड़ में 100 के वी ए का टांसफार्मर लगते ही लोगों में काफी खुशी देखी जा रही है। तथा टुण्डी प्रखंड के उभरते युवा सम्राट सह भावी पंचायत समिति सदस्य नईम अंसारी ने गांव में नये टांसफार्मर लगने के लिए विधायक से लेकर विभाग की दौड़ लगाकर अपने मंजिल पाने में कामयाब हुए आज इनकी परिश्रम को लेकर गांव वालों ने इनकी प्रशंसा करते हुए कहा कि आगामी पंचायत चुनाव में हम सब जनता ने इनके काम को देखकर आशीर्वाद देने का काम करेंगे। मौके पर नईम अंसारी (भावी पंचायत समिति सदस्य) युनुस अंसारी, आजाद अंसारी, मोहम्मद फिरोज अंसारी,मो सलीम अंसारी,मो असीरुद्दीन अंसारी समेत बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

### चेक डैम निर्माण होने के बाद क्षेत्र में आएगी हरियाली, किसानों के खिलेंगे चेहरे : प्रशांत किशोर

**नौडीहा बाजार के खड़ार गांव में दहवाही नाला पर पक्का चेकडैम निर्माण को ले प्रशांत किशोर ने रखी आधारशिला**



**मेदिनीनगर (पलामू)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** नौडीहा बाजार प्रखंड के चराई -टू पंचायत के खड़ार गांव में लघु सिंचाई विभाग के तत्वाधान में दहवाही नाला पर पक्का चेक डैम निर्माण कार्य के शिलान्यास किया गया। चेकडैम निर्माण की आधारशिला कांग्रेस पार्टी के युवा नेता व समाजसेवी प्रशांत किशोर ने रखी। मौके पर प्रशांत किशोर ने कहा कि 46 लाख की लागत से बनने वाले चेकडैम के माध्यम से अगर जल संचयन कर लिया जाय तो किसानों के लिए बड़ी उपलब्धि होगी। कहा कि चेक डैम निर्माण हो जाने के बाद क्षेत्र में हरियाली आएगी। किसानों के चेहरे पर मुस्कान होगा। कहा कि वर्तमान की हेमंत सोरेन के नेतृत्व वाली सरकार किसानों के प्रति संवेदनशील है। राज्य के वित्त मंत्री सह स्थानीय विधायक राधाकृष्ण किशोर की यह सोच है कि राज्य तभी विकास करेगा जब यहां के किसान खुशहाल होंगे। इस अवसर पर कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष मिथिलेश सिंह,राजकमल तिवारी, छतरपुर नगर पंचायत के निवर्तमान अध्यक्ष मोहन जायसवाल, अशोक सोनी, आलोक यादव, संतोष पाठक, लालगढ़ पंचायत के मुखिया लाल बिहारी यादव, डगरा पंचायत के मुखिया विनोद सिंह, सोनू सिंह, गुंजन कुमार, टॉन वर्मा सहित सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

### शेन इंटरनेशनल स्कूल मे बच्चों ने लिया पर्यावरण संरक्षण का संकल्प

**जमशेदपुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** अर्थ डे यानी पृथ्वी दिवस हर साल 22 अप्रैल को विश्व में पर्यावरण संरक्षण के बारे में जागरूकता फैलाने के लिए मनाया जाता है। शेन इंटरनेशनल स्कूल में




पर्यावरण के प्रति बच्चों को जागरूक बनाने के उद्देश्य से पृथ्वी दिवस मनाया गया। इस दिवस की शुरूआत सुबह की प्रार्थना सभा से हुई, जिसमे बच्चों द्वारा पर्यावरण सरंक्षण का संदेश दिया गया,और उसकी सुरक्षा का शपथ लिया गया। बच्चों ने विभिन्न प्रकार के पोस्टर बनाए, स्लोगन लिखें तथा कविता वाचन किया और पर्यावरण के सरंक्षण का संदेश दिया । सभा मे उपस्थित सभी को पर्यावरण की रक्षा करने काअपील किया गया।अपने संबोधन में स्कूल की प्रधानाध्यापिका डॉ. केया अदक ने बच्चों को पर्यावरण से संबंधित अनेक महत्वपूर्ण जानकारियां दी, तथा इसके नुकसान पर विस्तार से प्रकाश डाला।मुख्य अध्यापिका सिमरन सग्गू ने सभी को पर्यावरण के प्रति जागरूक होने का संदेश दिया।मौके पर विद्यालय के सभी शिक्षक मौजूद थे।

### विकास के वादे ढेर, गांव में नहीं पहुंची बिजली

**सिमडेगा/बोलबा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** प्रखंड के कादोपानी पंचायत के तीन गांवो में आज भी लोग बिजली के लिए तरस रहे है। पंचायत के गटटीगढ़ा, करादामर और कुड़पानी गांव के ग्रामीण आज भी बिजली के लिए सोलर पैनल सिस्टम का उपयोग कर रहे है। पूर्व में प्रशासन के द्वारा सोलर प्लांट लगाया गया है। जिससे गांव के लोग बिजली की सुविधा ले रहे है। ग्रामीणों के अनुसार गटटीगढ़ा गांव में वर्ष 2015-16 में बिजली खंभा और तार से बिजली लाने का प्रयास किया गया था। लेकिन स्थानीय ग्रामीणों के अनुसार बिजली खंभे की दूरी अधिक होने के कारण तार गिर गए। इसके बाद कतिपय लोग अपने को विभागीय कर्मी बताकर खंभा और तार को भी ले गए। इसके बाद गांव में आज तक बिजली का दर्शन नहीं हो पाया। ग्रामीणों के अनुसार गटटीगढ़ा गांव में लगभग 40 परिवार के लोग रहते है। जहां सोलर पैनल के द्वारा ग्रामीणों को बिजली दी जा रही है। इसी प्रकार करादामर और कुड़पानी में भी सोलर पैनल के द्वारा बिजली की व्यवस्था की गई है। बताया गया कि प्रत्येक एक यूनिट पर कंपनी के द्वारा दस रुपए लिया जाता है। सुदुर ग्रामीण क्षेत्र में आज भी लोग लालटेन और लैंप जलाने को मजबूर है।

### सड़कों पर जहां-तहां बनाए जा रहे खतरनाक स्पीड ब्रेकर

**लोहरदगा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** लोहरदगा में सड़कों पर मनमाने तरीके से कहीं भी स्पीड ब्रेकर स्थानीय लोगों द्वारा बना देने का चलन बढ़ता जा रहा है।गाड़ियों की रफ्तार नियंत्रित करने और हादसों पर अंकुश लगाने के नाम पर नियम कानूनों को ताक पर रखते हुए इस तरह के स्पीड ब्रेकर बना दिए जा रहे हैं, कि उन्हीं की वजह से हादसे हो रहे हैं। यह स्थिति शहर के साथ-साथ ग्रामीण इलाकों में भी देखी जा रही है। प्रशासन और पुलिस इसे नजरअंदाज किए हुए है। जबकि इन अवैध स्पीड ब्रेकरों की वजह से हादसे हो रहे हैं। लोगों की जान जा सकती है। शहर के महादेव टोली में प्राइवेट स्कूल के बगल में किसी ने रातों-रात ऊंचा स्पीड ब्रेकर बना दिया।

# समाहरणालय में अग्नि से बचाव को लेकर कार्यशाला का हुआ आयोजन

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** अग्निशमन सेवा सप्ताह के अंतर्गत समाहरणालय स्थित सभागार में मंगलवार को कार्यशाला एवं समाहरणालय परिसर में एक प्रभावशाली और व्यावहारिक मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। इसकी अध्यक्षता डीपीएलआर निदेशक मेनका ने किया। मौके पर अपर समाहर्ता मो. मुमताज अंसारी, डीसीएलआर चास प्रभाष दत्ता, जिला उप निर्वाचन पदाधिकारी प्रेम चंद सिन्हा, जिला सहकारिता पदाधिकारी श्वेता गुड़िया, जिला अग्निशमन पदाधिकारी भगवान ओझा, जिला आपदा प्रबंधन पदाधिकारी शक्ति कुमार, नोडल पदाधिकारी पंकज दूबे, सहायक जनसंपर्क पदाधिकारी अविनाश कुमार सिंह समेत सभी विभागों के




अधिकारी/कर्मी आदि उपस्थित थे। कार्यशाला एवं मॉक ड्रिल का उद्देश्य पदाधिकारी/कर्मियों को अग्नि सुरक्षा के प्रति जागरूक करना, आपदा प्रबंधन के अंतर्गत त्वरित प्रतिक्रिया की प्रक्रियाएं समझाना और आपातकालीन स्थितियों में प्रभावी ढंग से कार्य करने की क्षमताओं को परखना था। जिला अग्निशमन पदाधिकारी एवं जिला आपदा प्रबंधन पदाधिकारी ने क्रमवार आग लगने की घटना के बाद की स्थिति से निपटने व सुरक्षा के संबंध में बिंदुवार जानकारी दी। जिला अग्निशमन पदाधिकारी ने आग की परिभाषा, आग किन - किन कारणों से लगती है, आग को किन कैटेगरी (ए,बी,सी एवं डी) में बांटा गया है। किस कैटेगरी की आग को कैसे बुझाया जा सकता है। इसके बचाव को लेकर अग्निशमन यंत्र के इस्तेमाल के तरीके से भी सभी को अवगत कराया। घर में ज्यादातर एलपीजी गैस में आगजनी की घटना और ऐसे में क्या करना है, उदाहरण दिखाकर बताया। कहा कि आगजनी की घटना से घबड़ाना - डरना नहीं है, सुरक्षा उपायों का पालन करना है। जिला आपदा प्रबंधन पदाधिकारी ने समाहरणालय में आगजनी की घटना एवं बचाव को लेकर आयोजित माक ड्रिल के संबंध में बताया। अगर वास्तविकता में भी कभी आगजनी की घटना होती है तो कर्मियों को इन निदेर्शों का अनुपालन आवश्यक हैं। पूरा अभ्यास अग्निशमन विभाग की दक्ष टीम द्वारा पूर्ण अनुशासन और व्यावसायिकता के साथ संचालित किया गया। जिससे उपस्थित अधिकारियों और कर्मचारियों को वास्तविक परिस्थिति में अपनाई जाने वाली रणनीतियों की स्पष्ट समझ मिली। मौके पर अपर समाहर्ता ने कार्यशाला एवं मॉक ड्रिल की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार की गतिविधियां न केवल प्रशासनिक दृष्टि से महत्वपूर्ण हैं, बल्कि आम लोगों को जीवन रक्षक प्रक्रियाओं से अवगत कराना भी आवश्यक है। उन्होंने अधिकारियों/कर्मियों से अपील किया कि किसी भी अग्नि दुर्घटना की स्थिति में घबराएं नहीं, बल्कि संयम और सूझबूझ से काम लेते हुए अग्निशमन विभाग को तुरंत सूचित करें और अग्नि से सुरक्षा नियमों का पालन करें।

### पोता और दादा ने गुस्से में खा लिया सल्फास, दादा की मौत

**हजारीबाग/बरही/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** प्रतिनिधि पारा चढ़ने के साथ लोगों का गुस्सा भी बढ़ने लगा है। बरही में गुस्से में आकर प्वाइजनिंग के दो मामलों में एक में एक 65 वर्षीय बुजुर्ग की मौत हो गई। चौपारण के हथिया गांव के रहने वाले 25 वर्षीय युवक ने सल्फास खा लिया। मो आरिफ अंसारी 25 वर्ष पिता मुस्लिम अंसारी ग्राम हथिया थाना चौपारण का बरही अनुमंडलीय अस्पताल में इलाज के बाद बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल हजारीबाग रेफर कर दिया गया। बरही। बरही के बेला गांव तिलैया बस्ती के रहने वाले बुजुर्ग की सल्फास खाने से मौत हो गई। जैसे ही परिजनों को पता चला कि बुजुर्ग ने सल्फास खा लिया है परिजन उन्हें इलाज के लिए बरही अनुमंडलीय अस्पताल लेकर आए जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत बता दिया। छोटू यादव उम्र 65 वर्ष के घर में शादी का माहौल था। पोता पोती की शादी थी। किसी कारण से उन्होंने सल्फास की गोली खा ली।

## पत्रकारों पर हमले को लेकर धनबाद प्रेस क्लब में बैठक

**24 अप्रैल को समाहरणालय के समक्ष धरना प्रदर्शन का निर्णय**



**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** धनबाद प्रेस क्लब ने गांधी सेवा सदन में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की, जिसमें पत्रकारों पर हमले के मामले में गिरफ्तारी नहीं होने पर चर्चा की गई। यह हमला रणधीर वर्मा चौक पर हुआ था, जब कांग्रेस के नेता राशिद राजा अंसारी, उनके बेटे और भाइयों ने पत्रकारों पर हमला किया था। इस हमले में पत्रकारों के मोबाइल छीन लिए गए और उन्हें गाली-गलौज और पिटाई का सामना करना पड़ा। घटना 16 अप्रैल की है।घटना के बाद एफआईआर दर्ज कराई गई है। कांग्रेस के नेता राशिद राजा अंसारी उनके भाई और बेटे के द्वारा कांग्रेस के दूसरे गुट से उलझ पड़े आपस में झगड़ रहे थे, जिसका कवरेज पत्रकारों ने करना शुरू कर दिया था। इससे नाराज होकर उन्होंने पत्रकारों पर हमला किया।

**प्रेस क्लब की बैठक**

पत्रकारों पर हमले के मामले में गिरफ्तारी नहीं होने पर प्रेस क्लब के द्वारा बैठक में चर्चा की गई अगर गिरफ्तारी नहीं होती है, तो जिला प्रशासन को एक पत्र देकर गुरुवार, 24 अप्रैल को समाहरणालय के समक्ष विशाल धरना प्रदर्शन और विरोध किया जाएगा।

## पृथ्वी दिवस पर जन जागरण कार्यक्रम का शुभारंभ

**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** कतरी नदी पर यात्रा कर जन जागरण कार्यक्रम आज पृथ्वी दिवस के अवसर पर खमारगोडा. प्राथमिक विद्यालय, बाघमारा आंचल से प्रारंभ किया गया. जिसमें झारखंड किसान विकास संघ के केंद्रीय अध्यक्ष रामचंद्र रवानी ने कहा कि संघ का इतिहास बहुत पुराना रहा है संघ ने नदी और प्रदूषण मुद्दे को लगातार उठाने का काम किया है, दामोदर नदी पर कई बार पद यात्रा, साइकिल यात्रा की गई है, जिससे लोगों में जागरूकता आई और दामोदर में प्रदूषण कुछ हद तक कम हुआ है, बड़े-बड़े फैक्ट्रियां एवं कल कारखाने ने भी दामोदर में अतिरिक्त कचरा गिरना कम किया है. संघ द्वारा किए गए 1999 की जल समाधि यात्रा को देखते हुए,राष्ट्रीय नदी संरक्षण ने 10 करोड़ 22 लाख रुपए दामोदर की सफाई के लिए आवंटित किया था. जिसकी एक सूचना संघ को भी पत्र देकर की गई थी. पर उस पैसे से नदी कितनी साफ हुई इसका कुछ अता-पता नहीं चल पा रहा है. इसलिए दामोदर की सहायक नदियों को बचाना बहुत जरूरी है, इसी क्रम में आज कतरी नदी, खमारगोड़ा गांव, बाघमारा से जन जागरण की शुरूआत की गई है, यह यात्रा 5 जून पर्यावरण दिवस तक चलेगी. सर्वप्रथम कतरी नदी पर दीपक जलाकर यात्रा की शुरूआत की गई.




जमुआटांड के मुखिया निरंजन गोप ने इस अवसर पर कहा कि झारखंड किसान विकास संघ के सभी सदस्यों को आभार प्रकट करते हैं, कि उन्होंने अब तक इन मुद्दों को उठा कर रखा है. आज भी कतरी नदी के किनारे जितने भी कल- कारखाने एवं हार्डकोक भट्ठें है, उसके सारे कचरे नदी में लगातार फेक जा रहे हैं, जिससे इस नदी का पानी एकदम काला हो चुका है. इस नदी का पानी पीना तो दूर नहाना भी मुश्किल होता जा रहा है. इसके लिए कई बार हमलोगों ने आवाज उठाई आंदोलन भी किए, लेकिन बड़े-बड़े उद्योगपति एवं हस्तियों के सामने कुछ नहीं चल पाया और कतरी में प्रदूषण बढ़ता ही जा रहे हैं। झारखंड किसान विकास संघ के इस नदी पर यात्रा करने से लोगों में उत्साह जगा है और मुझे उम्मीद है कि जल्द से नदियों को प्रदूषण से मुक्ति मिलेगी.झारखंड आंदोलनकारी शहीद काली सिंह एवं सीताराम सिंह को याद करते हुए,2 मिनट का मौन रखा गया। मौके पर मगधेश कुमार, गोविंद प्रसाद रमानी, शिबू मुर्मू, जितेंद्र सिंह, किरण देवी, गीता देवी, बबीता देवी, बबली देवी, रामेश्वर सिंह, नारायण शर्मा, भरत सिंह,कौशल पासवान, मनोज कुमार , फैयाज अहमद, संजय कुमार, उमेश ऋषि आदि मौजूद थे।

## डिग्री कॉलेज टुंडी में पृथ्वी दिवस का आयोजन

**टुंड/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** 22 मार्च, 2025' पृथ्वी दिवस' के अवसर पर डिग्री कॉलेज, टुंडी में एक विचारशील कार्यक्रम का आयोजन महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ॰ इन्द्रजीत कुमार की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत बिनोद बिहारी महतो के चित्र पर पुष्पांजलि



अर्पित कर हुई।अपने अध्यक्षीय संबोधन में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ॰ इन्द्रजीत कुमार ने कहा कि पृथ्वी रुपी धरती मां ऐसी मां है जो पूरे मानव समुदाय सहित सभी जीवों का पालन पोषण करती है। उन्होंने ग्रीन एनर्जी, पानी का सदुपयोग एवं वेस्ट मेटेरियल के रिसाइकिलिंग पर जोर दिया। प्रो. मुकेश कुमार दास ने बीज वक्तव्य में 'पृथ्वी दिवस' 2025 के मुख्य थीम ,'आवर पावर, आवर प्लानेट' पर प्रकाश डालते हुए अक्षय ऊर्जा के महत्व को रेखांकित किया ' मुख्य वक्ता प्रो. अविनाश कुमार ने बतलाया कि पृथ्वी है तो हम हैं, उन्होंने तीन फअर्थात रिड्यूस, रीयुज और रिसाइकिल पर जोर दिया । इस अवसर पर संक्षिप्त रुप में स्नातक के तृतीय वर्ष के छात्र छुटुलाल मुर्मू ने भी अपना विचार व्यक्त किया। भूगोल विभाग के छात्र महेंद्र द्वारा पृथ्वी एवं पर्यावरण से संबंधित स्केच प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम का संचालन डॉ॰ रानी सिंह ने किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य के नेतृत्व में वृक्षारोपण का कार्यक्रम भी किया गया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के सभी शिक्षक एवं शिक्षककेत्तर कर्मचारी तथा छात्र -छात्राएं भी उपस्थित थे।

### उपायुक्त रामगढ़ से प्रदूषण पर रोक लगाने की मांग

**रामगढ़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** झारखंड प्रदेश वैश्य मोर्चा केंद्रीय अध्यक्ष महेश्वर साहु ने मंगलवार को उपायुक्त, रामगढ़ को एक ज्ञापन सौंपा है। इसके माध्यम से मरार औद्योगिक क्षेत्र में स्थित बिहार फाउंड्री एंड कास्टिंग लिमिटेड की आरे से प्रदूषण फैलाने की जानकारी दी। साथ ही अविलंब प्रदूषण पर रोक लगाने का आग्रह किया। पत्र की प्रतिलिपि राज्यपाल, मुख्यमंत्री और झारखंड प्रदूषण बोर्ड को भी दिया है। इस मुद्दे को रांची के राजभवन के समक्ष होने वाले महाधरना कार्यक्रम में भी उठाने की बात कही। महेश्वर साहू ने कहा कि बिहार फाउंड्री लघु उद्योग के रूप में अपना फैक्ट्री प्रारंभ किया था।

## दिव्यदृष्टि आई सेंटर रोगियों के लिए सर्वोत्तम : डॉ. सुभाष




**पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** अपनी स्थापना के समय से ही नेत्र रोगों से पीड़ित रोगियों को सर्वोत्तम नेत्र देखभाल प्रदान करने में अग्रणी रहा है। आँख हमारे शरीर का एक अनमोल अंग है और अन्य अंगों की तरह, यह भी कई बीमारियों से ग्रस्त हो सकता है। उचित उपचार के लिए सटीकता और विशेषज्ञता की आवश्यकता होती है। इसके लिए दिव्यदृष्टि ने हमेशा अपने अस्पताल में सर्वोत्तम तकनीकों को शामिल किया है, जैसे कि कई अत्याधुनिक उपकरणों की पहली स्थापना, न केवल हमारे राज्य में बल्कि उनमें से कुछ पूरे देश में पहली बार। हम सभी जानते हैं कि मधुमेह, मायोपिया और उम्र बढ़ने के साथ, रेटिना की समस्याएं बढ़ रही हैं। अधिकांश रेटिना रोग अंधेपन का कारण बनते हैं, इसलिए इसका शीघ्र पता लगाना और उपचार करना आवश्यक है। दिव्यदृष्टि इन सभी समस्याओं को संभालने में सक्षम है, लेकिन कुछ सीमाओं के साथ। आज यह एक मील का पत्थर था क्योंकि श्री विजय कुमार चौधरी, माननीय जल संसाधन मंत्री, बिहार सरकार ने नई अत्याधुनिक मशीन "ऑप्टोस", अल्ट्रा-वाइडफील्ड रेटिनल इमेजिंग डिवाइस का उद्घाटन किया। यह दुनिया की एकमात्र मशीन है जो कुछ सेकंड में एक शॉट में लगभग पूरे रेटिना को स्कैन करती है। इससे रेटिना की कई समस्याओं का पता लगाने में मदद मिलती है, जो नियमित जांच से छूट जाती हैं। इससे न केवल रेटिना की बीमारियों का पता लगाने में मदद मिलेगी, बल्कि उपचार और फॉलोअप में भी मदद मिलेगी। चूंकि इसमें पुतली को फैलाने की जरूरत नहीं होती, इसलिए यह मरीजों के लिए बहुत सुविधाजनक है और समय की भी बचत करता है। इससे आंखों की देखभाल में सुधार होगा और प्रतीक्षा समय भी कम होगा। इस अवसर पर माननीय मंत्री विजय कुमार चौधरी ने कहा कि आंखों के उपचार में सटीकता की जरूरत होती है और यह मशीन जरूरतमंद मरीजों को बेहतरीन नेत्र देखभाल प्रदान करने में मदद करेगी।

## कोयल आजीविका अपैरल पार्क के पुन: संचालन की कवायद शुरू

**सखी मंडल की स्थानीय महिलाओं को रोजगार से जोड़ने का होगा प्रयासः उपायुक्त**



**मेदिनीनगर (पलामू)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पलामू उपायुक्त शशि रंजन की पहल से जिले में संचालित कोयल आजीविका अपैरल पार्क का पुनः संचालन की कवायद शुरू हो गई है। इसकी शुरूआत से जिले की महिलाओं को रोजगार से जोड़ने का प्रयास होगा। इसकी सफल शुरूआत किए जाने को लेकर उपायुक्त ने समाहरणालय स्थित अपने कार्यालय वेश्म में संबंधित अधिकारियों के साथ बैठक की। उन्होंने उप विकास आयुक्त को कोयल अपैरल पार्क के संचालन को लेकर टेंडर की प्रक्रिया शुरू करने हेतु निदेशित किया। इसके उपरांत संचालन कार्य करने वाली अपैरल कंपनियों को जिले के सखी मंडल से जुड़ी 75 प्रतिशत स्थानीय महिलाओं के नियोजन की अनिवार्यरता रखें, ताकि स्थानीय महिलाओं को उनके घर के नजदीक ही रोजगार मुहैया कराई जा सके। विदित हो कि जिला योजना कार्यालय के स्तर से केन्द्रीय सहायता मद से जिले में चैनपुर, नीलांबर-पीतांबरपुर एवं पाटन में कोयल अपैरल पार्क स्थापित किया गया था। इसका संचालन भी हो रहा था, परंतु कोविड-19 प्रकोप की भयावहता एवं तकनीकी व दक्ष मानव संपदा के अभाव के कारण इसका संचालन स्थगित था। उपायुक्त द्वारा इसका संचालन शुरू किए जाने की पहल से स्थानीय महिलाओं को रोजगार मुहैया हो सकेगा। साथ ही इसमें लगा इंफ्रास्ट्रक्चर को हमेशा उपयोग में लाया जा सकेगा।

## गढ़वा के अकलवानी गांव की बेटी छाया कुमारी ने पाई यूपीएससी में ऐतिहासिक सफलता




**मेदिनीनगर (पलामू) नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** गढ़वा जिले की धरती एक बार फिर गौरवान्वित हुई है। इस बार यह गौरव दिलाया है सुनील दुबे की पुत्री छाया कुमारी ने। छाया कुमारी ने यूपीएससी 2024 की परीक्षा में 530वां रैंक प्राप्त कर अपने माता-पिता सहित पूरे जिले का नाम रोशन किया है। छाया की यह सफलता न केवल उनके परिवार के लिए गर्व की बात है बल्कि गढ़वा के हर विद्यार्थियों के लिए एक प्रेरणा है। उक्त बातें भाजपा नेता गुड्डू तिवारी ने कही। उन्होंने बताया कि भारतीय जनता पार्टी मेराल प्रखंड के नेता अरंगी पंचायत के अकलवानी गांव निवासी सुनील दुबे की सुपुत्री छाया कुमारी हैं। यूपीएससी क्रैक करने पर उन्होंने भाजपा परिवार की ओर से बधाई दी । कहा कि अकलवानी की बेटी आईएएस बनकर ब्राह्मण समाज के साथ साथ पूरे गढ़वा जिला का नाम रौशन किया है। कहा कि छाया कुमारी की यह उपलब्धि साबित करती है कि मेहनत, समर्पण व आत्मविश्वास के बल पर किसी भी लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकता है। चाहे संसाधन सीमित क्यों न हो। ग्रामीण पृष्ठभूमि से आते हुए भी उन्होंने यह दिखा दिया कि सपने अगर सच्चे व इरादे मजबूत हो तो कोई भी मंज़िल दूर नहीं। यह पहली बार नहीं है जब गढ़वा की बेटियों ने ऐसा कमाल किया हो। दो वर्ष पूर्व भी इसी जिले की एक और प्रतिभाशाली बेटी ने 73वीं रैंक लाकर जिले को गर्व से भर दिया था। यह सिलसिला यह दशार्ता है कि गढ़वा की बेटियां अब सिर्फ घर की लक्ष्मी नहीं, बल्कि देश की दिशा बदलने वाली शक्ति बन चुकी हैं। गढ़वा अब शिक्षा व प्रतिभा के नए केंद्र के रूप में उभर रहा है। यहां की बेटियां ये बता रही हैं कि अब वे सिर्फ सपने नहीं देखतीं, उन्हें साकार करना भी जानती हैं।

# स्कूलों में विद्यार्थियों की ऑनलाइन उपस्थिति दर्ज कराने पर ही प्रधानाध्यापक व बीपीओ को मिलेगा वेतनः उपायुक्त

**मेदिनीनगर (पलामू)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** विद्यालयों में प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण योजना अंतर्गत विद्यालयवार अच्छादित विद्यार्थियों की संख्या की जांच अब कमेटी द्वारा की जायेगी। विद्यार्थियों के अच्छादन की कमियों को लेकर कमेटी की रिपोर्ट उपरांत संबंधितों के विरूद्ध कड़ी कार्रवाई की जायेगी। उपायुक्त ने इसके लिए अलग-अलग दो कमेटी बनाई है। पहली कमेटी में जिला शिक्षा अधीक्षक, नजारत उप समाहर्ता एवं बीईईओ तथा दूसरी कमेटी में जिला शिक्षा पदाधिकारी, सामान्य शाखा प्रभारी एवं प्रधानमंत्री आवास योजना के जिला समन्वयक को रखा गया है। उपायुक्त-सह-जिला स्तरीय स्टीयरिंग-सह-मॉनिटरिंग कमेटी के अध्यक्ष शशि रंजन आज समाहरणालय सभागार में विद्यालयों में मध्याह्न भोजन के सफल संचालन हेतु




सदस्यों के साथ बैठक कर रहे थे। उपायुक्त ने मुख्य रूप से मध्याह्न भोजन की उपलब्धता, समयावधी, मेन्यू के अनुसार मध्याह्न भोजन देने की व्यवस्था, विद्यालयों में कार्यरत योग्य रसोईया-सह-सहायिका का आयुष्माण भारत मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना से अच्छादित किए जाने की प्रगति, निर्धारित आयुवर्ग की रसोईया-सह-सहायिका का 50 वर्ष आयु पूर्ण करने वाली रसोइया-सह-सहायिका का सर्वजन पेंशन योजना अतर्गत मुख्यमंत्री राज्य वृद्धावस्था पेंशन से अच्छादन, विद्यालयवार अच्छादित विद्यार्थियों की संख्या, एसएमएस भेजे जाने की स्थिति, प्रखंडवार विद्यालयों द्वारा किए गए एसएमएस का अंतर, विद्यार्थियों का स्वास्थ्य जांच एवं आईएफए दवा का वितरण, प्रखंडवार स्टीयरिंग-सह-मॉनेटरिंग कमेटी की बैठक की अद्यतन स्थिति आदि की बिन्दुवार समीक्षा की। उपायुक्त शशि रंजन ने विद्यालयों में विद्यार्थियों की कम उपस्थिति पर कड़ी नाराजगी जताई। उन्होंने विद्यालय में विद्यार्थियों की शत प्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित कराने का सख्त निदेश दिया। उन्होंने कहा कि विद्यालयों में विद्यार्थियों की शत प्रतिशत ऑनलाइन उपस्थिति (एसडी.एमआईएस) दर्ज कराने पर ही प्रधानाध्यापकों एवं संबंधित बीपीओ का वेतन भुगतान किया जायेगा। उपायुक्त ने मई माह से प्रत्येक विद्यार्थियों की उपस्थिति विद्यालय में सुनिश्चत कराने का सख्त निदेश दिया है। उन्होंने मध्याह्न भोजन की समयावधि एवं पीएम पोषण शक्ति निर्माण योजना (मध्याह्न भोजन) मेन्यू के अनुसार देने, विद्यालयवार विद्यार्थियों को मध्याह्न भोजन खिलाये जाने के तुरंत बाद एसएमएस भेजने का निदेश दिया। उन्होंने कहा कि शत प्रतिशत से कम एसएमएस भेजने की स्थिति में एमडीएम के कंप्यूटर ऑपरेटों को हटाये जाने की कार्रवाई की जायेगी। बीईईओ एवं बीपीओ भी कार्रवाई के दायरे में आएंगे। उन्होंने चेतावनी देते हुए, 15 दिनों में प्रगति लाने का निदेश दिया। उन्होंने सभी कंप्यूटर ऑपरेटरों को पोषण पखवाड़ा की गतिविधियों को विभाग के अधिकृत पोर्टल पर अपलोड करने का निदेश दिया। उप विकास आयुक्त शब्बीर अहमद ने भी विद्यालयों में विद्यार्थियों की उपस्थिति शत प्रतिशत सुनिश्चित कराने, निर्धारित समय पर एसएमएस भेजने संबंधित कार्य सुनिश्चित कराने का निदेश दिया। उन्होंने कहा कि मध्याह्न भोजन का नियमित संचालन करने का निदेश दिया। साथ ही कार्य में धीमी प्रगति पर स्पष्टीकरण करने, प्रपत्र-क गठित करने संबंधी कार्रवाई करने का निदेश दिया। बैठक में उप विकास आयुक्त शब्बीर अहमद, जिला शिक्षा पदाधिकारी सौरभ प्रकाश, जिला शिक्षा अधीक्षक संदीप कुमार, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी नीता चौहान, बीईईओ, बीपीओ, बीपीएम एवं मध्याह्न भोजन से संबंधित कंप्यूटर ऑपरेटर उपस्थित थे।

**पीएम पोषण शक्ति निर्माण योजना अंतर्गत विद्यालयवार अच्छादित विद्यार्थियों की जांच के लिए बनी दो कमेटी एस.एम.एस का डेटा शत प्रतिशत से नीचे रहने पर एमडीएम ऑपरेटरों को हटाये जाने की होगी कार्रवाई**

CMYK

## संक्षिप्त समाचार

### विभिन्न मामलों के छह आरोपित गिरफ्तार

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** विभिन्न थाने की पुलिस सोमवार को छापेमारी कर अलग-अलग मामले के छह आरोपितों को गिरफ्तार की है। पुलिस के मीडिया सेल प्रभारी सुनील कुमार सिंह ने बताया कि विभिन्न थाने की पुलिस की ओर से की गई कार्रवाई में छह अभियुक्त गिरफ्तार किए गए हैं। इनमें से चार की गिरफ्तारी उत्पाद अधिनियम के तहत की गई है। अजमानतिय नौ वारंट का निष्पादन किया गया है। पुलिस इन सभी को न्यायिक हिरासत में भेज दी है। विगत 24 घंटे में पुलिस की कार्रवाई में 43 लीटर शराब जब्त किया गया है। अपराध नियंत्रण के उद्देश्य से चलाए गए वाहन जांच के दौरान पुलिस यातायात नियमों का उल्लंघन करने और आधे अधूरे कागजात वाले वाहन चालकों से दो लाख 41 हजार रुपये जुमार्ना वसूल की है।

### ई-रिक्शा पलटने से दो घायल,जीएमसीएच रेफर

**मझौलिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** थाना क्षेत्र के पारस पकड़ी मझौलिया सड़क धोकरहां के समीप अनियंत्रित होकर ई रिक्शा पलट गया। जिसमें दो लोग घायल हो गए। घटना की सूचना पर 112 की टीम ने पहुंचकर घायलों को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। जहां इलाज के बाद बेहतर इलाज के लिए जीएमसीएच रेफर कर दिया गया। घायलों की पहचान थाना क्षेत्र के चनायनबांध निवासी हरिनारायण प्रसाद 36 वर्ष वासुदेव भगत 45 वर्ष के रूप में किया गया है।

### सीएस ने किया अनुमंडलीय अस्पताल का निरीक्षण

**नरकटियागंज/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** अनुमंडलीय अस्पताल का निरीक्षण मंगलवार को सिविल सर्जन डॉ विजय कुमार ने किया। इस दौरान सीएस ने अस्पताल में साफ सफाई, मरीजों को मिलने वाली मूलभूत सुविधाओं,ऑक्सीजन प्लांट, इमरजेंसी वार्ड, लेबर वार्ड, दीदी की रसोई, दवा वितरण,पोषण पुनर्वास केंद्र का आदि का जायजा लिया।



वही निरीक्षण के दौरान सीएस ने लाइट की व्यवस्था को देख अस्पताल प्रबंधक को जमकर फटकार लगाई और इसे जल्द से जल्द ठीक कराने का निर्देश दिया। सीएस ने बताया कि पिछले दिनों वाल्मीकिनगर सांसद के निरीक्षण के दौरान अस्पताल ने शराब की खाली बोतले मिली थी। इसको लेकर जांच चल रहा है। उन्होंने ने बताया कि निरीक्षण के दौरान जो भी कमियां पाई गई है। उसे एक सप्ताह के अंदर ठीक करने का निर्देश दिया गया है।

### मैनाटांड में नए थानाध्यक्ष ने संभाली कमान

**मैनाटांड/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** मैनाटांड थाना में नए थानाध्यक्ष राणा प्रसाद ने अपनी कमान संभाल ली। इस दौरान नए थानाध्यक्ष राणा प्रसाद ने थाने के सभी पुलिस पदाधिकारी के साथ एक बैठक की। बैठक में पंजियो का अवलोकन कर कांडों की समीक्षा की। साथ ही केस के अनुसंधानकताओं को आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए। नए थानाध्यक्ष ने कहा कि उनकी पहली प्राथमिकता थाना क्षेत्र में शांति व्यवस्था कायम रखने एंव थाना में आए फरीयादीयों के समस्याओं को सुनना एंव उसका निष्पादन करना अवैध देसी-विदेशी शराब बेचने वाले धंधेबाजों पर नकेल कसना, विभिन्न कांडों से संबंधित घटनाओं को ससमय निष्पादित करना, विभिन्न कांडों में फरार वारंटी को गिरफ्तार करना उनका पहला लक्ष्य है। मौके पर अपर थानाध्यक्ष अमित पाल पुअनि तपेश्वर सिंह पुअनि रंजीत राम सअनि जितेश कुमार आदि मौजूद रहें।

### मौर्य एक्सप्रेस के महिला कोच में यात्रा करते 8 पुरुष को किया गिरफ्तार



**सीवान/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** रेलवे सुरक्षा बल द्वारा मंगलवार को मौर्य एक्सप्रेस के महिला कोच में अनाधिकृत रूप यात्रा करते 8 यात्रियों को गिरफ्तार किया गया.इस संबंध में आरपीएफ द्वारा मुकदमा कायम कर सभी यात्रियों को जमानत पर छोड़ते हुए एसीजेएमआर सोनपुर न्यायालय सोनपुर में हाजिर होने का निर्देश दिया गया.गिरफ्तार यात्रियों में सीवान हुसैनगंज के दशरथ शर्मा,सीवान आंदर गायघाट के प्रिंस कुमार सिंह, आरा कोईलवर के धीरज कुमार गुप्ता,सीवान आंदर ढाला के मुकेश कुमार,सीवान नौतन के अनुज कुमार यादव, आंदर गायघाट के मुकेश कुमार,समस्तीपुर के साहुल कुमार एवं छपरा एकमा के प्रकाश कुमार सिंह शामिल है.आरपीएफ निरीक्षक राजेश कुमार सिन्हा ने बताया कि मंगलवार को 15028 मौर्य एक्सप्रेस के महिला आरक्षित कोच में अनाधिकृत रूप से बैठकर यात्रा कर रहे कुल 08 व्यक्तियों को रेल अधिनियम के अन्तर्गत गिरफ्तार कर उनके विरूद्ध बल पोस्ट पर मुकदमा कायम किया गया. सभी अभियुक्तों को जमानत पर रिहा किया गया जिनको न्यायालय एसीजेएमआर सोनपुर के समक्ष पेश होने हेतु निर्देशित किया गया है.

### चमकी को धमकी देने के लिए विभाग तैयार

**मझौलिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** चमकी को धमकी देने के लिए स्वास्थ्य विभाग पूरी तरह से तैयार है उक्त बातें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मझौलिया में प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ अनुपम प्रसाद की अध्यक्षता में आयोजित बीडब्लूआर की समीक्षात्मक बैठक के दौरान उन्होंने कहि।बताया कि स्वास्थ्य के क्षेत्र में चल रहे योजनाओं और कार्यों की समीक्षा की गई। मौके पर स्वास्थ्यकर्मियों को कई आवश्यक दिशा निर्देश के साथ दूसरे विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों से समन्वय स्थापित कर चल रहे योजनाओं को गति देने पर बल दिया गया। एईएस व जेई के खतरे निबटने के लिये 102 एम्बुलेंस आपातकालीन स्थिति में उपलब्ध है। एएनएम को निर्देशित किया गया है कि हिट वेभ के कारण मरीजों को समुचित इलाज हेतु संस्थान में वार्ड की व्यवस्था की गई है।बैठक में सभी प्रकार के दवाओं की उपलब्धता के बारे में विस्तृत रूप से चर्चा की गई। उन्होंने बताया कि स्वास्थ्य क्षेत्र में छोटे-छोटे बच्चों और माताओं के साथ-साथ ग्रामीण परिवेश के लिए योजनाएं चलाई जा रही है। जिसके सही ढंग से क्रियान्वयन और मॉनिटरिंग के लिए बीडब्लूआर की सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में बैठक होती है और किए गये कार्यों की समीक्षा के साथ आगामी सप्ताह के लिए योजनाओं की रूपरेखा तैयार की जाती है।प्रभार चिकित्सा पदाधिकारी डॉ अनुपम प्रसाद ने एईएस से बचाव की जानकारी दी। कहा कि गर्मी की दस्तक आते ही बच्चों को विशेष रूप से ध्यान देना होगा। जिसमें बच्चों के माता-पिता की ज्यादा जिम्मेदारी होगी।एईएस का प्रकोप न बढ़े, इसके लिए सतर्कता व जागरूकता अभियान लोगों में चलाने का निर्णय लिया गया।उन्होंने अपील करते हुए कहा कि बच्चों में कोई भी अनहोनी का झलक दिखलाई देते ही अस्पताल से सम्पर्क करें।मौके पर डॉ.सुमित कुमार,डॉ.मेराजुल हक,सकीलअहमद, राहुल कुमार , संजू कुमारी ,रबिन्द्र कुमार , पुरुषोत्तम चौबे ,धर्मेंद्र कुमार, सहित अन्य उपस्थित थे ।

# ट्रक में बने तहखाने से 245 कार्टन शराब बरामद

## 2019 के बाद गुठनी पुलिस को मिली बड़ी सफलता



**गुठनी/सिवान/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** गुठनी पुलिस को लंबे समय के बाद काफी मात्रा में शराब बरामद करने की सफलता मिली है। इस बार भी बारह चकवा ट्रक में तहखाना बनाकर काफी मात्रा में अंग्रेजी शराब ले जाया जा रहा था। मंगलवार को प्रेस कांफ्रेंस कर एसडीपीओ चंदन कुमार ने जानकारी देते हुये बताया कि सोमवार रात्रि करीब 10 बजे सूचना मिली कि मेहरौना-श्रीकलपुर बार्डर के रास्ते ट्रक में तहखाना बनाकर काफी मात्रा में शराब ले जाया जा रहा है। सूचना मिलने के बाद पुलिस अधीक्षक महोदय के निर्देश पर एसडीपीओ सदर 2 के नेतृत्व में टीम बनाकर घेरावंदी की गयी। ट्रक को गुठनी मैरवा मुख्य मार्ग पर जतौर बाजार के समीप पकड़ते हुये उसके चालक को गिरफ्तार कर लिया गया। ट्रक की तलासी ली गयी तो उसके बॉडी में तहखाना बनाकर 245 कार्टन ऑफिसर्स चॉइस अंग्रेजी शराब छुपाया गया था। शराब बरामद होते ही ट्रक को थाने लाकर पकड़े गये व्यक्ति से पूछताछ की गयी। गिरफ्तार व्यक्ति की पहचान देवरिया जिले के बनकटा थानार्गत रघुनाथपुर गांव निवासी नगीना यादव के पुत्र सतेंद्र यादव के रूप में हुई है। उसने अपने स्वीकारोक्ति व्यान में बताया कि हमलोग एक गिरोह बनाकर अवैध शराब का धंधा करते है तथा उक्त शराब को मुजफ्फरपुर ले जा रहे थे। जप्त ट्रक का नम्बर यूपी 67 टी 0333 है। पुलिस कप्तान के निर्देशन में गठित विशेष टीम में एसडीपीओ के अलावा थानाध्यक्ष गुठनी विकास कुमार सिंह,एएसआई रंजीत कुमार,पंकज कुमार,पीटीसी छोटेलाल सिंह तथा जिला आसूचक इकाई व थाना सशत्र बल शामिल रहे। लंबे समय के अंतराल पर काफी मात्रा में बड़े ट्रक से शराब बरामदगी के बाद गुठनी पुलिस अब बड़े धंधेबाजों पर काफी गंभीरता से नजर रखना शुरू कर दी है। ज्ञात को 2019 के बाद बड़े ट्रक से इतने काफी मात्रा में शराब की बरामदगी नही हुई थी। जून 2019 में इंडियन ऑयल के टैंकर से एक हजार कार्टून के करीब शराब बरामद की गई थी जिसकी कीमत 50 लाख आंकी गयी थी।

### शराब की बड़ी खेप बरामद



**सीवान/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** सिसवन थाना के गंगपुर सिसवन गांव के सरयू नदी स्थित महादेव घाट से पुलिस ने 432 लीटर शराब बरामद किया है।पुलिस को जानकारी मिली कि नदी के रास्ते नाव में रख शराब की बड़ी खेंप लाई जा रही है तब पुलिस ने जाल बिछाया व एक छोटे से नाव पर रखें 48 कार्टून बंटी बबली शराब बरामद किया।हालांकि धंधेबाज भागने में सफल रहा।इस मामले में प्राथमिकी दर्ज कर पुलिस ने धंधेबाज व नाविक का पता लगाने में जुट गई है।

## युवक का शव सुगौली थाना क्षेत्र से बरामद, शव गांव पहुचते मचा कोहराम

**मझौलिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** थाना क्षेत्र के माधोपुर पंचायत के रामपुरवा का 17 वर्षीय युवक का शव सुगौली थाना क्षेत्र के विशुनपुरा सड़क किनारे से मिले किशोर विनय कुमार की शव का पोस्टमार्टम कराकर पुलिस ने परिजनों को सौंप दिया। मंगलवार दोपहर जब शव मझौलिया थाना क्षेत्र के माधोपुर पंचायत के वार्ड एक रामपुरवा गांव पहुंचा,तो पूरे गांव में कोहराम मच गया।विनय रामपुरवा निवासी नंदकिशोर शर्मा उर्फ नगीना शर्मा का बेटा था। चचेरे भाई अरुण कुमार शर्मा ने बताया कि दो दिन पहले सुगौली के गोलू टेंट हाउस के मालिक द्वारा विनय को बुलाया गया था। इसके बाद उसकी लाश विशुनपुरा सड़क किनारे मिली। शरीर पर किसी तरह की चोट का निशान नहीं है।परिजनों का आरोप है कि साजिश के तहत हत्या कर शव फेंका गया।विनय दो भाइयों और एक बहन में सबसे छोटा था। बड़ा भाई मनु कुमार शर्मा है। बहन की शादी हो चुकी है। मां मालती देवी और पिता नंदकिशोर शर्मा बेटे की मौत से बेसुध हैं।दो दिन पहले बड़े भाई मनु कुमार शर्मा पर भी चाकू से हमला हुआ था। उनका इलाज चल रहा है। लगातार दो घटनाओं से परिवार सहमा हुआ है।



## अम्बेडकर जयंती पखवाड़ा के तहत 29 को होगा कार्यक्रम

**सीवान/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय में जिला पदाधिकारियों एवं मंडल अध्यक्ष की बैठक हुई. बैठक की अध्यक्षता राहुल तिवारी ने किया. जिला अध्यक्ष राहुल तिवारी ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी भारत रत्न बाबा साहब भीमराव अम्बेडकर की जयंती पखवाड़ा मना रहीं हैं.इसके तहत सीवान में 29 तारीख को गोपालगंज मोड़ स्थित अम्बेडकर पार्क में मनाया जाएगा.बीजेपी के प्रदेश के नेता मुख्य अतिथि बिहार सरकार के स्वास्थ्य मंत्री मंगल पाण्डेय, विशिष्ट अतिथि बिहार सरकार के अनुसूचित जनजाति मंत्री जनक राम विशिष्ट,अतिथि रामप्रित पासवान,पूर्व मंत्री बिहार सरकार विशिष्ट अतिथि विधायक लखेन्द्र पासवान, प्रदेश अध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी अनुचित मोर्चा शामिल होंगे.कार्यक्रम में ज़िले से हजारों की संख्या में लोग उपस्थित होंगे एवं कार्यक्रम ऐतिहासिक होगा.कार्यक्रम में अम्बेडकर के जीवन चरित्र एवं उनके संघर्षो के बारे में बताया जाएगा.उन्होंने बताया कि स्वतंत्रता आन्दोलन एवं संविधान निर्माण में उनका उल्लेखनीय योगदान है.लेकिन उस समय कांग्रेस सरकार ने उन्हें बार-बार अपमानित करने का कार्य किया है. दूसरी तरफ भारतीय जनता पार्टी की केंद्र सरकार नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में अम्बेडकर जी के जीवन से जुड़े जन्म स्थान शिक्षा दिक्षा एवं महानिर्वाण के स्थानों को पंचतीर्थ के रूप में विकसित कर अम्बेडकर को सही सम्मान देने का कार्य किया है.इस कार्यक्रम को दारौंदा के विधायक करणजीत सिंह उर्फ व्यास सिंह सम्बोधित करते हुए कहा कि ने कहा भारतीय जनता पार्टी की केंद्र सरकार एवं बिहार की राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन की सरकार ने दलित समाज के अनको एक योजनाएं चला रही है.सभा को पूर्व सांसद ओमप्रकाश यादव,प्रदेश मंत्री नन्द प्रसाद चौहान, कापरेटिव बैंक अध्यक्ष मनोज कुमार सिंह, पूर्व जिला अध्यक्ष संजय पाण्डेय एवं कार्यक्रम संयोजक शमार्नंद राम ने सम्बोधित किए. इस अवसर पर उषा बैठा, लल्लन चौधरी, अजय पासवान,राजनाथ राम, सुरेन्द्र पासवान,श्याम लाल राम,बनवारीलाल,मनोज राम,मनोज पासवान, रामानन्द राम, सरोज सिंह राणा, त्रिलोकी सिंह पटेल, मुकेश कुमार बंटी, अमित कुमार सिंह, शैलेंद्र सिंह, शैलेंद्र मिश्रा, उमेश साह, उमेश कुमार गुप्ता, रत्नेश सिंह, सुभाष सिंह, अमरनाथ यादव, समरजीत सिंह, चन्द्रशेखर सिंह,लालबाबू तिवारी उपस्थित थे.धन्यवाद ज्ञापन महामंत्री राजेश श्रीवास्तव एवं संचालन हरेन्द्र सिंह कुशवाहा ने की.




## ट्रैक्टर की चपेट में आने से छात्र की मौत

### आक्रोशितों ने दो को बनाया बंधक

**नरकटियागंज/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** शिकारपुर थाना के पचमवा चौक पर ईंट लदे ट्रैक्टर की चपेट में आने से एक स्कूली छात्र की मौत हो गई। मृत स्कूली छात्र की पहचान फुलवरिया गाव निवासी रामजी चौधरी के 12 वर्षीय पुत्र राकेश कुमार उर्फ भुअर के रूप में की गई है। घटना के संबंध में बताया जाता है कि राकेश घर से साइकिल से पिड़ारी गांव स्कूल के लिए निकला था इसी दौरान कॉपी खरीदने पचमवा चौक पर पहुँचा। स्कूल जाने के दौरान ईंट लदे तेज गति से आ रही ट्रैक्टर ने उसे कुचल दिया।जिससे घटना स्थल पर ही उसकी मौत हो गई। घटना के बाद ग्रामीणों ने ट्रैक्टर पर सवार दो युवकों को पकड़कर धुनाई की और एक कमरे में बंधक बना दिया। सूचना पर पहुंची शिकारपुर पुलिस ने ट्रेक्टर को जब्त करने व शव को कब्जे में लेने की कोशिश की। किन्तु गुस्साए ग्रामीणों ने ट्रैक्टर जब्त करने व शव को उठाने से रोक दिया। बाद में पहुँचे थानाध्यक्ष ने लोगो को समझाते हुए बंधक बने दोनो युवकों को कमरे से बाहर निकाला और थाने भेज दिया। वही शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए बेतिया भेज दिया।थानाध्यक्ष अवनीश कुमार ने बताया कि स्कूली बच्चे के शव को पोस्टमार्टम के लिए जीएमसीएच भेज दिया गया है।धराए दोनों युवकों से पुछताछ की जा रही है।पूछताछ में दोनो ने खुलासा किया है कि दोनो ट्रैक्टर के खलासी हैं। घटना के बाद चालक भाग निकला है। थानाध्यक्ष ने बताया कि मामले में एक व्यक्ति को हिरासत में लिया गया है उससे पुछताछ की जा रही है। जबकि दूसरे व्यक्ति के बारे में बताया जा रहा है कि वह ईंट ढोने वाला मजदूर है जांच पड़ताल करते हुए कार्रवाई की जा रही है।



### कलाकारों को मिलेगी डिजिटल पहचान एवं व्यापक मंच

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बिहार के कलाकारों को डिजिटल पहचान एवं व्यापक मंच प्रदान करने के उद्देश्य से कला, संस्कृति एवं युवा विभाग ने कलाकार पंजीकरण पोर्टल शुरू किया है। इस पोर्टल के माध्यम से बिहार एवं बिहार के बाहर रह कर काम करने वाले सभी विधाओं के कलाकार अपना पंजीकरण कर सकते हैं।जिला कला एवं संस्कृति पदाधिकारी राकेश कुमार ने बताया कि इस पोर्टल पर जिले के सभी कलाकार शीघ्र ही अपना पंजीकरण कर लें जिससे कला संस्कृति एवं युवा विभाग के द्वारा संचालित योजनाओं एवं सांस्कृतिक मंचों पर उनकी पहुँच सुनिश्चित की जा सके। पंजीकरण के पश्चात प्रत्येक कलाकार को एक यूनिक आईडी प्रदान की जाएगी।

## छात्रों से भरी स्कूल वैन अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पलटी

**गुठनी/सिवान/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** थाना क्षेत्र के सरकारी बंगरा गांव के समीप अनियंत्रित होकर स्कूल वैन गड्ढे में पलट गई जिसमे वैन में सवार करीब एक दर्जन छात्र छात्राओं को आंशिक रूप से चोटें आई है। ग्रामीणों के अनुसार मंगलवार सुबह मैरवा के एक निजी स्कूल का वैन छात्र छात्राओं को लेकर गड़ेरिया गांव से सरकारी बंगरा गांव होते हुये मैरवा तरफ जा रहा था। सरकारी बंगरा गांव के समीप स्कूल वैन अचानक अनियंत्रित हो गया और सड़क किनारे गढ्ढे में पलट गया। बस के पलटने की आवाज सुनकर ग्रामीण दौड़े और बच्चों को स्कूल वैन से निकाला तबतक चालक फरार हो गया। बच्चों को आंशिक चोटे जरूर आई है मगर खतरे से बाहर है और सुरक्षित है। ग्रामीणों की सूचना पर गुठनी पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति का जायजा लिया और वाहन के जांच पैड5में जुट गई। मौके पर पहुचे ग्रामीण काफी नाराज और उग्र हो गये थे जिनको एसआई चंद्र प्रकाश पासवान ने काफी मेहनत और सूझबूझ से समझाया। ग्रामीणों का कहना था कि स्कूल वाहन सही स्थिति में नही है जर्जर हालत है और उसी हालत में स्कूल प्रबंधन द्वारा वैन को चलाया जा रहा है।



### खुले में मांस मछली की बिक्री पर रोक के लिए चलेगा अभियान

**बगहा/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** खुले में मांस मछली व खाद्य पदार्थो की बिक्री पर नगर प्रशासन पूरी तरह से सख्त है। नगर में खुले में खाद्य पदार्थों की बिक्री पर पूरी तरह से प्रतिबंधित कर दिया गया है। नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी सरोज कुमार बैठा ने बताया कि शहर में खुले में मांस मछली व खाद्य पदार्थो की बिक्री पर पूर्णत प्रतिबंधित कर दिया गया है।

उन्होंने बताया कि इसको लेकर सभी दुकानदारों को नगर प्रशासन की ओर से नोटिस जारी कर दिया गया है। साथ ही साथ नगर प्रशासन की ओर से टीम का भी गठन किया गया है। कनीय अभियंता, स्वच्छता पदाधिकारी व टाउन प्लानर अधिकारी के नेतृत्व में अलग-अलग टीमों का गठन किया गया है। जो गुरुवार से नगर के विभिन्न क्षेत्रों में छापेमारी करेंगे। इस दौरान खुले में खाद्य पदार्थो की बिक्री या फिर मांस मछली की बिक्री करते हुए पकड़ा जाता हैं तो संबंधित लोगों को चिन्हित करते हुए उनके नगर प्रशासन कड़ी कार्रवाई करेगी। कार्यपालक पदाधिकारी ने बताया कि इसको लेकर नगर प्रशासन की ओर से शहर क्षेत्र में माइकिंग भी कराया जा रहा है। ताकि लोग खाद्य पदार्थ की बिक्री खुले में नहीं करें।

## गांव-गांव घूमकर कांग्रेस जनता के मुद्दों को दे रही है अपनी आवाज

**सीवान/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बिहार प्रदेश कांग्रेस द्वारा पूरे सूबे में चलाए जा रहे जनाक्रोश चौपाल कार्यक्रम गोरेयाकोठी विधानसभा क्षेत्र के बलडीहा पंचायत के मुसहरी बाजार और बलडीहा में बिहार प्रदेश प्रतिनिधि डॉ ख्वाजा एहतेशाम अहमद के नेतृत्व में आयोजित किया गया.कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल सिवान भेजे गए पर्यवेक्षक मोहम्मद चांद शेख ने कहा कि कांग्रेस पार्टी गांव गांव घूमकर जनता के मुद्दों को अपनी आवाज देना चाहती है.ताकि उनका पलायन और बेरोजगारी के मुद्दे पर एक मजबूत आवाज के रूप में कांग्रेस उनकी मदद कर रही है.वर्तमान राज्य सरकार बिहार को पलायन और मजदुर के राज्य की पहचान के अलावा कुछ भी करने में असफल रही है.प्रदेश प्रतिनिधि डॉक्टर ख्वाजा एहतेशाम अहमद ने कहा कि अपराध कई गुना बढ़ चुका है.युवाओं के अंदर निराशा है. रोजाना हर क्षेत्र में चोरी,डकैती एवं हत्या जैसे घटनाएं घटित हो रही है. लेकिन प्रशासन केवल फाइलें बनाने तक सीमित हो चुका है. किसी भी घटना का उद्वेदन न होने के कारण अपराधियों का मनोबल आसमान पर है. ऐसी हालत में जनता निराश हो चुकी है और आने वाले 2025 के विधानसभा चुनाव में इस सरकार को ऐतिहासिक एंटी इनकंबेंसी का सामना करना पड़ेगा और निश्चित रूप से बिहार में इंडिया गठबंधन की सरकार कांग्रेस पार्टी के सहयोग से बनने वाली है. कार्यक्रम में प्रमुख रूप से अल्पसंख्यक विभाग के जिला अध्यक्ष सेराज आलम,ध्रुव लाल प्रसाद,संतोष कुमार पांडे,रिजवान अहमद, रमेश राम मुखिया, मुबीन अहमद, मुजाहिद खान, इम्तियाज अहमद, फिरोज खान, मोहम्मद कैफ, और दर्जनों कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद थे.



### बगहा में तीन दिवसीय पासपोर्ट शिविर शुरू

**बगहा/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** अनुमंडल के लोगों को पासपोर्ट के लिए जिला मुख्यालय या फिर अन्य जगहों पर नहीं जाना पड़े इसके मद्देनजर अनुमंडल प्रशासन की ओर से तीन दिवसीय पासपोर्ट शिविर का शुभारंभ मंगलवार को हुआ। शिविर का शुभारंभ क्षेत्रीय पासपोर्ट अधिकारी स्वधा रिजवी व एसडीएम गौरव कुमार, एसडीपीओ कुमार देवेन्द्र, डीसीएलआर अंजलिका कृति ने संयुक्त रूप से फिता काट कर किया। क्षेत्रीय पासपोर्ट अधिकारी ने बताया कि तीन दिनो में कुल 165 पार्सपोर्ट बनाने का लक्ष्य है। जिसमें अभी तक 155 आवेदन का आंनलाईन हो चुका है।

उन्होंने सभी आवेदकों से भी अलग-अलग जानकारी लिया। उन्होंने बताया कि लोगों के सुविधा को देखते हुए अनुमंडल में पार्सपोर्ट शिविर लगाया गया है। वही एसडीपीओ कुमार देवेन्द्र ने आवेदकों को संबोधित करते हुए कहा कि आवेदक आवेदन के समय गलत सर्टिफिकेट नहीं देंगे। उन्होंने बताया कि आनलाइन आवेदन में जब जांच किया जायेगा अगर सर्टिफिकेट गलत पाया गया तो आवेदक पर कार्रवाई भी होगी। वरीय पासपोर्ट सहायक पंकज कुमार ने बताया कि 18 से 50 आयु वर्ग के आवेदक पार्सपोर्ट के लिए ऑन लाइन अप्लाई कर सकते है।

## टड़वा पंचायत में महिला संवाद कार्यक्रम आयोजित

**गुठनी/सिवान/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बिहार सरकार का महत्वपूर्ण कार्यक्रम 'महिला संवाद' का आयोजन जिला प्रशासन के निर्देशन में जीविका परियोजना द्वारा मंगलवार को गुठनी के टड़वा खुर्द पंचायत में आयोजित किया गया। जीविका के बीपीएम सुजीत कुमार की अध्यक्षता में टड़वा के गोपाल ग्राम संगठन द्वारा मंगलवार को आयोजित इस कार्यक्रम में भीषण गर्मी की परवाह किये बिना काफी संख्या में जीविका दीदियों ने भाग लिया।



सरकार द्वारा महिलाओं के हित हेतु चलाई जा रही महत्वपूर्ण योजनाओं को महिलाओं तक तक पहुंचाने के उद्धेश्य से चलाये जा रहे इस कार्यक्रम में बीपीएम द्वारा योजनाओं की जानकारी दी गयी। कार्यक्रम में मौजूद जीविका दीदियों ने भी अन्य उपस्थित महिलाओं को जीविका तथा महिलाओं के चलाये जा रहे विकास कार्य योजनाओ की जानकारी दी गयी। कार्यक्रम में वीडियो के माध्यम से बिहार सरकार के द्वारा किशोरी एवं महिलाओ के विकास हेतु उन सभी सरकारी योजनाओं से रुबरु करवाया गया। जीविका दीदियों के द्वारा अपनी आकांक्षाओं को भी कार्यक्रम पटल पर रखा गया जिसकी अपेक्षा वे सरकार से रखती है। इन सभी आकांक्षाओ को सूचीबद्ध करते हुए मोबाइल एप्प में इंट्री की गई। कार्यक्रम को बीपीएम सुजीत कुमार, क्षेत्रीय समन्वयक रणविजय कुमार,सामुदायिक समन्वयक अरविंद कुमार एवं अन्य कई कैडरों ने संबोधित किया।

## भाकपा-माले का 56 वां स्थापना दिवस मना

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** भाकपा माले के56 स्थापना दिवस पर बैरिया प्रखंड के दर्जनों गांवों में कार्यक्रम आयोजित किया गया। उक्त कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भाकपा-नेता सुनील कुमार राव ने कहा की आज हम एक बार फिर अपने सभी महान शहीदों व दिवंगत नेताओं को श्रद्धांजलि देते हैं और साम्राज्यवाद की पराजय व समाजवाद की स्थापना के लेनिन के निर्णायक आह्वान को पूरा करने का दृढ़ संकल्प दोहराते हैं। उन्होंने कहा अपने स्वतंत्र बहुमत को खोने और जदयू, टीडीपी जैसी पार्टियों, जिन्होंने कई बार भाजपा से अलग रास्ता भी अपनाया है। भाकपा माले अंचल सचिव कॉमरेड सुरेन्द्र चौधरी ने कहा लोकतंत्र और शैक्षणिक आजादी पर नए सिरे से हमले हो रहे हैं ताकि असहमति और बहस की गुंजाइश को खत्म किया जा सके। माले नेता सह मुखिया महासंघ के अध्यक्ष नवीन कुमार ने कहा भारत के उपनिवेशवाद विरोधी व सामंतवाद विरोधी जन-संघर्षो की क्रांतिकारी विरासत का वारिस होने के नाते आज क्रांतिकारी कम्युनिस्टों को लोकतंत्र और सामाजिक न्याय के फासीवाद-विरोधी जनउभार में सबसे मजबूत ताकत बनकर उभरना होगा।



## मांझी व एकमा में सबसे मजबूत स्थिति में कांग्रेस नेता व कार्यकर्ताः नरेन्द्र प्रताप मिश्र



नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**एकमा (सारण)।** मंगलवार को एकमा स्थित एक विवाह भवन में प्रखंड कांग्रेस कमेटी के तत्वावधान में डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती पखवाड़ा सह विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता एकमा प्रखंड कांग्रेस अध्यक्ष अमावस मांझी ने की। जबकि मंच संचालन प्रो. अवध बिहारी मिश्रा ने किया। अतिथियों का स्वागत व स्वागत भाषण मांझी प्रखंड अध्यक्ष सत्येंद्र महतो ने दिया। विचार गोष्ठी को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि वरिष्ठ कांग्रेस नेता नरेंद्र प्रताप मिश्र ने कहा कि एकमा व मांझी विधानसभा क्षेत्र में कांग्रेस नेता व कार्यकर्ता मजबूत स्थिति में हैं। उन्होंने कहा कि अब समय आ गया है कि अभियान चलाकर गांव-गांव में समर्पित कार्यकताओं को उचित सम्मान दिया जाए। साथ ही उन्होंने मांग की कि बिहार में सीटों के बंटवारे के दौरान कांग्रेस को एकमा, मांझी सहित अन्य क्षेत्रों में उपयुक्त सीटें दी जाएं। उन्होंने स्पष्ट किया कि यदि संतोषजनक सीटों का बंटवारा नहीं हुआ, तो कांग्रेस को बिहार की सभी सीटों पर फ्रेंडली मुकाबले के तहत चुनाव लड़ने पर विचार करना चाहिए। विशिष्ट अतिथि कांग्रेस जिलाध्यक्ष बच्चू प्रसाद वीरू ने कहा कि कांग्रेस, राष्ट्रीय पार्टी होने के बावजूद महागठबंधन में सम्मानजनक स्थान नहीं पा रही है। उन्होंने कहा कि भाजपा को रोकने के प्रयास के बावजूद सीटों की बलि कांग्रेस को चढ़ानी पड़ रही है। उन्होंने कहा कि यदि सम्मानजनक सीटों का बंटवारा नहीं होता है, तो कांग्रेस को स्वतंत्र रूप से चुनाव लड़ने की दिशा में कदम बढ़ाना चाहिए।

# सदर अस्पताल के नवनिर्मित भवन में जल्द चालू होगी लिफ्ट सुविधा

## निरीक्षण क्रम में जिलाधिकारी ने सिविल सर्जन को दिए कई निर्देश

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**औरंगाबाद।** औरंगाबाद सदर अस्पताल का जिलाधिकारी श्रीकांत शास्त्री ने मंगलवार को औचक निरीक्षण किया। जिलाधिकारी द्वारा सर्वप्रथम मॉडल अस्पताल में बने ओपीडी कक्ष का निरीक्षण किया गया। जहां आंख बाह्य, दंत बाह्य विभाग एवं अन्य सभी वार्ड का सुचारू रूप से संचालित पाया गया। निरीक्षण के क्रम में पाया गया कि मॉडल अस्पताल का उद्घाटन किए डेढ़ महीना से अत्यधिक होने के बावजूद अभी तक वहां लिफ्ट चालू नहीं है। इस पर जिलाधिकारी ने नाराजगी व्यक्त करते हुए सिविल सर्जन को जल्द लिफ्ट चालू करवाने का निर्देश दिया। महिला ओपीडी में निरीक्षण के दौरान चिकित्सक अश्वनी सिंह अनुपस्थित पाए गए। इस संबंध में सिविल सर्जन को स्पष्टीकरण करने का निर्देश दिया गया। प्रयोगशाला का निरीक्षण के दौरान दो लैब टेक्नीशियन कार्य कर रहे थे। कार्य की अधिकता देखते हुए रोस्टर के अनुसार एक अतिरिक्त लैब टेक्नीशियन की ड्यूटी लगाने का निर्देश उपाधीक्षक को दिया गया। लेबर वार्ड निरीक्षण के क्रम में पाया गया कि अभी तक मात्र चार सिजेरियन ऑपरेशन ही हुआ है। इस पर जिला पदाधिकारी द्वारा गहरी नाराजगी व्यक्त करते हुए अस्पताल प्रबंधक को निर्देश दिया गया कि अस्पताल परिसर में जगह-जगह पर बैनर लगाए कि यहां निःशुल्क सिजेरियन ऑपरेशन होता है। इसके अतिरिक्त जिलाधिकारी द्वारा सभी वार्ड यथा एसएनसीयू, चाइल्ड वार्ड, समान्य वार्ड, इमरजेंसी वार्ड, आइसीयू में सभी मरीजों का फीडबैक लिया गया एवं मरीजों को दी जा रही सुविधाएं यथा साफ-सफाई, जांच, दवा, इत्यादि की जानकारी ली गई। मौके पर सिविल सर्जन विनोद सिंह, डीएस सुरेंद्र सिंह, डीपीएम स्वास्थ्य अनवर आलम, अस्पताल प्रबंधन के साथ-साथ स्वास्थ्य विभाग के अन्य अधिकारी एवं चिकित्सक मौजूद रहे।

# सड़क दुर्घटना में अधेड़ घायल




**औरंगाबाद (नबिटा ब्यूरो)।** ओबरा थाना क्षेत्र के देवकली गांव स्थित पेट्रोल पंप के समीप ऑटो की चपेट में आने से एक साइकिल सवार अधेड़ घायल हो गया। घायल की पहचान थाना क्षेत्र के ही नोआंव गांव निवासी रामाधीर यादव के रूप में हुई है। सदर अस्पताल में इलाज के दौरान घायल रामाधीर ने बताया कि वह अपने घर से साइकिल पर सवार होकर किसी काम से बाहर गया हुआ था। वापस घर लौटने के दौरान देवकली पेट्रोल पंप के समीप अनियंत्रित ऑटो ने टक्कर मार दिया, जिससे वह घायल हो गया। घटना के बाद परिजनों ने उसे इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ओबरा पहुंचाया, जहां से चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर स्थिति में सदर अस्पताल रेफर कर दिया।

# नए कलेवर में दिखेगा पीएम श्री अनुग्रह विद्यालय

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**औरंगाबाद।** जिला मुख्यालय स्थित पीएम श्री अनुग्रह मध्य विद्यालय को गुणवत्ता की दृष्टि से और बेहतर बनाने हेतु डीईओ सुरेंद्र कुमार ने स्कूल के प्राचार्य उदय कुमार सिंह एवं अन्य शिक्षकों के साथ मैराथन बैठक किए। विद्यालय में आनेवाले कई नवाचारों को क्रियान्वित करने की सहमति बनी। सामुदायिक भागीदारी बढ़ाने का भी निर्णय लिया गया है। प्राचार्य उदय कुमार सिंह ने बताया कि पिछले वर्ष अनुग्रह मध्य विद्यालय को उसके उत्तरोत्तर विकास के मानकों पर उत्कृष्ट रहने के कारण पीएम श्री स्कूल बनाया गया। विद्यालय में आज एक बेहतरीन पुस्तकालय, एक आकर्षक रीडिंग रूम, सभी कक्षों में बेंच डेस्क एवं पंखे, सबमर्सिबल मोटर, ड्रिंकिंग वाटर पोस्ट, स्मार्ट लर्निंग सेंटर, खेलने कूदने की सामग्रियां, स्मार्ट बोर्ड आदि उपलब्ध है। वीसी नोड की व्यवस्था के साथ ही बाल संसद, मीना मंच एवं इको क्लब भी क्रियाशील है। छात्र छात्राओं के नामांकन में भी काफी इजाफा हुआ है। डीईओ ने कहा कि प्राचार्य उदय कुमार सिंह के कुशल नेतृत्व में विद्यालय तेजी से प्रगति किया कर रहा है। बच्चे पूर्णतः यूनिफॉर्म में आते है और जिला स्तरीय एवं राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं में भाग लेते हैं। आनेवाले समय में विद्यालय को और भी कई मानकों पर आकर्षित बनाया जाएगा एवं जिले के सभी विद्यालयों के बीच आपस में बेहतर करने का स्वस्थ प्रतिस्पर्धा भी सुनिश्चित कराई जाएगी। डीईओ ने विद्यालय के शिक्षकों को कहा कि उनके कार्यबल के संख्या के अनुसार एक बार में दो से अधिक अवकाश बिल्कुल न लें। अध्यापन कार्य को एफएलएन एवं टीएलएम की मदद से रुचिकर बनाएं। बच्चों की उपस्थित हर हाल में अस्सी प्रतिशत से अधिक रखने का प्रयास करें। विद्यालय में गर्मी के दिनों में पीने के पानी की समुचित व्यवस्था होने पर संतोष प्रकट किया। डीईओ ने सभी कक्षों में जाकर बच्चों से वार्ता किए एवं पढ़ाई के साथ ही बढ़ते गर्मी के आलोक में सरकार द्वारा जारी विज्ञापनों में लू से बचने के सुझावों का कड़ाई से पालन करने को कहा।

# दो बाइकों की आमने- सामने की टक्कर में व्यवसायी की मौत

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** दो बाईकों की आमने-सामने की टक्कर में तीन लोग जख्मी हो गए जिसमें इलाज के दौरान बाइक सवार एक व्यवसायी की मौत हो गई। घटना ओबरा थाना क्षेत्र के शंकरपुर सब्जी मंडी के समीप की है। मृतक की पहचान औरंगाबाद शहर के टिकरी रोड अंतर्गत आजाद नगर निवासी अफरोज आलम के रूप मे हुई है। जानकारी के मुताबिक मृतक ओबरा में मुर्गियों के दाना दुकान चलाते थे। सुबह दुकान खोलने जा रहे थे तभी उस जगह विपरीत दिशा (दाउदनगर) से आ रही एक बाइक ने जोरदार टक्कर मार दी इसमें अफरोज आलम एवं बाइक सवार दो अन्य लोग घायल हो गए। घटना की सूचना मिलते ही सड़क दुर्घटना रोकथाम समिति के सदस्य मुकेश कुमार, पुष्कर अग्रवाल एवं अन्य सदस्य पहुंचे और जख्मियों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ओबरा पहुंचाया, जहां इलाज के दौरान अफरोज की मौत हो गई। वहीं दो अन्य जख्मी इलाजरत हैं। चिकित्सकों के मुताबिक दोनों खतरे से बाहर हैं। थानाध्यक्ष नीतीश कुमार ने बताया कि शव का पोटमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया गया। घटना में दोनों बाइक पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई है। मामले में अग्रिम कार्रवाई की जा रही है।

# पटना के वरिष्ठ अधिवक्ताओं की टीम ने मंडल कारा में जाना कैदियों का हाल, दिया उचित परामर्श

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**औरंगाबाद।** सर्वोच्च न्यायालय के निर्देश के आलोक में उच्च न्यायालय विधिक सेवा समिति, पटना के वरिष्ठ अधिवक्ताओं की टीम के द्वारा मंडल कारा औरंगाबाद का दौरा करते हुए विभिन्न बिंदुओं पर पर डाटा तैयार करते हुए उन्हें विधिक सहायता प्रदान किया गया है। इस टीम में राजेश कुमार-1, अमित कुमार झा, पियुश कुमार पाण्डेय, मुस्कान सिंह, राजेश कुमार जिन्हें उच्च न्यायालय विधिक सेवा समिति द्वारा नामांकित है, शामिल थे। टीम द्वारा ऐसे दोषी जिनकी दोषसिद्धि को उच्च न्यायालय द्वारा बरकरार रखा गया है, साथ ही ऐसे दोषी जिनकी दोष मुक्ति को उलट दिया गया है तथा उन्हें उच्च न्यायालय द्वारा दोषी ठहराया गया है एवं ऐसे दोषी जिनके आवेदन धारा 436ए सीआरपीसी जिसे भारतीय न्याय संहिता के तहत धारा 479 किया गया है। उच्च न्यायालय द्वारा खारिज कर दिये गये हैं तथा ऐसे दोषी जिनकी छूट एवं शीघ्र रिहाई राज्य सजा समीक्षा बोर्ड तथा उच्च न्यायालय द्वारा खारिज कर दी गयी है। ऐसे मामलों को इस टीम द्वारा चिन्हित किया गया। टीम के प्रत्येक सदस्यों द्वारा जेल का भ्रमण करते हुए प्रत्येक वार्ड के कैदियों से पूछताछ करते हुए उन्हें प्रदान की जा रही विधिक सहायता एवं सेवाऐं की जानकारी प्राप्त किया गया। टीम के सदस्यों द्वारा सजायाफ्ता कैदियों से संपर्क करते हुए यह भरोसा दिया गया कि आपके वाद में विधिक सहायता एवं सेवाऐं की आवश्यकता हो तो उसे जिला न्यायालय से सर्वोच्च न्यायालय तक निःशुल्क और गुणवत्तापूर्ण तथा प्रभावी विधिक सेवाऐं प्रदान की जायेगी साथ ही साथ कारा में संसीमित कैदियों को उनके अधिकार के बारे में भी टीम के सदस्यों द्वारा अवगत कराया गया।

# शत-प्रतिशत सीएमआर की आपूर्ति कराने का निर्देश

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** समाहरणालय के सभा कक्ष में जिला अंतर्गत खरीफ विपणन मौसम वर्ष 2024-25 में धान अधिप्राप्ति से संबंधित टास्क फोर्स की बैठक जिलाधिकारी श्रीकांत शास्त्री की अध्यक्षता में आहुत की गई। जिला सहकारिता पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि औरंगाबाद जिलान्तर्गत विभिन्न समितियों (पैक्स एवं व्यापार मंडलों) द्वारा कुल 237346.223 एम0टी0 धान का क्रय किया गया है जिसका समतुल्य एम0टी0 सी0एम0आर0 राज्य खाद्य निगम को आपूर्ति किया जाना है। दिनांक 22.04.2025 तक 76829.568 एम0टी0 सी0एम0आर0 राज्य खाद्य निगम को आपूर्ति किया गया है।

# मॉर्निंग शिफ्ट में चलेंगी अदालतें

## गर्मी को देखते हुए जिला जज ने जारी किये आदेश

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** गर्मी और उमस से लोगों को राहत देने के लिए व्यवहार न्यायालय औरंगाबाद तथा अनुमंडलीय न्यायालय दाउदनगर में कोर्ट की कार्यवाही अब सुबह के समय चलेगी। यह व्यवस्था 28 अप्रैल से लागू होगी और 28 जून 2025 तक प्रभावी रहेगी। न्यायालय की कार्यवाही प्रतिदिन सुबह 7 बजे से शुरू होकर दोपहर 12:30 बजे तक चलेगी, जबकि न्यायालय कार्यालय का समय दोपहर 1 बजे तक रहेगा। यह निर्णय व्यवहार न्यायालय औरंगाबाद के प्रधान जिला न्यायाधीश राजकुमार द्वारा लिया गया है। उन्होंने यह फैसला जिला विधिज्ञ संघ औरंगाबाद के अध्यक्ष विजय कुमार पाण्डेय, महासचिव जगनारायण सिंह, अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष संजय सिंह, महासचिव सिद्धेश्वर विद्यार्थी तथा अनुमंडलीय विधिक संघ के अनुरोध पत्र को स्वीकारते हुए किया है। विदित हो कि इन दिनों लगातार तापमान में वृद्धि हो रही है, जिससे अधिवक्ता, मुवक्किल, गवाह एवं अधिवक्ता लिपिकों को काफी शारीरिक परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इसी को देखते हुए यह निर्णय लिया गया है, जिससे न्यायिक प्रक्रिया भी बाधित न हो और लोगों को गर्मी से राहत भी मिले। गौरतलब है कि औरंगाबाद में इन दिनों तापमान 40 डिग्री सेल्सियस के पार जा चुका है और लू का असर भी बढ़ता जा रहा है। ऐसे में न्यायालय का यह कदम स्वागत योग्य माना जा रहा है।

# डिजिटल प्लेटफार्म से मिलेंगी कई सुविधाएं, हर हाल में कराएं पंजीयन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** बिहार सरकार ने राज्य के प्रतिभाशाली कलाकारों को पहचान दिलाने और उन्हें बढ़ावा देने के लिए डिजिटल प्लेटफॉर्म मुहैया कराकर एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है। कला, संस्कृति एवं युवा विभाग द्वारा विकसित 'बिहार कलाकार पंजीकरण पोर्टल' का शुभारंभ 15 अप्रैल को विभाग के मंत्री मोतीलाल प्रसाद ने किया था। जिला कला एवं संस्कृति पदाधिकारी कुमार पप्पु राज ने कलाकार पंजीयन से संबंधित विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि सर्वप्रथम कलाकार को अपने फोन से या कंप्यूटर से विभाग के वेबसाइट पर जाकर पंजीयन ऑप्शन पर क्लिक कर कुल 6 चरणों बुनियादी जानकारी, कलाकार जानकारी, कला जानकारी, अनुभव, बैंक विवरण, संलग्नक को स्टेप बाई स्टेप भरते हुए आवश्यक दस्तावेज अपलोड करते हुए पूर्ण करना है उसके बाद कलाकार को एक यूनिक नंबर यानी एक पंजीयन संख्या जारी किया जाएगा। कला संस्कृति एवं युवा विभाग के द्वारा आयोजित किसी भी कार्यक्रम में भाग लेने के लिए कलाकारों को यही पंजीयन संख्या उपयोग किया जाएगा। साथ हीं कला संस्कृति एवं युवा विभाग के द्वारा संचालित अन्य योजनाएं जैसे कलाकार कल्याण कोष, सांस्कृतिक संस्थानों को कार्यक्रम हेतु अनुदान, महोत्सव, मेला, शुक्र गुलज़ार, शनि बहार इत्यादि का लाभ लेने के लिए कलाकारों को पंजीयन संख्या अनिवार्य होगा।

# उत्पाद विभाग की टीम पर हमला, चालक की हालत गंभीर

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** बिहार के औरंगाबाद में शराब को लेकर छापेमारी करने गई उत्पाद विभाग की टीम पर हमले की खबर सामने आ रही है। दअरसल देव प्रखंड क्षेत्र के केताकी नहर रोड पर उत्पाद विभाग की टीम पर कारोबारी ने हमला कर दिया जिसमें वाहन चालक राजेश कुमार गंभीर रूप से जख्मी हो गया। प्राथमिक इलाज के बाद उसे बेहतर इलाज के लिए रेफर कर दिया। जानकारी के अनुसार आज उत्पाद विभाग की टीम को सूचना मिली कि एक बाइक सवार शराब लेकर जा रहा है। इसके बाद सब इंस्पेक्टर रमज जमा के नेतृत्व में उस जगह वाहन जांच शुरू की गई। इस दौरान संदिग्ध एक बाइक सवार को रुकने का इशारा किया गया, तो उसने अचानक बाइक की रफ्तार बढ़ा दी और उत्पाद विभाग के चालक को टक्कर मार दी। इस टक्कर में राजेश गंभीर रूप से घायल हो गए। इसके बाद घायल अवस्था में चालक को सदर अस्पताल लाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए रेफर कर दिया गया। चालक की हालत गंभीर बताई जा रही है। इधर, घटना के तुरंत बाद टीम ने बाइक सवार तस्कर को पीछा कर पकड़ लिया। तलाशी के क्रम में शराब बरामद की गई है। उसकी बाइक भी जब्त कर लिया गया है। आरोपित से पूछताछ जारी है और आगे की कार्रवाई की जा रही है। उत्पाद अधीक्षक अनिल आजाद ने कहा कि मामले में कड़ी कार्रवाई की जाएगी। गौरतलब हो कि बिहार में शराबबंदी कानून लागू होने के बाद कई बार छापेमारी के दौरान पुलिस और शराब से जुड़े लोगों के बीच टकराव की घटनाएं सामने आई हैं। जिले में पहले भी इस तरह की घटनाएं समाने आई है।

# स्टेट बैंक की सीएसपी शाखा का हुआ उद्घाटन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**ओबरा (औरंगाबाद)।** प्रखंड के खुदवा पंचायत के मलवा गांव में भारतीय स्टेट बैंक के ग्रामीण सेवा केंद्र का उद्घाटन किया गया। मौके पर सीएसपी शाखा के संचालक रौशन कुमार की अध्यक्षता में बैंक का उद्घाटन कुशल युवा के निदेशक राजेश कुमार सिन्हा ने फीता काट कर किया। इस मौके पर निदेशक ने कहा कि अब इस बैंक से जुड़े और लाभ उठाए। उन्होंने राज्य सरकार को बधाई दिया और कहा कि इस तरह का सीएसपी सेंटर अन्य जगहों पर भी खोला गया है। उन्होंने उपस्थित ग्राहकों से कहा कि आप सभी इस बैंक में खाता खोले और लाभ उठाएं। इस बैंक से अन्य बैंकों की ही तरह लाभ मिलेगा, परंतु ग्रामीण क्षेत्र मे रहने के कारण इसकी जमा निकासी राशि का शर्त के अनुकूल निकाल सकेंगे। बैंक संचालक रौशन कुमार ने भी सभी उपस्थित लोगो को बैंकों से जुड़ने का आहवान किया। इस मौके पर डॉक्टर जेपी वर्मा, शिक्षक उपेंद्र प्रसाद, पिंटू कुमार, अमेंद्र कुमार, सरोज वर्मा, प्रवीण कुमार वर्मा, छोटू कुमार, रमेश राम, अंबिका प्रसाद समेत अन्य लोग उपस्थित थे।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा भास्कर प्रिंटिंग प्रेस (डी.बी.कॉर्प.लि.), उड़ान टोला, दानापुर कैंट, शिवाला रोड, खगौल, शाहपुर, पटना (बिहार) से मुद्रित एवं सत्येन्द्र नगर, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित।

**संपादक - कमल किशोर**
नवबिहार टाइम्स (दैनिक)
सत्येन्द्र नगर औरंगाबाद (बिहार)
पिन - 824101
मो.-9431223574,9572550076
व्हाटसप नं.-7295863300
ई-मेलः nbtimesbihar@gmail.com
Web : www.navbihartime.com

**झारखंड कार्यालय**
31, कॉपरेटिव कॉलोनी.
बोकारो स्टील सिटी, बोकारो
मो.- 9431145865

**दिल्ली प्रतिनिधि**
मो.- 09818366269

# रेलवे ट्रैक से महिला का शव बरामद

**औरंगाबाद (नबिटा ब्यूरो)।** जम्होर पुलिस ने 40 वर्षीया एक अज्ञात महिला का शव बरामद किया है। दरअसल मामला थाना क्षेत्र के शंकरपुर रेलवे गुमटी के समीप की है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। पुलिस के अनुसार प्रथम दृष्टया यह मामला ट्रेन से कटने का प्रतीत हो रहा है। लेकिन पुलिस हर पहलुओं पर जांच कर रही है। शव की पहचान के लिए आसपास के थाना क्षेत्रों में सूचना भेजी गई है। बताया जाता है कि आसपास के राहगीरों ने सुबह रेलवे ट्रैक पर शव देखकर उन लोगों ने स्थानीय पुलिस को सूचित किया। प्रभारी थानाध्यक्ष वीरेंद्र राम ने बताया कि रेलवे ट्रैक से एक अज्ञात महिला का शव बरामद किया गया है। शव की शिनाख्त नहीं हो पायी है। आसपास के क्षेत्र के लोगों ने शव की पहचान करने से इंकार कर दिया है। पोस्टमार्टम के बाद शव को शिनाख्त के लिए 72 घंटे तक थाना परिसर में सुरक्षित रखा जायेगा और आसपास के थाना क्षेत्र में सूचना देकर शिनाख्त का प्रयास किया जायेगा। उसके बाद भी अगर शव की शिनाख्त नहीं हो पायी, तो पुलिस प्रशासन की देख-रेख में शव का अंतिम संस्कार कर दिया जायेगा।

# चलती ट्रेन से गिरी युवती, हालत नाजुक

**औरंगाबाद (नबिटा ब्यूरो)।** चलती ट्रेन से गिरकर एक युवती गंभीर रूप से घायल हो गयी। घटना औरंगाबाद जिले के फेसर रेलवे स्टेशन से दो किलोमीटर दूर 27 नंबर फाटक के समीप की है। घायल युवती की पहचान गया जिले के फतेहपुर थाना क्षेत्र के करियातपुर गांव निवासी मंगल मांझी की 18 वर्षीया बेटी रीना कुमारी के रूप में हुई है। मामले की सूचना आरपीएफ की टीम को दी गई जिसके आलोक में पहुंची आरपीएफ की टीम घायल युवती को इलाज के लिए सदर अस्पताल पहुंचाया, जहां उसका चिकित्सकों द्वारा इलाज किया जा रहा है। इस घटना में युवती को सिर व शरीर के कई जगहों पर गंभीर चोट लगने के कारण स्थिति गंभीर बताई जा रही है। ट्रेन में युवती के साथ उसका चचेरा भाई प्रदीप मांझी तथा सगा भाई सोनू भी था। ट्रेन से बहन को गिरते देख दोनों ने चेन पुलिंग कर ट्रेन को रुकवाया।


